# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-11-2022

# बहरामपुर के पास तीन दिन पहले डूबे युवक की लाश मिली

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के जंगल नन्दलाल सिंह गाँव के पास कटनिया पुल के नीचे बुधवार को नहाते समय रिस्तेदारी में आया युवक डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानिय गोताखोरों व एसडीआरएफ की मदद से डूबे हुए युवक को बरामद की है। **चिलुआताल प्रतिनिधि** के मुताबिक तिवारीपुर के बहरामपुर निवासी चनई (30) पुत्र स्व नैन खोराबार क्षेत्र के जंगल नन्दलाल सिंह निवासी अनिरुद्ध पुत्र स्व रामकरन के वहाँ रिस्तेदारी में आया था बुद्रवार को लगभग 1230 बजे गाँव के बगल में स्थित कटनिया पुल के नीचे नहाने चला गया जहां नहाते समय डूब गया सूचना पर पहुंची। चिलुआताल पुलिस एसडी आरएफ की मदद से ढूढ़ने का प्रयास कर रही थी जिसका शव शुक्रवार को भोर में बहराम्पुर गाँव के पास रोहिन से बरामद हुआ है सूचना पर पहुची चिलुआताल पुलिस शव कब्जे में लेकर बिधिक कार्यवाही कर रही है।

# फेसबुक पर असलहा दिखाने वाले पर केस

**हरपुर बुदहट(एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव के मनबढ़ युवक को फेसबुक एकाउंट पर असलाहा दिखती फोटो वायरल करना मंहगा पड़ गया। गांव के ही एक महिला ने उसकी मनबढ़ई की शिकायत प्रार्थना पत्र एसएसपी को दिया। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए हरपुर बुदहट पुलिस को मनबढ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।पुलिस मुकदमा दर्ज कर मनबढ़ की तलाश में जुट गई है।हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद गांव के एक व्यक्ति असलहे का फोटो फेसबुक पर अपलोड किया गया है। इसके बाद गांव की ही एक महिला ने एसएसपी से शिकायत कर दी। एसएसपी के आदेश पर हरपुर - बुदहट पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। जलालाबाद गांव की रहने वाली संगीता मिश्रा ने एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया की जलालाबाद गांव का विनय मिश्र पुत्र पुरुषोत्तम मिश्र आए दिन गांव में असलहा का प्रदर्शन करते रहता है, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। मनबढ़ गांव में दबदबा कायम करने के लिए अपने फेसबुक एकाउंट पर अवैध असलहे को बोल्ट करते हुए फोटो पोस्ट किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच की जा रही है।

# करंट लगने से प्लंबर की मौके पर मौत

**कैंपियरगंज (एसएनबी)।** कैंपियरगंज इलाके में मझगांवा में नल में बिजली का मोटर से करंट उतरने से प्लंबर की मौत हो गयी। कैंपियरगंज के मझगांवा निवासी राम बहाल पुत्र राम लखन हरिजन उम्र करीब 45 वर्ष जो प्लंबर का कार्य करते थे। शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे हरिशंकर पाल पुत्र स्वर्गीय हरिनाथ पाल निवासी ग्राम छितही खुर्द थाना कैंपियरगंज के घर नल बना रहे थे जिससे मोटर लगा हुआ था। नल में विद्युत प्रवाहित होने के कारण उसके चपेट में आने से राम बहाल पुत्र राम लखन की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# पशुओ के हमले में बुजुर्ग की मौत

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा केवला डाबर निवासी छेदी लाल पुत्र बिल्लर हरिजन उम्र करीब (50) वर्ष गुरुवार की रात दस बजे घर के बगल खेत में शौच करने जा रहे थे। खेत में पहले से घूम रहे आवारा पशुओं ने अचानक उनको उपर हमला कर दिया। पशुओं के हमले से छेदी लाल बुरी तरह जख्मी हो कर मौके पर दम तोड़ दिया। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पशुओं के इस हमले से पूरे इलाके के लोग सहमे हुए हैं।

# दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगे सीएम

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को



गोरखपुर आएंगे। मुख्यमंत्री पूर्वाह्न 11 बजे बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक व चिकित्सा शिक्षा व चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मौजूद रहेंगे। अपराह्न एक बजे मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर लौटेंगे। शाम चार बजे वह एनेक्सी भवन में व्यापारियों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर आएंगे और वहीं रात्रि प्रवास करेंगे।

# हत्या के जुर्म में पांच को उम्र कैद

**गोरखपुर(एसएनबी)।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने गगहा थाना क्षेत्र के सोहगौरा निवासी अभियुक्त कुटान उर्फ दिलीप तिवारी, राजा तिवारी उर्फ राजबहादुर,आशुतोष उर्फ लहरी,संजय तिवारी व लवलू उर्फ ब्रम्हानंद मिश्र को आजीवन कारावास एवं जुमनि से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी अविनाश तिवारी गगहा थाना क्षेत्र के सोहगौरा का निवासी है। वादी की माता ग्राम प्रधान है। इसलिए ग्राम पंचायत में जो भी सरकारी कार्य होता था उसकी देख रेख वादी के पिता दिनेश राम तिवारी करते थे। 13 मार्च 2013 की सुबह करीब 8 बजे वादी के पिता दिनेश राम तिवारी घर से निकल कर केशव बनिया के घर के पास नाली का निर्माण कार्य देखते गए थे। वादी के पिता केशव बनिया के घर के पास जैसे ही पहुंचे। वहां पहले से अभियुक्तगण अपने अपने हाथ में असलहा लेकर खड़े थे। वादी के पिता को देखते ही अभियुक्त कुटान उन्हें गाली देते हुए जान से मारने के लिए ललकारा।जिसपर सभी अभियुक्त एक राय होकर पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर वादी के पिता को पकड़ लिए और अभियुक्त लालबहादुर उर्फ लाल बाबू ने वादी के पिता के पेट में और अभियुक्त लवलू मिश्रा ने वादी के पिता के सिर में गोली मार दी। जिससे वादी के पिता की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# दस माह में 359 अभियुक्तों की हुई सजा

गोरखपुर (एसएनबी)। पैरवी कर कोर्ट से सजा दिलाने वाले अभियोजन वीरों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। एक जनवरी से एक जनवरी 2022 से 31 अक्तूबर 2022 तक 359 लोगों को गोरखपुर पुलिस और अभियोजन वीरों के प्रयास से सजा हुई है। इसमें 111 लोगों को आजीवन कारावास की सजा हुई।



एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में अभियोजन वीरों को सम्मानित कर उपस्थित मण्डलायुक्त रवि कुमार एनजी,एडीजी अखिल कुमार,डीआईजी जे,रविन्द्र गौड़,एसएसपी गौरव ग्रोवर,जीडीसी यशपाल सिंह व अन्य।

एनेक्सी भवन में आयोजित समारोह में एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार, कमिश्नर रवि कुमार एनजी, डीआईजी जे. रविंद्र गौड़, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर की मौजूदगी में सभी को सम्मानित किया गया। एसएसपी डा. गौरव ने स्वागत करते हुए कहा कि 2018 में मानीटरिंग सेल को एक्टिव किया गया था। सजा दिलाने में यूपी के कई जिलों से गोरखपुर जिला आगे है।

संचालन कर रहे एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मानीटरिंग सेल को पूरी तरह से एक्टिव करने में एडीजी अखिल कुमार, डीआईजी जे रविंद्र और एसएसपी डा .गौरव ग्रोवर की भूमिका अहम है। सभी के संयुक्त प्रयास की देन है कि आज गोरखपुर अन्य जिलों से आगे निकला है। उन्होंने कहा कि लखनऊ वाराणसी, कानपुर मेरठ से भी आगे गोरखपुर सजा दिलाने में है। अन्य जिलों में 111 से बहुत कम आजीवन कारावास की सजा हुई है।

**गोरखपुर में हुई सजा का विवरण**

आजीवन कारावास- 111

20 वर्ष से अधिक की सजा-1

दस वर्ष की सजा- 48

सात वर्ष की सजा-44

सात वर्ष से कम की सजा-155

**इनको किया गया सम्मानित :** आरक्षी पैरोकार झंगहा अभिषेक कुमार, सहजनवां संतोष कुमार पासवान, बेलीपार राहुल कुमार वर्मा, कैंपियरगंज भरत मित्र भागी, पिपराइच आशीष कुमार पांडेय, गगहा मनीष कुमार यादव, कैंट अकील खान, शाहपुर अखिलेश कुमार कुशवाहा, डीजे कोर्ट धीरेंद्र सिंह यादव, पक्सो कोर्ट संख्या चार सुनील कुमार सिंह, पक्सो कोर्ट नंबर एक राजकुमार, गैंगस्टर कोर्ट पुनीता मौर्या, मनीटरिंग सेल चंद्रिका प्रसाद जैशल, उप निरीक्षक मानीटरिंग सेल रामलौट सिंह, अर्चना शर्मा, सुरेंद्र कुमार यादव, पंकज कुमार पांडेय, लक्ष्मी सिंह, संजय सिंह, एसपीओ राम ध्यान राम, डीजीसी फौजदारी यशपाल सिंह, एडीजीसी फौजदारी राम मिलन सिंह, एडीजीसी परमानंद राम त्रिपाठी, राघवेंद्र राम त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

**अभियोजन निदेशालय की प्रदेश में भूमिका :** प्रदेश में प्रभावी एवं निष्पक्ष अभियोजन की दृष्टि से एक स्वतंत्र अभियोजन निदेशालय की स्थापना वर्ष 1980 में की गई थी अभियोजन निदेशालय का मुख्य कार्य अभियोजन अधिकारियों के समस्त कार्यो का प्रभावी प्रशासनिक नियंत्रण क्यों पर्यवेक्षण रखना है। यह उत्तर प्रदेश शासन के गृह विभाग के अधीन होता है। प्रशासनिक सुविधा हेतु प्रदेश में इसे 12 परिक्षेत्रों में विभाजित किया गया है। अभियोजन अधिकारी लोक अभियोजक है और सत्र न्यायालय में अभियोजक कार्य हेतु अधित है सहायक अभियोजन अधिकारी मजिस्ट्रेट न्यायालय में अभियोजन कार्य संपादित करते हैं।

# डॉ. अभिषेक यादव की 50 करोड़ की संपत्ति जब्त

## कोतवाली इलाके के राज नर्सिंग होम को प्रशासन ने किया सीज

गोरखपुर(एसएनबी)। पुलिस ने आज दुर्गाबाड़ी के पास राज नर्सिंग होम को जालसाजी के आरोप में जब्त का कब्जे में ले लिया। साथ ही उसके संचालक डा. अभिषेक यादव , उनकी पत्नी डा. मनीषा यादव व बहन डा. पूनम यादव की सौ करोड़ से अधिक की सम्पत्ति भी जब्त कर उनके बैंक खातों के संचलन पर भी रोक लगा दिया।

सौ करोड़ से अधिक की संपत्ति पर दो दिन और चलेगी पुलिस प्रशासन की कार्रवाई

पैरामेडिकल कालेज के संचालक डा. अभिषेक यादव पर दर्ज हैं 19 मुकदमें

डा अभिषेक सहित पांच आरोपितों को पुलिस भेज चुकी है जेल

डा. अभिषेक पर गैंगस्टर एक्ट सहित उन्नीस मुकदमे दर्ज है। राज नर्सिंग कालेज एंड पैरामेडिकल कालेज के संचालक डा. अभिषेक यादव पर पूरे सिस्टम को गुमराह कर फर्जी कागजता के आधार पर 1200 से अधिक छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप है। आज 100 करोड़ से अधिक की कुल 9 संपत्तियां जब्त की गई हैं। जब्ती की कार्रवाई अभी दो दिन और चलेगी। गैंगस्टर डा. अभिषेक यादव पर 19 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। शुक्रवार कोतवाली इलाके के गैंगेज चौराहे के निकट राज नर्सिंग होम को भी प्रशासन ने जब्त कर लिया ।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के मुताबिक, कालेज संचालक ने बिना मान्यता के नर्सिंग कलेज चलाते हुए सीट से अधिक एडमिशन लेकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया था। तिवारीपुर पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम कृष्णा करुणेश ने आरोपियों की चिन्हित हुई भूमि, भवन, नर्सिंग कालेज को कुर्क करने का आदेश दिया था।



राज नर्सिंग होम की संपत्ति कुर्क करते पुलिस व प्रशासन के अधिकारी। फोटो : एसएनबी

**बैंक खाते के संचालन पर लगी रोक :** इनके अलग-अलग बैंकों में स्थित 15 से अधिक बैंक खातों के संचालन पर भी डीएम ने रोक लगा दी है। बिना मान्यता के नर्सिंग कालेज में छात्रों का प्रवेश लेकर जालसाजी करने के आरोपी डा.अभिषेक उसकी पत्नी समेत 5 आरोपी इस समय जेल में हैं।

**छात्रों ने किया था आंदोलन :** पिपराइच थाने के पादरी बाजार-पिपराइच मार्ग पर जंगल के निकट तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज के संचालक डा. अभिषेक यादव ने कूटरचित दस्तावेज के आधार पर शासन से मान्यता मिलने की जानकारी देकर नर्सिंग कालेज में छात्र-छात्राओं का प्रवेश ले लिया था। लगातार छात्रों के आंदोलन और फिर एक छात्र के आत्महत्या की कोशिश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू किया था।

**आठ जनवरी को दर्ज हुआ था केस :** शिकायत पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने 8 जनवरी 2022 को कोतवाली थाने में राज नर्सिंग कलेज के संचालक पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जालसाजी की जानकारी होने पर ठगी के शिकार छात्रों के स्वजन ने भी तहरीर दी थी।

**मेडिकल गिरोह चलाता था डा. अभिषेक :** कालेज पर ताला लगाने के साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ पिपराइच थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया । कोतवाली थाना पुलिस ने मामले की छानबीन की तो पता चला कि दुर्गाबाडी निवासी डा.अभिषेक यादव उसकी पत्नी डा. मनीषा यादव, शाहपुर के बशारतपुर में रहने वाली बहन डा. पूनम यादव, अपने साथी शक्तिनगर निवासी डा. सी प्रसाद उर्फ चौथी, बस्ती जिले के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा थानाक्षेत्र के करमहा निवासी श्यामनरायण मौर्य और मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी के साथ मिलकर 2015 से गिरोह चला रहे थे।

**दो दिन और चलेगी जब्ती की कार्रवाई :** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के आदेश पर कोतवाली थाना पुलिस ने 16 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना तिवारीपुर पुलिस कर रही है। एसपी सिटी ने बताया जब्ती की कार्रवाई अभी दो दिन चलेगी।

# बैठक में छाया रहा अनावश्यक चालान का मुद्दा

गोरखपुर (एसएनबी)। सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में शनिवार को एनेक्सी भवन में प्रस्तावित बैठक से पूर्व आरटीओ और उद्योग विभाग के जिम्मेदारों की मौजूदगी में उद्यमियों संग समस्याओं पर चर्चा हुई। जिला उद्योग केंद्र में शुक्रवार को हुई बैठक में ओवरलोडिंग के नाम पर किये जा रहे अनावश्यक चालान का मुद्दा लघु उद्योग भारती द्वारा प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ उद्योग विभाग के अधिकारियों की गैर मौजूदगी को लेकर उद्यमियों ने आपत्ति दर्ज की है।

लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष दीपक कारीवाल ने कहा कि लाइसेंस नहीं होने, तिरपाल नहीं लगाया जाना, सीटबेल्ट नहीं लगाने के नाम पर हजारों रुपये का चालान काटा जा रहा है। जिस पर विभाग के अधिकारियों ने कहा कि गलत चालान नहीं काटा जाएगा। बैठक में चेंबर आफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विष्णु अजीतसरिया, प्रवीण मोदी, मनोज अग्रवाल आदि ने भी अपनी बात रखी।

बैठक में एमएसएमई नीति 2022 व टेक्सटाइल पॉलिसी 2022 के विषय में भी जानकारी दी जानी थी। परन्तु उपायुक्त उद्योग व सहायक उपायुक्त उद्योग की गैर मौजूी के चलते चर्चा नहीं हो सकी। ओडीओपी के कंसलटेंट उदय मिश्रा ने उद्यमियों को आधी अधूरी जानकारी दी। लघु उद्योग भारती के सुधांशु टिबड़ेवाल, भोला जायसवाल व महेश रूंगटा ने बताया कि अधिकारियों की गैर मौजूदगी ठीक नहीं है।

## मंडलीय अधिवेशन कल

भारतीय मजदूर संघ के अनुषांगिक संगठन नेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ इन्श्योरेंस ऑफिसर्स का वार्षिक अधिवेशन रविवार को तारामण्डल रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडल कार्यालय में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ल होंगे। इस आशय की जानकारी नोइनो के मंडलीय महामंत्री डा. अरविंद कुमार शुक्ल ने दी।

# सीबीआई अफसर पर नहीं हुआ था जान से मारने की कोशिश

गोरखपुर (एसएनबी)। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को गिरफ्तार करने वाले सीबीआई के डिप्टी एसपी अफसर रूपेश श्रीवास्तव को गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके में ट्रक से कुचल कर जान से मारने की कोशिश नहीं की गई थी। पुलिस के मुताबिक, उनकी कार एक्सीडेंट महज एक हादसा था। यह बात पुलिस के विवेचना में खुलकर सामने आई है।

**पुलिस की विवेचना में सचाई आया सामने**

**पुलिस ने बंद कर दी फाइल, सीबीआई अफसर बोले- पुलिस ने मेरा बयान तक नहीं लिया**

पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस को हमले के कोई सबूत नहीं मिले हैं। वहीं, हादसे में आरोपी ट्रक चालक की मौत हो गई थी, इसलिए गुलरिहा पुलिस ने मुकदमे में एफआर यानी फाइनल रिपोर्ट लगाकर फाइल बंद कर दी है।

## पहले दिन से घटना को हादसा बता रही पुलिस

जबकि सीबीआई अफसर रूपेश श्रीवास्तव का कहना है, केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने उनका एक बार भी बयान दर्ज नहीं किया। ऐसे में बिना वादी के बयान के केस का निस्तारण कैसे हो सकता है भास्कर से फोन पर बातचीत में रुपेश श्रीवास्तव ने बताया, फाइनल रिपोर्ट लगने के बाद कोर्ट वादी से यह पूछता है कि उन्हें पुलिस की जांच स्वीकार्य है या नहीं ऐसे में अब आगे मैं अपना पक्ष कोर्ट में रखूंगा। वैसे भी गोरखपुर पुलिस पहले दिन ही इस घटना को हादसा बता रही है।

# गगहा में लावारिस वाइक बरामद

रवकहट। गगहा थाना क्षेत्र के भटौरा बागीचे में एक लावारिस वाइक दो दिन से पड़ी हुई थी शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने इसकी सुचना गगहा पुलिस को दी सुचना मिलते ही गगहा पुलिस मौके पर पहुंची और वाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने चली आयी ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन से वाइक बागीचे में पड़ी हुई थी उसके नं प्लेट पर नं स्पष्ट नहीं है। लोगों ने वाइक चोरी की होने की आशंका जताई है। गगहा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वाहन खड़ा करने को लेकर व्यापारियों को पीटा

**पीपीगंज।** नगर पंचायत पीपीगंज के चौराहे पर वाहन खडा करने के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने दो व्यापारियों को पीटकर घायल कर दिया। बृस्पतिवार की रात 11बजे पीपीगँज चौराहे पर रेलवे स्टेशन के सामने श्रवण गुप्ता चार पहिया वाहन खडा करके अपने दुकान पर जा रहा था। इसी बीच श्रवण के दुकान के पास वाहन खड़ा करने को लेकर नगर के ऋषिराज सद्दाम सुरज तथा दो अन्य युवक से विवाद हो गया। दोनों पक्षों के मारपीट में व्यापारी संदीप व श्रवण घायल हो गये । उन्हें काफी चोटें आई है। इस मामले सँदीप ने उक्त आरोपीयो के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। इस मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही में जुटी है।

# हमला करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

चिलुआताल (एसएनबी)। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर प्राणघातक हमला कर मारपीट के मामले में घायल किशोरी की माँ के तहरीर पर पुलिस धारा 452 , 323 , 50 4 , 506,308 आईपीसी के तहत मुकदमा कायम कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घायल किशोरी तन्नू की मां माया देवी पत्नी धर्मेन्द्र कुमार निवासीनी मिर्जापुर थाना चिलुआताल ने लिखित तहरीर देकर चिलुआताल पुलिस को बताई कि पुरानी रंजिश को लेकर गाँव के ही लालू निषाद पुत्र रामअचल निवासी मिर्जापुर द्वारा गाली गुप्ता देते हुये घर में घुस कर मारे पीटे जिससे उसका शर फट गया पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर आरोपी लालू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सीबीआई अधिकारी की नहीं हुई थी मर्डर की कोशिश

**ट्रक चालक की मौत होने पर पुलिस ने मुकदमे में लगाई एफआर**

i FOLLOW UP




gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 Nov):** सीबीआइ (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) के डिप्टी एसपी रुपेश श्रीवास्तव को जान से मारने की कोशिश नहीं हुई थी. गुलरिहा क्षेत्र में हुए हादसे में उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई थी. गाड़ी में पीछे से टक्कर मारने वाले चालक की मृत्यु होने की वजह से पुलिस ने मुकदमें में एफआर (अंतिम रिपोर्ट) लगा दिया है. मूल रूप से महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां थानाक्षेत्र के पिपरालाला गांव के रहने रुपेश श्रीवास्तव वाले हैं. सीबीआइ की दिल्ली ब्रांच में वह डिप्टी एसपी के पद पर तैनात हैं. 11 अगस्त को वह दिल्ली से एक दिन की छुट्टी पर रुपेश घर आए थे. 12 अगस्त की रात आठ बजे वह अपने निजी वाहन से चालक के साथ गांव से गोरखपुर आ रहे थे. गुलरिहा क्षेत्र में बरगदही के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कार्पियों गाड़ी में टक्कर मार दी, जिसमें एक हिस्सा पूरी तरह टूट गया. हादसे के बाद तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे रखी गिट्टी पर चढ़कर पलट गया. जिसमें ट्रक चालक कुशीनगर जिले के कुसरौली निवासी 28 वर्षीय बदन कुमार की मौत हो गई थी. जबकि ट्रक में सवार अन्य लोग फरार हो गए थे.

## डिप्टी एसपी ने जताई थी साजिश की आशंका

सीबीआइ अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव ने जिले के पुलिस अधिकारियों को बताया था कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के चारा घोटाला और रेलवे भर्ती घोटाला, कांग्रेस नेता पी चिदंबरम सहित कई राज्य और केंद्र सरकार के मंत्रियों के हाई प्रोफाइल मामले की जांच उन्होंने की है. साजिश के तहत उनको जान से मारने का प्रयास किया गया है.एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के आदेश पर गुलरिहा थाना पुलिस ने हत्या की कोशिश करने का मुकदमा दर्ज किया था. एसपी नार्थ मामले की जांच मिली. फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचकर उन्होंने छानबीन की, ट्रक चालक की काल डिटेल निकलवाया. लेकिन साजिश रचे जाने का कोई साक्ष्य नही मिला. जिसके बाद गुलरिहा थाना पुलिस ने एक नवंबर 2022 को मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट लगा दिया.

## जांच करने लखनऊ से आए थे सीबीआई के अधिकारी

घटना की जानकारी डिप्टी एसपी ने सीबीआइ के अधिकारियों को भी दी थी. साजिश की आशंका जताए जाने पर 13 अगस्त को लखनऊ से सीबीआइ के अधिकारी गोरखपुर पहुंचे.गुलरिहा थाने व घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने मामले की जांच भी की थी. महराजगंज जिले के रहने वाले सीबीआइ के डिप्टी एसपी रुपेश श्रीवास्तव ने अपनी पढ़ाई गोरखपुर में की है.उनके बड़े भाई डा. मंगलेश श्रीवास्तव शहर में पैथोलाजी चलाते हैं.

**"सीबीआइ के डिप्टी एसपी की गाड़ी हादसे में क्षतिग्रस्त हुई थी.जांच में साजिश के तहत जानलेवा हमला किए जाने का कोई प्रमाण नहीं मिला है. ट्रक चालक की मृत्यु होने की वजह से गुलरिहा थाना पुलिस ने मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट लगा दिया गया है.**

**मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ

# 45 लाख रुपए हड़पने के मामले में जालसाज गिरफ्तार

**जालसाज ने फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा नहीं दिया था रुपया**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 Nov):** कैंट थाना पुलिस ने 45 लाख रुपये हड़पने वाले जालसाज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया. उस पर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराकर रुपये नहीं देने के आरोप में मुकदमा दर्ज था. आरोपित पर चौरीचौरा थाने में भी जालसाजी के कई और मुकदमे दर्ज हैं.

कैंट थाना प्रभारी शशि भूषण राय ने बताया कि चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम छबैला निवासी अवधेश निषाद ने चौरीचौरा के रामप्यारे को झांसा देकर अपने और अपनी पत्नी के नाम से महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो में स्थित जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया. इसके बाद आरोपित ने तय धनराशि 45 लाख रुपये रामप्यारे के खाते में ट्रांसफर नहीं किया, जबकि बैनामा कराते समय आरोपित ने जमीन मालिक को विश्वास दिलाया था कि वह रुपये खाते में भेज देगा. उसने पैसा नहीं भेजा, मांगे जाने पर धमकी देने लगा. पूछताछ में आरोपित ने आरोपों को स्वीकार कर लिया. जालसाज अवधेश पर विधिक कार्रवाई करने के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा.



## वीर सम्मान

एनेक्सी भवन में शुक्रवार को अभियोजन वीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें अभियोजन कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया. इस दौरान 25 अभियोजन वीरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. एडीजी अखिल कुमार और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कई अफसर शामिल हुए.

# खाकी की मददगार बनने लगी 'थर्ड आई'

**i UPDATE**

**पहले लूट या मर्डर के बाद बदमाशों का बनवाते थे स्केच**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 Nov):** पहले लूट या मर्डर होने पर बदमाश की पहचान और उसकी तलाश के लिए पुलिस को तमाम परेशानियां झेलनी पड़ती थी. बदमाश की पहचान के लिए उसका स्केच भी तैयार करवाना पड़ता था. अब सीसीटीवी कैमरा पुलिस का मददगार बन रहा है. कैमरे की मदद से तुरंत बदमाशों की पहचान हो जा रही है. इससे पुलिस दो कदम आगे चल रही है. इधर हुई कई घटनाओं का खुलास इसका उदाहरण भी पेश कर रहा हैं.

### पुलिस बना रही त्रिनेत्र मित्र

एडीजी ने सभी बीट पुलिस अधिकारी, एसआई, थानाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र में संभ्रांत लोगों से जाकर मिलें. इस अभियान के बारे में उनसे चर्चा करें. ताकि लोग अपने घरों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित हों. साथ ही मुख्य मार्गों के अलावा मोहल्ले के अंदर रास्तों, गलियों आदि में पड़ने मकान स्वामियों से विशेष रूप से मिलकर कैमरे लगवाने के लिए प्रोत्साहित करने को निर्देशित किया है.



**"ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं. अब तो उसके नतीजे भी सामने आने लगी है. इधर हुई कई घटनाओं में सीसीटीवी कैमरे पुलिस के मददगार बने हैं.**

अखिल कुमार, एडीजी

### लगवाए 176 स्थानों पर कैमरे

गोरखपुर शहर में अब तक 91 व्यक्तियों, संस्थाओं द्वारा कुल 176 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की सहमति दी जा चुकी है. इसी तरह इस अभियान को गली और मोहल्लों में पहुंचाने के लिए घर-घर कैमरा लगवाने का अभियान चलाया है.

### 36 फुटेज से पकड़ा गया चोर

**केस 01**

सितंबर माह में रामगढ़ताल इलाके से 11 12 की देर रात ट्रैक्टर ट्राली चोरी हो गया था. जिसमें पुलिस ने 36 सीसीटीवी फुटेज देखकर घटना का खुलासा कर दिया था. फुटेज देखकर पुलिस चोर के घर तक भी पहुंची वहां पर अभियुक्त के पिता को ट्रैक्टर के साथ अरेस्ट किया था. पुलिस के पहुंचने के पहले ही अभियुक्त फरार हो गया था. रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने आजमगढ़ से अभियुक्त धनंजय चौहान को अरेस्ट किया है. पुलिस ऑफिस में इस घटना का खुलासा एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने किया.

### कैमरे से पकड़े गए बिहार के लुटेरे

**केस 02**

28 अक्टूबर को हुई लूट में गोरखपुर पुलिस ने इंट्रीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइटीएमएस) की मदद से चार शातिर लूटेरों को अरेस्ट किया है. पकड़े गए बदमाशों बिहार के मोतिहारी जिले के रहने वाले हैं. इन लुटेरों ने बीते 28 अक्टूबर की सुबह ग ा व्यापारी रामाकांत जायसवाल से 6.54 लाख की लूट की थी. पकड़े गए बदमाशों की पहचान बिहार मोतिहारी के विजय महतो, मिथिलेश कुमार, सोनू कुमार और शत्रुघन साहनी के रूप में हुई.

### बैंक लूटने पहुंचे युवक की हुई पहचान

**केस 03**

दो नवंबर बुधवार की शाम करीब 4.30 बजे एक युवक शाहपुर के असुरन स्थित बंधन बैंक में पहुंच गया. युवक हेलमेट लगाया था और गमछे से मुंह बांधे था. बैंक में जाते ही उसने कैशियर पर रिवाल्वर तान दिया और बैग देकर बैंक के सारे पैसे उसमे डालने को बोला. बैंक में चाय आदि पिलाने वाले एक कर्मचारी ने बैंक में लगा पैनिक बटन यानी अलार्म बटन दबा दिया. इसके बाद लूट के लिए गया युवक फरार हो गया. बैंक से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने पहचान कर गुरूवार को आरोपी जलालुद्दीन खान निवासी नकहा नंबर एक को स्पोर्टस कालेज के पास से अरेस्ट कर लिया.

GORAKHPUR (4 Nov):सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार की सुबह गोरखपुर आएंगे. सीएम बीआरडी मेडिकल कालेज के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। शाम को एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित



कार्यक्रम में उद्यमियों एवं व्यापारियों से संवाद करेंगे. वह रविवार की सुबह जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के बाद बलिया के लिए रवाना हो जाएंगे. सीएम शनिवार सुबह गोरखपुर पहुंचेंगे. सबसे पहले बीआरडी मेडिकल कालेज जाएंगे और वहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गोरखनाथ मंदिर जाएंगे. कुछ देर तक उनका समय आरक्षित रहेगा। दोपहर बाद करीब तीन बजे एनेक्सी भवन सभागार पहुंचेंगे और यहां शहर के 181 उद्यमियों एवं व्यापारियों से संवाद करेंगे. इसमें 40 उद्यमी जबकि 141 व्यापारी शामिल हैं. कुछ उद्यमी व व्यापारी सीएम के समक्ष अपनी बात रखेंगे। करीब एक घंटे के कार्यक्रम के बाद सीएम गोरखनाथ मंदिर रवाना हो जाएंगे. रविवार की सुबह जनता दर्शन में आए लोगों की समस्या सुनेंगे और उसके बाद बलिया के लिए रवाना होंगे.

# मेडिकल माफिया पर एक्शन ₹50 करोड़ की संपत्ति जब्त

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




गैंगेस्टर डॉ. अभिषेक यादव की संपत्तियों को प्रशासन ने अपने कब्जे में लिया.

**राज नर्सिंग होम को पुलिस व प्रशासन ने किया सील, 100 करोड़ रुपए की संपत्ति पर लगने लगा ताला**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 Nov):** गोरखपुर में मेडिकल माफिया पर सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है. 1200 से अधिक छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले राज नर्सिंग कॉलेज एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक गैंगेस्टर डॉ. अभिषेक यादव, उसकी पत्नी और बहन की 100 करोड़ से अधिक 9 संपत्तियां जब्त की जा रही हैं. गैंगेस्टर डॉ. अभिषेक यादव पर 19 से अधिक केस दर्ज हैं. शुक्रवार को वर्षों पुराना दुर्गाबाड़ी स्थित राज नर्सिंग होम को भी प्रशासन ने जब्त कर लिया. अब तक 50 करोड़ की 3 संपत्ति पुलिस और प्रशासन ने जब्त की हैं.

## बिना मान्यता चला रहे थे कॉलेज

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के मुताबिक, कॉलेज संचालक ने बिना मान्यता कॉलेज चलाते हुए सीट से अधिक एडमिशन लेकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया था. तिवारीपुर पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम कृष्णा करुणेश ने आरोपियों की चिन्हित भूमि, भवन, नर्सिंग कॉलेज को कुर्क करने का आदेश दिया था.

## बैंक खाते के संचालन पर लगी रोक

इनके अलग-अलग बैंकों में स्थित 15 से अधिक बैंक खातों के संचालन पर भी डीएम ने रोक लगा दी है. बिना मान्यता के नर्सिंग कॉलेज में छात्रों का प्रवेश लेकर जालसाजी करने का आरोपी डॉ. अभिषेक उसकी पत्नी समेत 5 आरोपी इस समय जेल में हैं.

## मेडिकल गिरोह चलाता था डॉ. अभिषेक यादव

कॉलेज पर ताला लगाने के साथ ही अधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ पिपराइच थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया. कोतवाली थाना पुलिस ने मामले की छानबीन की तो पता चला कि दुर्गाबाडी निवासी डॉ. अभिषेक यादव उसकी पत्नी डॉ. मनीषा यादव, शाहपुर के बशारतपुर में रहने वाली बहन डॉ. पूनम यादव, अपने साथी शक्तिनगर निवासी डॉ. सी प्रसाद उर्फ चौथी, बस्ती जिले के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा थानाक्षेत्र के करमहा निवासी श्यामनरायण मौर्य और मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी के साथ मिलकर 2015 से यह गिरोह चला रहे है.

## छात्रों ने किया था आंदोलन

पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक डॉ. अभिषेक यादव ने कूटरचित दस्तावेज कर शासन से मान्यता मिलने की जानकारी देकर नर्सिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं का प्रवेश ले लिया था. लगातार छात्रों के आंदोलन और फिर एक छात्र के आत्महत्या की कोशिश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की.

## 8 जनवरी को दर्ज हुआ था केस

शिकायत पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने 8 जनवरी 2022 को कोतवाली थाने में राज नर्सिंग कॉलेज के संचालक पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था. जालसाजी की जानकारी होने पर ठगी के शिकार छात्रों के स्वजन ने भी तहरीर दी थी.

## अभी दो दिन और चलेगी कार्रवाई

एसएसपी के आदेश पर कोतवाली थाना पुलिस ने 16 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी विवेचना तिवारीपुर थाना पुलिस कर रही है. एसपी सिटी ने बताया, अब तक मेडिकल माफियाओं की करीब 50 करोड़ की 3 प्रापर्टी जब्त की जा चुकी है. शाम तक इनकी कुल 9 प्रापर्टी जब्त की जाएगी, जिसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपए से अधिक है. कार्रवाई में अभी दो दिन और लगेंगे.



**GORAKHPUR (4 Nov):** गोरखपुर जोन की 65वीं वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता शुक्रवार को आयोजित की गई. रिजर्व पुलिस लाइन के वाइट हाउस सभागार में प्रतियोगिता का डीआईजी जे रविंदर गौड़ ने फीता काट कर उद्घाटन किया. प्रतियोगिता में जोन के 11 जनपदों के प्रतिभागियों ने अपने-अपने जनपद का प्रतिनिधित्व किया. इस दौरान एपी ट्रैफिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह, एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी, सीओ चौरीचौरा मानुष पारीक, सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह, आर आई हरिशंकर सिंह आदि मौजूद रहे.

# गोरखपुर के गैंगस्टर डॉक्टर की 50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**कार्रवाई**

- फर्जी मान्यता पर छात्रों के नामांकन का मामला
- शहर में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की कार्रवाई

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** फर्जी मान्याता के साथ सैकड़ों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले राज नर्सिंग होम एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक डॉ. अभिषेक यादव की 50 करोड़ से अधिक की तीन सम्पत्तियां शुक्रवार को कुर्क की गईं। इसमें शहर में दुर्गाबाड़ी रोड पर स्थित राज नर्सिंग होम, मकान व जमीन शामिल है। कुल तकरीबन 100 करोड़ की संपत्ति जब्त होगी। शहर में अब तक की यह सबसे बड़ी जब्ती की कार्रवाई मानी जा रही है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन की टीम ने राज नर्सिंग होम पर सीलबंदी की कार्रवाई की। टीम ने नर्सिंग होम पर जब्ती की सूचना चस्पा करने के साथ ही मुनादी भी कराई। एसएसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि शुक्रवार को 3 संपत्ति आरोपियों की चिन्हित हुई भूमि, भवन, नर्सिंग कालेज को कुर्क किया गया है।



गोरखपुर में शुक्रवार को राज नर्सिंग होम पर कुर्की की कार्रवाई की गई।

› संबंधित खबरें P 02

# प्राण घातक हमले का आरोपित गया जेल

**चिलुआताल।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर प्राणघातक हमला कर मारपीट के मामले में घायल किशोरी की मां माया देवी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर भेज दिया गया। माया देवी ने लिखित तहरीर देकर चिलुआताल पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गाँव के ही लालू निषाद निवासी मिर्जापुर द्वारा गाली गुप्ता देते हुए घर में घुस आए और मारपीट कर सिर फोड़ दिया।

# जमीन बैनामा करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर। फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने वाले एक भू-माफिया को शुक्रवार को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित अवधेश निषाद चौरीचौरा के छबैला गांव का निवासी है। पीड़ित रामप्यारे ने पुलिस में शिकायत की थी कि चौरीचौरा का रहने वाला भू-माफिया अवधेश निषाद ने झांसा देते हुए धोखे से उसकी कीमती शहर की जमीन को बैनामा करा लिया है।

## चाकू से हमला कर गाड़ी उठा ले गए आरोपी

सहजनवा। गीडा क्षेत्र के गोपालपुर उर्फ पड़रिया गांव में मंगलवार रात को सब्जी लेकर घर लौटे युवक हर्षधर दूबे पुत्र विमल धर दूबे पर पहले से घात लगाए गांव के ही चार लोगों ने घर पर चढ़कर चाकू व पंच से युवक पर हमला कर लहूलुहान युवक की गाड़ी उठा ले गए थे। घायल युवक के पिता विमल धर दूबे की तहरीर पर पुलिस ने पड़रिया गांव के रविंद्र, संगम, विशाल आशीषधर दूबे पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## झांसा देकर जीजा के भाई ने किया दुष्कर्म

गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र में एक युवती के साथ उसके जीजा के भाई ने आठ माह से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। युवती शादी की जिद पर अड़ी तो उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती की बड़ी बहन की शादी सात वर्ष पूर्व क्षेत्र के ही बोहापार ठाकुरपुर नम्बर 2 में हुई थी। शादी के बाद से ही जीजा के छोटे भाई से प्रेम हो गया और दोनों एक दूसरे से फोन पर बातचीत करने लगे। गुरुवार की रात युवती ने दबाव बनाने की कोशिश की तो उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

# मित्र के घर प्रसाद खाने आये छात्र पर ईंट से हमला, चार पर केस

हरपुर बुदहट, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के अहिरौली में छठ पूजा का प्रसाद खाने आये इंटर के छात्र की ईंट से पिटाई के मामले में उसके मित्र ने गांव के ही चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

अहिरौली गांव में बुधवार रात विशाल (18) पुत्र दुर्गविजय अपने मित्र समीर पुत्र मदनलाल के घर के पास छठ पर्व के भंडारे में पहुंचा था, वहां पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने विशाल को ईंट से मारकर सिर फोड़ दिया और लाठी-डंडों से पिटाई की, जिसमे अहिरौली निवासी छात्र विशाल का जबड़ा भी टूट गया और वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, उनका इलाज चल रहा है।

भंडारा में पहुंचे लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया तो छात्र को मनबढ़ों से बचाया जा सका, अब छात्र के मित्र समीर की तहरीर पर हरपुर बुदहट पुलिस ने अहिरौली गांव के सोनू, महंत अनुज और आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही है।

# चोरी का केस दर्ज कर शुरू की जांच

खोराबार। सहारा एस्टेट के व्यापारी के घर दिनदहाड़े गुरुवार को हुई चोरी के मामले में खोराबार पुलिस ने शुक्रवार को मकान मालिक राकेश सिंह की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। चोरी गई नगदी सहित जेवरातों की कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है। राकेश सिंह के मकान की रजिस्ट्री का कागजात एवं उनके रिश्तेदार के जमीन व मकान का कागजात भी चोर चुरा ले गए।

# बहरामपुर के पास नदी से बरामद हुआ युवक का शव

चिलुआताल, हिन्दुस्तान संवाद। चिलुआताल थाना क्षेत्र के जंगल नन्दलाल सिंह गांव के पास कटनिया पुल के नीचे बुधवार को नहाते समय रिश्तेदारी में आया युवक डूब गया। सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस ने स्थानिय गोताखोर व एसडीआरएफ की मदद लेकर तलाश करा रही थी। थाना तिवारीपुर के बहरामपुर निवासी चनई (30) जंगल नन्दलाल सिंह निवासी अनिरुद्ध वहां रिश्तेदार में आया था।

बुधवार को लगभग 12.30 बजे गांव के बगल में स्थित कटनिया पुल के नीचे नहाने चला गया जहां नहाते समय डूब गया। सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस एसडीआरएफ की मदद से ढूढ़ने का प्रयास कर रही थी जिसका शव शुक्रवार को भोर में बहरामपुर गांव के पास रोहिन नदी से बरामद हुआ है।

# हत्या का प्रयास नहीं, सीबीआई अधिकारी का हुआ था हादसा

**12 अगस्त को ट्रक ने मार दी थी टक्कर**

- **हादसे में ट्रक पलट गया था, नीचे दबकर हो गई थी चालक की मौत**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम को गिरफ्तार करने वाले सीबीआई अफसर रुपेश श्रीवास्तव को जान से मारने की कोशिश की साजिश नहीं रची गई थी। घटना महज एक हादसा था। यह बात पुलिस के विवेचना में साफ हो गई है। हादसे में आरोपी ट्रक चालक मर गया था, इसलिए गुलरिहा पुलिस ने मुकदमे में एफआर यानी अंतिम रिपोर्ट लगाकर फाइल बंद कर दी है।

दरअसल, 12 अगस्त 2022 को गोरखपुर में सीबीआई ऑफिसर रुपेश श्रीवास्तव को ट्रक से कुचलकर जान से मारने की कोशिश की गई है। यह घटना उस वक्त हुई थी, जब वह स्कार्पियो से अपने गांव महाराजगंज से गोरखपुर लौट रहे थे। गुलरिहा इलाके में बरगदही के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से उनकी गाड़ी का एक हिस्सा पूरी तरह टूट गया। जब तक सीबीआई अफसर और उनका ड्राइवर कुछ समझ पाते, तब तक ट्रक ने दूसरी बार उनकी कार को टक्कर मारने की कोशिश की, लेकिन पहिया सड़क पर पड़ी गिट्टी पर चढ़कर पलट गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक में सवार अन्य लोग भाग गए थे।

सीबीआई ऑफिसर की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। वहीं, ट्रक ड्राइवर की पहचान कुशीनगर जिले के सुकरौली निवासी बदन कुमार (28) के रूप में हुई थी। सीबीआई ऑफिसर रुपेश बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के चारा घोटाला और रेलवे भर्ती घोटाला, कांग्रेस नेता पी चिदंबरम सहित कई हाई प्रोफाइल केस देख रहे हैं। ऐसे में मामले में किसी बड़ी साजिश की आशंका जताई जा रही थी। घटनास्थल पर डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम ने सैंपल भी लिए। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक की मोबाइल सीडीआर निकाली, गोरखपुर से लेकर कुशीनगर तक की सीसीटीवी फुटेज चेक की, जिसमें साजिश का कोई सबूत नहीं मिला। पता चला कि चालक कैम्पियरगंज इलाके में बालू गिरकार खाली ट्रक लेकर लौट रहा था। इस संबंध में एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि जांच में साजिश के प्रमाण नहीं मिले। यह हादसा था।

# फेसबुक पर असलहा का फोटो वायरल करने पर केस दर्ज

हरपुर बुदहट, हिन्दुस्तान संवाद। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के जलालाबाद निवासी एक व्यक्ति ने असलहा के साथ फेसबुक वॉल पर फोटो अपलोड करना महंगा पड़ गया।

गांव की एक महिला ने एसएसपी से इसकी शिकायत कर दी, एसएसपी के आदेश पर हरपुर बुदहट पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक पर आयुध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। वहीं, इस घटना को लेकर असलहा का प्रदर्शन करने वाले लोगों में भय का माहौल है। थाना क्षेत्र के जलालाबाद गांव की संगीता मिश्रा ने एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि जलालाबाद गांव का विनय मिश्र पुत्र पुरषोत्तम मिश्र आये दिन गांव में असलहा का प्रदर्शन करते रहता है, जिससे गांव में भय का माहौल है। अपना दबदबा कायम करने के लिये उसने अपने फेसबुक एकाउंट पर अवैध असलहे को बोल्ट करते हुए फोटो पोस्ट किया और धमकी भरे शब्दों मे लिखा है कि 'अति का अंत निश्चित अंत भयंकर होगा सुनिश्चित' लिखा है। एसएसपी के आदेश पर हरपुर पुलिस ने विनय मिश्र पर धमकी देने और आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा किया है।

# जमीनी विवाद में मारपीट में 10 लोग घायल, 17 पर केस

सहजनवा। गीडा थाना क्षेत्र के पेवनपुर में जमीन के विवाद में गुरुवार को हुई मारपीट में 10 लोगों को चोटें आई है। दोनों पक्षों की तहरीर पर 17 लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, बलवा व जान से मारने की धमकी तथा तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

# 64 बकरा चोरी करने वाला शातिर बकरा चोर गिरफ्तार

बड़हलगंज। कोतवाली पुलिस ने मुक्तिपथ स्थित डाक बंगला नई बस्ती से 64 बकरी/बकरा चुराने वाले शातिर चोर दोहरीघाट थाना क्षेत्र के बहादुरा गांव निवासी 48 वर्षीय कैलाश को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। शुक्रवार को एक बकरा चुराकर ले जाते हुए चोर को रंगेहाथ ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया था।

कोतवाल मधूपनाथ मिश्र ने बताया कि उक्त चोर अब तक मुक्तिपथ डाक बंगला निवासी कुसुम देवी पत्नी स्व. भरत सोनकर, बिन्दा पत्नी चौथी साहनी, गीता पत्नी विजय साहनी, सन्तरा पत्नी श्रीचन्द, नेवाती पत्नी शिवरतन, विजयती पत्नी समेत कई की बकरी चुरा चुका है।

# पत्नी को भरण पोषण का पैसा न देने पर पति को जेल

चौरीचौरा। कोर्ट आदेश के बाद भी पत्नी को भरण पोषण का पैसा न देने वाले मुंडेरा बाजार निवासी श्रवण कुमार जायसवाल को चौरीचौरा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर पारिवारिक न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

मुंडेरा बाजार चौकी इंचार्ज अवधेश पांडेय ने बताया कि श्रवण कुमार जायसवाल ने अपनी पत्नी ऊषा देवी को पारिवारिक न्यायालय गोरखपुर के आदेश पर भरण पोषण के लिए हर माह पैसा देता था। वर्ष 2018 से उसने पत्नी ऊषा देवी को भरण पोषण का पैसा देना बंद कर दिया था। भरण पोषण का बकाया पैसा दो लाख बकाया हो गया। ऊषा देवी फिर से न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# दस महीने में कोर्ट में पैरवी कर 359 को सजा

गोरखपुर। पैरवी कर कोर्ट से सजा दिलाने वाले अभियोजन वीर को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। एक जनवरी 2022 से 31 अक्तूबर 2022 तक 359 लोगों को गोरखपुर में सजा हुई है। इसमें 111 लोगों को आजीवन कारावास की सजा हुई। सजा दिलाने में अभियोजन का महत्वपूर्ण रोल रहा है। एनेक्सी भवन में आयोजित समारोह में एडीजी अखिल कुमार, कमिश्नर रवि कुमार एनजी, डीआईजी जे. रविंद्र गौड़, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर की मौजूदगी में सभी को सम्मानित किया गया। एसएसपी डॉ. गौरव ने स्वागत करते हुए कहा कि 2018 में मानीटरिंग सेल को एक्टिव किया गया था। सजा दिलाने में गोरखपुर अन्य जिलों से आगे है। संचालन कर रहे एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मानीटरिंग सेल को पूरी तरह से एक्टिव करने में एडीजी अखिल कुमार, डीआईजी जे. रविंद्र की भूमिका अहम है। सभी के संयुक्त प्रयास की देन है कि आज गोरखपुर अन्य जिलों से आगे निकला है। उन्होंने कहा कि लखनऊ, वाराणसी, कानपुर मेरठ से भी आगे गोरखपुर सजा दिलाने में है।

# तमंचा व कारतूस के साथ गैंगस्टर गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने गैंगस्टर अजय निषाद उर्फ गोलू को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। खोराबार के सिक्टौर के रहने वाले अजय को पुलिस ने 315 बोर के तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। केस दर्ज किया है।

# युवती से छेड़खानी का केस दर्ज

गोरखपुर। गुलरिहा थानाक्षेत्र की एक 18 वर्षीय युवती ने दो युवकों पर छेड़खानी और धमकी देने का केस दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक गांव की युवती को गांव के दो युवक छेड़खानी करके परेशान कर रहे थे। गुरुवार की दोपहर युवती खेत में काम करने गई तो दोनों युवक वहां पहुंच गए और छेड़खानी करने लगे। युवती के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# सीएम योगी आज बीआरडी की स्वर्ण जयंती का हिस्सा बनेंगे

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को गोरखपुर आएंगे। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

गोरखपुर आने के बाद योगी सबसे पहले बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यहीं से मुख्यमंत्री 200 सीट वाले नर्सिंग छात्रावास का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा बीआरडी मेडिकल कॉलेज में बने स्वर्ण जयंती द्वार का लोकार्पण भी करेंगे।



इसके बाद योगी दिन में करीब तीन बजे एनेक्सी भवन सभागार में उद्यमियों व व्यापारियों से गोरखपुर के औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

संबंधित खबरें P 06

पुलिस फोर्स की राज नर्सिंगहोम मौजूदगी से तमाशबीनों की जुट गई भीड़, जमीन भी की गई जब्त, खरीद-फरोख्त न करने की सलाह

# पुलिस ने कराई मुनादी, नर्सिंग होम पर लगा ताला

**गोरखपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** राज नर्सिंगहोम को कुर्क करने की कार्रवाई के लिए शुक्रवार की सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। दिन में करीब 11 बजे एसपी सिटी और बाद में अन्य अधिकारी पहुंचे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की भीड़ देखकर तमाशबीनों की भी भीड़ जुट गई। इतनी संख्या में पुलिस बल को देख जितने मुंह उतने तरह के कयासों का दौर शुरू हो गया। कुछ छतों से टकटकी लगाए देख रहे थे तो कुछ लोग घरों व प्रतिष्ठानों को छोड़कर मौके पर पहुंच गए।

हास्पिटल होने से शुरू में लोगों को लगा कि यहां किसी मरीज की मौत और विवाद होने की वजह से फोर्स आई है। हालांकि लोग एक दूसरे से जानने की कोशिश करते रहे क्या हुआ है? जबकि कुछ लोग नर्सिंग होम प्रशासन के फर्जीवाड़े की वजह से छात्रों के घेराव से जोड़कर देख रहे थे। हालांकि मजिस्ट्रेट के पहुंचने के बाद जैसे ही मुनादी शुरू हुई। धीरे-धीरे पूरी कहानी लोगों की समझ में आने लगी। मुनादी में डॉक्टर और उनसे जुड़े गिरोह के केस की जानकारी देते हुए उनके नर्सिंग होम तथा जमीन और मकान को जब्त करने का अनाउंस पुलिस के तरफ से करते हुए वहां नोटिस भी चस्पा होने लगा। पुलिस और प्रशासन का कहना था कि इस जमीन को जब्त किया गया है। लिहाजा इसे किसी तरह से खरीदने और बेचने से भी रोका गया है।



राज नर्सिंग होम पर मुनादी की कार्रवाई करते तहसीलदार व एसपी सिटी। इस दौरान लगी भीड़। ● हिन्दुस्तान

## डॉ. अभिषेक यादव पर दर्ज हैं 19 केस

गोरखपुर। एसपी सिटी ने बताया कि डॉ. अभिषक यादव पर जालसाजी सहित विभिन्न धाराओ में 19 केस दर्ज है। जिसमें सर्वाधिक केस कोतवाली थाने में दर्ज है। क्राइम का पहला केस वर्ष 2014 में कैंट थाने में दर्ज हुआ था। कैंट थाने में ही गैंगेस्टर एक्ट का भी केस दर्ज हुआ था। उसके बाद मुकदमे की संख्या बढ़ी और अकेले कोतवाली थाने में ही वर्ष 2015 में 15 केस दर्ज हुआ था। सभी जालसाजी से जुड़ा केस था। इसके अलावा पिपराइच और लखनऊ के हुसेनगंज थाने में जालसाजी का केस दर्ज है। कोतवाली में गैंगेस्टर के केस भी दर्ज हुआ जिसकी विवेचना तिवारीपुर पुलिस कर रही है।



राज नर्सिंग होम पर मुनादी की कार्यवाही करती प्रशासन की टीम।

# गैंगस्टर डॉक्टर पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** किसी गैंगेस्टर डॉक्टर के खिलाफ जब्ती की यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पुलिस की रिपोर्ट पर जिला प्रशासन ने डॉ. अभिषेक और उनसे जुड़े लोगों की जिन सम्पत्तियों को जब्त करने का टार्गेट तय किया है उनकी कुल अुमानित कीमत 100 करोड़ के करीब बताई जा रही है। शुक्रवार को ही पुलिस और प्रशासन की टीम ने 50 करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति जब्ती कर ली है। अगले कुछ दिन में करने का टार्गेट रखा है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गोरखपुर में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

### मई 2022

मई 2022 में पूर्व ब्लॉक प्रमुख माफिया सुधीर सिंह की 10 करोड़ की संपत्ति को अंतिम रूप से प्रशासन ने जब्त किया था। सदर और सहजनवा के तहसीलदार ने सुधीर सिंह के दो मकान, जमीन, गाड़ी को कब्जे में लेने के साथ ही चार खाते सीज कर दिए हैं।

### 13 अक्टूबर

35 साल से शहर में नशे का धंधा करने वाली किशुनी कुमारी उर्फ 'पंडिताइन' की 13 करोड़ 52 लाख 50 हजार की तीन संपत्ति को गोरखपुर जिला प्रशासन ने कुर्क किया था। इनमें उसके बेटी-दामाद के नाम से दर्ज सम्पति भी शामिल है। शाहपुर इलाके में दो मंजिला मकान और दुकान के रूप में अवैध कमाई से यह सम्पति बनाई गई थी।

### 23 अक्टूबर

चार साल पहले पुलिस एनकाउंटर में मारे गए शातिर बदमाश विपिन सिंह के मामा व शाहपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश बीएन सिंह उर्फ भृगनाथ सिंह की पत्नी तथा पिता के नाम की करीब आठ करोड़ रुपये की कीमती सम्पत्ति को प्रशासन की मदद से पुलिस ने कुर्क किया।

### 4 नवम्बर 2022

पुलिस और प्रशासन की टीम ने डॉ. अभिषेक की 50 करोड़ से ज्यादा की सम्पति को शुक्रवार को जब्त कर लिया जबकि अभी 50 करोड़ कीमत की और सम्पति जब्त करने की तैयारी है। जिनको जब्त किया है उसमें राज नर्सिंग होम सहित तीन भवन पार्किंग स्थल आदि शामिल है। जिसमें जटेपुर उत्तरी में एक भवन व खाली जमीन भी है। वहीं राज डेयरी (जंगल नक्हा नंबर दो) की भूमि, वाहन में दो कार, एक बाइक, एक मैजिक, एक ट्रैक्टर, एक स्कूल बस को भी जब्त किया है जबकि तीन स्कूल बस और राज नर्सिंग पैरा मेडिकल कालेज को जब्त करना बाकी है। वहीं विभिन्न बैंकों में 15 बैंक खाते सीज कराया है जिसमें अच्छी खासी रकम बताई जा रही है।

**12** सौ छात्रों का भविष्य है अधर में, पैरामेडिकल कॉलेज के छात्रों का दर्द

**08** फीसदी छात्र ही नए कॉलेज में प्रवेश लेने का साहस जुटा सके

# छात्रों का टूटा सपना, बची जिंदगी संवारने की चल रही है जंग

**जंगल धूसड़, हिन्दुस्तान संवाद।** राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र 1200 छात्रों की जिंदगी अधर में है। इन छात्रों के कई कीमती वर्ष बर्बाद हो गए। भविष्य संवारने के लिए जिस कॉलेज में प्रवेश लिया वह फर्जी साबित हुआ। फीस के तौर पर दी गई मोटी रकम डूब गई।

अब ये छात्र अंधकार में भविष्य में उजाले की किरण तलाश रहे हैं। कालेज बंद होने के बाद ज्यादातर छात्रों ने पढ़ाई छोड़कर प्राइवेट नौकरी शुरू कर दी है। कुछ छात्र खेती किसानी कर रहे हैं। महज 8 से 10 फीसदी छात्र एवं उनके परिजन ही नए कॉलेज में प्रवेश लेने का साहस जुटा सके। छात्रों का एक समूह हाई कोर्ट भी पहुंचकर न्याय की गुहार लगा रहा है।

**छात्रों की यह है मांग:** छात्रों ने कहा कि उनकी तीन प्रमुख मांग है। सरकार उन्हें कालेज से मुआवजा दिलाए। किसी सरकारी कॉलेज में प्रवेश दिलाएं। जिन छात्रों की पढ़ाई छूट गई है। उन्हें संविदा पर नौकरी दें। ताकि उनका घर खर्च चल सके।

## रिजल्ट निकला था फर्जी

छात्र विशाल ने प्रशासन की इस कार्रवाई



से बहुत उत्साहित नहीं है। उन्होंने कहा कि 10 जनवरी से इसका आंदोलन किया जा रहा है। आश्वासन दर आश्वासन मिल रहा है। इस मामले में छह साथी जेल भी जा चुके हैं। वर्ष 2018 से 2021 तक प्रवेश लिए 1200 छात्र भटक रहे हैं।

## विवाद के बाद छूट गई पढ़ाई

ऑप्टोमेट्रिस्ट की पढ़ाई कर रहे



चौरीचौरा के अंकुश ने बताया कि पिता का निधन हो चुका है। कमाने वाली सिर्फ मां है। फर्स्ट ईयर का रिजल्ट भी फर्जी निकला जारी कर दिया गया था। इस विवाद के बाद पढ़ाई छूट गई। घर में कोई फीस देने वाला नहीं है। एक छोटी सी दुकान पर नौकरी कर रहा हूं।

## जल्द नहीं मिल रही प्राइवेट नौकरी

पैरामेडिकल कॉलेज से डेंटल हाइजीनिस्ट का कोर्स कर रहे संदीप गुप्ता ने बताया



कि पिता किसान हैं। परिवार में आय का कोई स्रोत नहीं है। दो साल में करीब दो लाख रुपए बतौर फीस जमा किए। अब तो वह भी डूब गया। भविष्य बर्बाद हो गया। मुझे कोई प्राइवेट नौकरी भी नहीं दे रहा। कुशीनगर निवासी अमित के पिता प्राइवेट शिक्षक हैं। उन्होंने डीएमएलटी कोर्स में प्रवेश लिया था। इसकी फीस करीब डेढ़ लाख रुपए जमा की थी। अमित ने बताया कि 60 सीट पर 120 छात्रों का प्रवेश लिया था। सबसे दोगुनी फीस भी ली। अब सब बर्बाद हो गया। सरकार भी मदद नहीं कर रही है।

# मनबढ़ों की पिटाई से दो व्यापारी भाई घायल

## पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर हो रहा वायरल, 11 नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जासं, गोरखपुर** : पीपीगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात मनबढ़ों की पिटाई से दो व्यापारी भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। एक का हाथ टूटा है तो दूसरे का सिर फट गया है। यह घटना पुलिस चौकी के बगल में हुई। वहीं हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में मनबढ़ों की पिटाई से भंडारे में आए युवक का जबड़ा टूट गया है। पुलिस ने स्वजन व मित्र की तरफ से मिली तहरीर पर दोनों मामलों में 11 नामजद और दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

पीपीगंज संवाददाता के अनुसार नगर के मुख्य चौराहे से स्टेशन रोड पर वार्ड नंबर चार निवासी संदीप गुप्ता एवं उनके भाई श्रवण कुमार की दुकान है। गुरुवार की रात 11 बजे दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने से मना करने पर पांच मनबढ़ों ने दोनों व्यापारी भाइयों की पिटाई कर दी। दोनों भाई गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए। इसके बाद मनबढ़ फरार हो गए। लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल भिजवाया गया। एक भाई का हाथ टूटा है, दूसरे का सिर फटा है। दोनों घायलों ने बताया कि घटनास्थल से महज 10 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी है, मगर कोई पुलिसकर्मी नहीं आया। बीते 15 दिनों के अंदर मनबढ़ों द्वारा व्यापारियों को पीटने की यह दूसरी घटना है। थानाध्यक्ष शिव शंकर चौबे ने बताया कि स्वजन की तहरीर पर तीन नामजद ऋषिराज, सद्दाम व सूरज रावत और दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। सीओ कैंपियरगंज योगेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस गश्त पर थी। सूचना पर जब तक वह घटनास्थल पर पहुंचे, मनबढ़ फरार हो चुके थे।

हरपुर संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौली निवासी समीर के घर दो अक्टूबर की रात भंडारा था। इसमें गांव का विशाल भी शामिल था। गांव के कुछ मनबढ़ों से उसका विवाद हो गया। ग्रामीणों ने विवाद को शांत कराया था। गुरुवार की शाम साढ़े सात बजे विशाल को अकेला पाकर गांव के मनबढ़ों ने पिटाई कर दी। इससे विशाल का जबड़ा टूट गया। थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि विशाल की तहरीर पर आजाद, आकाश पुत्रगण अच्छेलाल, सोनू पुत्र जनार्दन, अनुज पुत्र कमलेश, शेखर पुत्र हीरा लाल, आकाश पुत्र राधे, महंथ पुत्र राम अचल, मुनीब पुत्र बलदेव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुलिसकर्मियों ने थाने में मजदूर व उसकी पत्नी को पीटा, स्थिति गंभीर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गाना बजाने को लेकर पड़ोसी से विवाद होने पर कुशीनगर जिले के हाटा थाने के पुलिसकर्मियों ने मजदूर व उसकी पत्नी को बुलाकर पीट दिया। स्वजन का आरोप है कि सिर में चोट लगने से मजदूर थाने में ही अचेत हो गया। घटना के बाद पुलिसकर्मियों ने उसे गोरखपुर लाकर निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां आपरेशन के रुपये न दे पाने पर संचालक ने शुक्रवार की रात एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कालेज भेज दिया। हाटा थाना प्रभारी घटना की जानकारी होने से ही इन्कार कर रहे हैं। कुशीनगर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रामपुर पोटवा गांव निवासी अवधेश कुमार मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाते हैं। पत्नी कुसमावती ने



पीड़ित परिवार संतोष कुमार, अनिल, राधिका, कुसमावती व नीलम ● जागरण

छठ का व्रत किया था। गाना बजाने को लेकर पड़ोसी से विवाद हो गया। आरोप है कि हाटा कोतवाली थाने के दारोगा व सिपाही ने दो नवंबर की सुबह अवधेश व उनकी पत्नी को थाने बुलाया। परिसर में पहुंचते ही पड़ोसी के कहने पर दारोगा व सिपाही ने अवधेश को पीटना शुरू कर दिया। पत्नी के विरोध करने पर उसे लाकअप में बंद कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से अवधेश अचेत हो गए, जिसके बाद पत्नी को छोड़ा गया। आटो से अवधेश व पत्नी को लेकर पुलिसकर्मी गोरखपुर चले आए और कैंट क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। डाक्टर ने सिर में गंभीर चोट लगने की जानकारी देते हुए आपरेशन किए जाने की बात कह रुपये मांगने शुरू किए। स्वजन का आरोप है कि रुपये न दे पाने पर शुक्रवार की रात 10 बजे संचालक ने एंबुलेंस से अवधेश को बीआरडी मेडिकल कालेज भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना हाटा निर्भय सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

# तमंचा व कारतूस साथ गैंगस्टर का आरोपित धराया

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : खोराबार थाना पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर के आरोपित को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। पुलिस उसे अदालत ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी कल्याण सिंह ने बताया कि दारोगा प्रवीण सिंह ने हमराहियों के साथ आरोपित अजय निषाद उर्फ गोलू पुत्र स्व. गिधाऊ को सिक्टौर के पास से गिरफ्तार किया। उसकी तलाश की जा रही थी।

# पांच आरोपित भेजे गए जेल

**जासं, गोरखपुर :** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर चल रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को अलग-अलग थानों की पुलिस ने गैर इरादतन हत्या, चोरी समेत अन्य मामलों में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। सभी पर विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

बड़हलगंज थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोपित थाना क्षेत्र के ग्राम छपिया उमराव निवासी लालधर को डेरवा चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बड़हलगंज संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र के खजुरी पांडेय निवासी अंशु गोंड को पाक्सो एक्ट में और बकरा चोरी के आरोप में मऊ जनपद के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के बहदुराबाद निवासी कैलाश को बकरे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गगहा संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र के राजगढ़ निवासी विपिन यादव उर्फ विशाल को चोरी के आरोप में गगहा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय ले गई, जहां से जेल भेज दिया गया।

# 45 लाख हड़पने में जालसाज गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : कैंट थाना पुलिस ने 45 लाख रुपये हड़पने वाले जालसाज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उस पर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराकर रुपये नहीं देने के आरोप में मुकदमा दर्ज था। आरोपित पर चौरीचौरा थाने में भी जालसाजी के कई और मुकदमे दर्ज हैं।

कैंट थाना प्रभारी शशि भूषण राय ने बताया कि चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम छबैला निवासी अवधेश निषाद ने चौरीचौरा के रामप्यारे को झांसा देकर अपने और अपनी पत्नी के नाम से महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो में स्थित जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। इसके बाद आरोपित ने तय धनराशि 45 लाख रुपये रामप्यारे के खाते में ट्रांसफर नहीं किया, जबकि बैनामा कराते समय आरोपित ने जमीन मालिक को विश्वास दिलाया था कि वह रुपये खाते में भेज देगा। उसने पैसा नहीं भेजा, मांगे जाने पर धमकी देने लगा। पूछताछ में आरोपित ने आरोपों को स्वीकार कर लिया। जालसाज अवधेश पर विधिक कार्रवाई करने के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# भरण-पोषण का पैसा न देने पर पति को जेल

**जासं, मुंडेरा बाजार** : चौरीचौरा थाना पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट के आदेश के बाद भी पत्नी को भरण-पोषण का पैसा न देने वाले मुंडेरा बाजार निवासी श्रवण कुमार जायसवाल को गिरफ्तार कर पारिवारिक न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। चौकी इंचार्ज अवधेश पांडेय ने बताया कि श्रवण पत्नी उषा देवी को पारिवारिक न्यायालय के आदेश पर भरण पोषण के लिए हर माह पैसा देता था। वर्ष 2018 से उसने पत्नी को पैसा देना बंद कर दिया था। बकाया पैसा दो लाख हो गया है। न्यायालय ने पत्नी को पैसा दिलाने का आदेश दिया था। इसके बाद से ही श्रवण फरार था। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# गिने-चुने अस्पतालों में हुआ करता था राज नर्सिंग होम

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : शहर में निजी अस्पतालों की जब शुरुआत हुई, वह 1980 के आसपास का दौर था। उस समय शहर में लगभग चार प्रमुख अस्पताल हुआ करते थे। इनमें से राज नर्सिंग होम एक है। सीएमओ कार्यालय में इस अस्पताल का रजिस्ट्रेशन 2009 में हुआ है। डा. अभिषेक यादव व डा. विनीत मल्होत्रा के नाम से यह अस्पताल रजिस्टर्ड है लेकिन एक महिला के अनुसार उन्होंने इसी अस्पताल में 1984 में आपरेशन कराया था। इसके पहले से यह अस्पताल अस्तित्व में था।

गोरखपुर में 1972 में मेडिकल कालेज खुल गया था। 1973 से वहां ओपीडी भी शुरू हो गया था, लेकिन कालेज दूर होने और शहर में चिकित्सा की अच्छी व्यवस्था न होने से कुछ लोगों ने निजी अस्पताल की नींव रखी। इसी में से एक थे राजाराम यादव। उन्होंने राज नर्सिंग होम की स्थापना की। वह पेशे से शिक्षक थे। दो साल पहले उनकी मृत्यु हो गई। इसके अलावा उस समय शहर में मेडिकल कालेज रोड पर डा. एचएच सिंह का व उंचवा में डा. अजीज अहमद का अस्पताल था। घंटाघर में जनता अस्पताल था।

राजाराम यादव के बाद उनके पुत्र अभिषेक यादव ने राज नर्सिंग होम की कमान संभाली। इसे विस्तार देने की कोशिश में उन्होंने एक चूक कर दी, जो आप पूरे परिवार पर भारी पड़ गई। उन्होंने पिपराइच के तुरा बाजार में एक जमीन लेकर राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज की स्थापना की और और फर्जी मान्यता पर छात्रों का नामांकन कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। तुरा बाजार की जमीन को यूपीएफसी संस्था से नीलामी में वर्ष 1990 में पिपराइच के संजीव रामरायका ने खरीदी थी।

उनसे 2004 में अभिषेक ने क्रय कर लिया। कुछ हिस्सा काश्तकारों से भी लिया गया है। संजीव रामरायका के भतीजे अभिषेक रामरायका ने बताया कि जमीन को लेकर अभी भी केस चल रहा है। तुरा बाजार निवासी वीरेन्द्र दूबे ने बताया कि 2010 के आसपास यहां कालेज बनना शुरू हुआ था। 20012-13 सत्र से इसकी शुरुआत हुई थी।

# छात्रों को ठगने वाले डा. अभिषेक की 100 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## नर्सिंग होम, मकान, भूमि व छह गाड़ियों को कब्जे में लिया गया

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बिना मान्यता के नर्सिंग कालेज में 1200 से अधिक छात्रों का प्रवेश लेकर ठगी करने वाले डा.अभिषेक यादव के नर्सिंग होम, मकान, भूमि व छह वाहनों को पुलिस व तहसील की टीम ने शुक्रवार को कुर्क किया। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने तीन दिन पहले गैंगस्टर के आरोपित डाक्टर, उसकी पत्नी व बहन की 100 करोड़ की चल-अचल संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था। पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित नर्सिंग कालेज व भूमि की कुर्की शनिवार को होगी। गैंगस्टर एक्ट में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

दुर्गाबाड़ी रोड निवासी डा.अभिषेक, पत्नी डा.मनीषा यादव और बहन पूनम यादव की कोतवाली, पिपराइच व चिलुआताल थाना क्षेत्र में स्थित 100 करोड़ की चल व अचल संपत्ति को जिलाधिकारी ने गैंगस्टर एक्ट में कुर्क किया है। इसमें नर्सिंग होम व मकान के अलावा तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरा मेडिकल कालेज, आठ वाहन, चिलुआताल के नकहा में स्थित भूमि शामिल है। अलग-अलग बैंकों में संस्था और तीनों आरोपितों के 15 से अधिक खातों के संचालन पर भी जिलाधिकारी ने रोक लगा दी है।

शुक्रवार की सुबह 11 बजे एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, तहसीलदार सदर विकास सिंह, थानाध्यक्ष तिवारीपुर मदन मोहन मिश्रा फोर्स के साथ दुर्गाबाड़ी रोड स्थित राज नर्सिंग होम पहुंचे। अंदर मौजूद दाई शैला, फूला, रुखसाना और संध्या को बाहर निकालने के बाद ताला लगा दिया। नर्सिंग कालेज के हास्टल, कर्मचारियों के आवास और पार्किंग की भूमि सील कर डुगडुगी बजाकर आसपास के लोगों को बताया कि गैंगस्टर एक्ट में डा.अभिषेक की संपत्ति को जिलाधिकारी ने कुर्क किया है। दोपहर में चिलुआताल के नकहा पहुंची टीम ने डा.अभिषेक की भूमि को कुर्क किया।



जिलाधिकारी के आदेश के बाद दुर्गाबाड़ी रोड पर स्थित राज नर्सिंग होम के पार्किंग स्थल को सील करने पहुंचे एसपी सिटी व पुलिसबल •जागरण

**ऐसे की गई थी छात्रों से जालसाजी:** नर्सिंग छात्रों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि वर्ष 2018-19 एएनएम, जीएनएम वर्ष 2019-20 में एएनएम, जीएनएम और सत्र 2020-21 व 2021-22 में प्रवेश के लिए डोनेशन एवं शासन से निर्धारित फीस से ज्यादा रुपये उनसे लिए गए।

इसके बाद न परीक्षा कराई गई और न ही डिग्री दी गई। प्रथम सत्र के छात्रों को यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से मान्यता बताकर पंजीकरण कराया गया। बाद में पता चला कि राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज की मान्यता नहीं है। संचालक डा.अभिषेक यादव ने फर्जी दस्तावेज दिखाए हैं।

**संयुक्त सचिव ने दर्ज कराया था मुकदमा :** राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज के संचालक डा.अभिषेक यादव के जालसाजी व ठगी के मामले सामने आने पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने आठ जनवरी 2022 को कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

ठगी के शिकार छात्रों के स्वजन ने भी तहरीर दी थी। बाद में तहसीलदार ने पिपराइच थाने में मुकदमा दर्ज कराया। शासन की सख्ती पर 16 सितंबर 2022 को कोतवाली थाना पुलिस ने डा. अभिषेक यादव, पत्नी डा. मनीषा यादव, शाहपुर के बशारतपुर में रहने वाली बहन डा.पूनम यादव, साथी शक्तिनगर निवासी डा.सी प्रसाद उर्फ चौथी, बस्ती जिले के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा थाना क्षेत्र के करमहा निवासी श्यामनरायण मौर्य व मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया। विवेचक तिवारीपुर थानेदार मदन मोहन मिश्रा की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने अपराध से अर्जित 100 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है।

# दस माह में 111 को आजीवन कारावास

## अभियोजकों ने सबसे अधिक सजा दिलाकर गोरखपुर को प्रदेश में बनाया नंबर वन

- प्रभावी पैरवी करने वाले 25 अभियोजन वीर हुए सम्मानित
- एनेक्सी भवन में हुआ कार्यक्रम मौजूद रहे एडीजी जोन व अन्य अधिकारी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : हत्या व दुष्कर्म के 111 आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा दिलाकर गोरखपुर के अभियोजकों ने रिकार्ड बनाया है। इसके पीछे अभियोजन वीर (वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता, पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर) की स्पेशल-25 का योगदान रहा। इस टीम ने प्रभावी पैरवी करके 10 माह में प्रदेश में सबसे ज्यादा आजीवन कारावास की सजा कराई। अभियोजन की टीम स्पेशल-25 को अधिकारियों ने शुक्रवार की शाम एनेक्सी भवन में सम्मानित किया।

आपरेशन शिकंजा के तहत एक जनवरी 2022 से 31 अक्टूबर तक न्यायालय में 209 मुकदमों में 359 लोगों को सजा सुनाई गई, जिसमें हत्या, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के 45 मुकदमों के 111 आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा हुई। इसके अलावा एक मुकदमे में 20 वर्ष, 32 मुकदमों के 48 आरोपितों को 10 वर्ष, 21 मामलों में 44 आरोपितों को सात वर्ष व 110 मुकदमों में 155 आरोपितों को सात वर्ष से कम की सजा हुई। 25 अभियोजन वीरों की प्रभावी पैरवी की वजह से यह संभव हो पाया। शुक्रवार की शाम एनेक्सी भवन में एडीजी जोन अखिल कुमार, मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, डीआइजी जे. रविन्दर गौड, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पूरे प्रदेश में जिले का मान बढ़ाने वाले अभियोजन वीरों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मानिटरिंग सेल प्रभारी/ एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने किया।



एनेक्सी भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित अभियोजन वीरों के साथ एडीजी, कमिश्नर, एडीजी, एसएसपी व अन्य अधिकारी • जागरण

### इनका हुआ सम्मान

जेडी अभियोजन संजय सिंह, एसपीओ वीडी मिश्रा, एपीओ रामध्यान राम, डीजीसी यशपाल सिंह, एडीजीसी राममिलन सिंह, एडीजीसी परमानंद राम त्रिपाठी, एडीजीसी राघवेंद्र राम त्रिपाठी, निरीक्षक सीपी जैसल, आरक्षी पैरोकार अभिषेक कुमार, संतोष कुमार पासवान, राहुल वर्मा, भरत मित्र भागी, आशीष कुमार पांडेय, मनीष यादव, अकील खान, अखिलेश कुशवाहा, उप निरीक्षक धीरेंद्र सिंह यादव, आरक्षी सुनील सिंह, राजकुमार, पुनीता मौर्य, उप निरीक्षक राम लौट सिंह, महिला आरक्षी अर्चना शर्मा, सुरेंद्र कुमार यादव, पंकज कुमार पांडेय, लक्ष्मी सिंह, कृष्ण मोहन प्रजापति।

### यहां लोगों को हुए आजीवन कारावास

| जिला | संख्या |
|---|---|
| गोरखपुर | 111 |
| प्रयागराज | 28 |
| वाराणसी | 27 |
| कानपुर | 27 |
| आगरा | 26 |
| लखनऊ | 24 |
| गाजियाबाद | 19 |
| मेरठ | 19 |

यह उपलब्धि कोई साधारण नहीं है। न्याय की प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए अपराधियों को सजा दिलाना हम सबकी प्राथमिकता होती है। 10 माह के भीतर एक जिले में हत्या व दुष्कर्म के 111 आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा दिलाना बहुत बड़ी उपलब्धि है। उम्मीद है कि यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। अपराधियों को मिल रही सजा से पूर्वी उत्तर प्रदेश का माहौल भय मुक्त हो चुका है, जिसकी वजह से बड़ी तेजी से उद्योग लग रहे हैं। अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए हम सबको यह प्रयास आगे भी जारी रखना होगा।

**रवि कुमार एनजी**, मंडलायुक्त

अपराधियों को सजा दिलाकर भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए शासन ने 2018 में मानीटरिंग सेल का गठन किया था। गोरखपुर में यह सेल बहुत ही प्रभावी तरीके से कार्य कर रहा है। इसका परिणाम आज सबके सामने आए है। इसी तर्ज पर रेंज के सभी जिलों में मानीटरिंग सेल सक्रिय किया जाएगा।

**जे. रविन्दर गौड**, डीआइजी रेंज

अपराधी को सजा मिलने के बाद न्याय का चक्र पूरा होता है। अपराधियों को सजा मिलने से पीडित का न्याय में विश्वास बढ़ता है। 10 माह की उपलब्धि से टीम का उत्साह बढ़ा है। कोशिश होगी कि 31 दिसंबर तक आजीवन कारावास की सजा पाने वालों की संख्या 150 पार हो जाए।

**डा. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

# पांच हत्यारोपितों को आजीवन कारावास

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** प्रधान पति की हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने गगहा थाना क्षेत्र के सोहगौरा निवासी अभियुक्त कुटान उर्फ दिलीप तिवारी, राजा तिवारी उर्फ राजबहादुर, आशुतोष उर्फ लहरी, संजय तिवारी व लवलू उर्फ ब्रम्हानंद मिश्र को आजीवन कारावास व जुर्माने से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी अविनाश तिवारी गगहा थाना क्षेत्र के सोहगौरा का निवासी है। उसकी माता ग्राम प्रधान थीं। ग्राम पंचायत में जो भी सरकारी कार्य होता था, उसकी देखरेख वादी के पिता दिनेश राम तिवारी करते थे। 13 मार्च 2013 की सुबह करीब आठ बजे वह केशव बनिया के घर के पास नाली का निर्माण कार्य देखने गए थे। वहां पर पहले से अभियुक्तगण हाथ में असलहा लेकर खड़े थे। वादी के पिता को देखते ही अभियुक्त कुटान उन्हें गाली देते हुए जान से मारने के लिए ललकारा। उसके ललकारते ही सभी अभियुक्त एक राय होकर पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर वादी के पिता को पकड़ लिया और अभियुक्त लालबहादुर उर्फ लाल बाबू ने उनके पेट में तथा अभियुक्त लवलू मिश्रा ने सिर में गोली मार दी। वादी के पिता दिनेश तिवारी की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# तीन दिन बाद बरामद हुआ नदी में डूबे युवक का शव

**चिलुआताल** : थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल नंदलाल सिंह के पास कटनिया पुल के नीचे दो अक्टूबर को नहाते समय डूबे युवक का शव शुक्रवार को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद कर लिया। तिवारीपुर थाना क्षेत्र के बहरामपुर निवासी 30 वर्षीय चनई चिलुआताल थाना क्षेत्र के जंगल नंदलाल सिंह निवासी अनिरुद्ध पुत्र स्व. रामकन के घर रिश्तेदारी में आया था। दो अक्टूबर को दोपहर में गांव के बगल में स्थित कटनिया पुल के नीचे रोहिन नदी में नहाने चला गया। इस दौरान पैर फिसलने से वह डूब गया था। (जासं)

# जांच पूरी, नहीं हुई थी हत्या की कोशिश

- सीबीआइ के डिप्टी एसपी को जान से मारने की कोशिश करने का मामला
- ट्रक चालक की मृत्यु होने पर पुलिस ने मुकदमे में लगाई एफआर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : सीबीआइ (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) के डिप्टी एसपी रूपेश श्रीवास्तव को जान से मारने की कोशिश नहीं हुई थी। गुलरिहा क्षेत्र में हुए हादसे में उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई थी। गाड़ी में पीछे से टक्कर मारने वाले चालक की मृत्यु होने की वजह से पुलिस ने मुकदमे में एफआर (अंतिम रिपोर्ट) लगा दी है।

महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के पिपरालाला गांव के रहने वाले रूपेश श्रीवास्तव सीबीआइ की दिल्ली शाखा में डिप्टी एसपी के पद पर तैनात हैं। 11 अगस्त को वह दिल्ली से एक दिन की छुट्टी पर घर आए थे। 12 अगस्त की रात आठ बजे निजी वाहन से चालक के साथ गांव से गोरखपुर आ रहे थे। गुलरिहा क्षेत्र में बरगदही के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी स्कार्पियो गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक सड़क किनारे पड़े गिट्टी के ढेर पर चढ़कर पलट गया। इस दौरान ट्रक चालक कुशीनगर जिले के कुसरौली

> सीबीआइ के डिप्टी एसपी की गाड़ी हादसे में क्षतिग्रस्त हुई थी। जांच में साजिश के तहत जानलेवा हमला किए जाने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। ट्रक चालक की मृत्यु होने की वजह से गुलरिहा थाना पुलिस ने मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट लगा दी है।
>
> मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ

निवासी 28 वर्षीय बदन कुमार की मौत हो गई थी। ट्रक में सवार अन्य लोग फरार हो गए थे।

डिप्टी एसपी ने जताई थी साजिश की आशंका : सीबीआइ अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने जिले के पुलिस अधिकारियों को बताया था कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के चारा घोटाला और रेलवे भर्ती घोटाला, कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम सहित कई राज्य और केंद्र सरकार

### जांच करने लखनऊ से आए थे सीबीआइ के अधिकारी

घटना की जानकारी डिप्टी एसपी ने सीबीआइ के अधिकारियों को भी दी थी। साजिश की आशंका जताने पर 13 अगस्त को लखनऊ से सीबीआइ के अधिकारी गोरखपुर पहुंचे। गुलरिहा थाना व घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने मामले की जांच भी की थी।

के मंत्रियों के हाई प्रोफाइल मामले की जांच उन्होंने की है। साजिश के तहत उन्हें जान से मारने का प्रयास किया गया है। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर के आदेश पर गुलरिहा थाना पुलिस ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया था। एसपी नार्थ को मामले की जांच मिली। फोरेंसिक टीम के साथ उन्होंने छानबीन की, ट्रक चालक की काल डिटेल निकलवायी। साजिश रचे जाने का कोई साक्ष्य नहीं मिला, जिसके बाद गुलरिहा थाना पुलिस ने एक नवंबर को मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट लगा दी।

# मारपीट में 10 लोगों को लगी चोट, 17 पर मुकदमा

**सहजनवां** : गीडा थाना क्षेत्र के पेवनपुर में भूमि विवाद में हुई मारपीट में 10 लोग घायल हो गए। दोनो पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने 17 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। विवाद  दो पक्षों राजेश उपाध्याय और पन्नू उपाध्याय के बीच हुआ।

# खोराबार पुलिस ने दर्ज किया चोरी का मुकदमा

**गोरखपुर** : सहारा इस्टेट में व्यापारी के घर हुई चोरी के मामले में खोराबार थाना पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया। व्यापारी राकेश सिंह ने खोराबार थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गुरुवार की दोपहर 12 बजे पत्नी अनीता के साथ बाजार गए थे। दो घंटे बाद पहुंची नौकरानी वंदना ने घर में चोरी होने की जानकारी दी। चोर नकदी समेत 30 लाख रुपये कीमत का सामान ले गए हैं। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि छानबीन चल रही है। (जासं)

# ढाबे पर काम करते पांच नाबालिग कराए गए मुक्त मालिकों पर लगा जुर्माना

**जासं, सहजनवां** : हाईवे किनारे स्थित ढाबों पर काम कर रहे पांच नाबालिगों को श्रम विभाग और एएचटी थाना की पुलिस ने शुक्रवार को मुक्त कराया। ढाबा मालिकों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। टीम का नेतृत्व कर रहे श्रम प्रवर्तन अधिकारी राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि कालेसर जीरो प्वाइंट से सीहापार हाल्ट तक हाईवे के किनारे ढाबों की जांच की गई। इस दौरान एएचटी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता आदि शामिल रहे।

# हत्या के पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**गोरखपुर।** गगहा इलाके के सोहगौरा में प्रधान पति दिनेश राम तिवारी की 2013 में हुई हत्या में शामिल पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने गगहा थाना क्षेत्र के सोहगौरा निवासी अभियुक्त कुटान उर्फ दिलीप तिवारी, राजा तिवारी उर्फ राजबहादुर, आशुतोष उर्फ लहरी, संजय तिवारी व लवलू उर्फ ब्रम्हानंद मिश्र को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव ने पक्ष रखते हुए सजा के लिए पैरवी की। ब्यूरो

# सीबीआई अफसर को ट्रक से कुचलने की नहीं थी साजिश

## जांच में हादसा पाए जाने पर गुलरिहा पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गुलरिहा इलाके में सीबीआई अफसर रूपेश श्रीवास्तव को साजिशन ट्रक से कुचलने की कोशिश नहीं की गई थी। गाड़ी में टक्कर महज हादसा ही था।

ट्रक चालक की हादसे के समय ही मौत हो गई थी, इस वजह से कोई गुनाहगार भी नहीं बचा। जांच और साक्ष्यों के आधार पर एक नवंबर को गुलरिहा पुलिस ने एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगाकर फाइल बंद कर दी।

जानकारी के मुताबिक, महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के पिपरालाला गांव के मूल निवासी रूपेश श्रीवास्तव सीबीआई में डिप्टी एसपी के पद पर हैं। 12 अगस्त 2022 को गांव से लौटते समय उसके वाहन में दो बार एक ट्रक से टक्कर लगी। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम जैसे हाईप्रोफाइल केस की जांच में शामिल होने की वजह से रूपेश ने ट्रक से कुचलने की कोशिश का केस दर्ज कराया था।

### हादसे में ट्रक चालक की उसी दिन हो गई थी मौत, इसलिए कोई गुनहगार नहीं बचा

पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया था। जांच की तो पता चला कि हादसे के बाद ट्रक चालक की दबकर मौत हो गई थी और उस ट्रक में उसके अलावा कोई शामिल नहीं था। ट्रक कुशीनगर के निवासी का था और वह सामान उतारकर लौट रहा था।

सीसी टीवी कैमरे, ट्रक के आने के रास्तों की जांच व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पाया कि उस दिन महज हादसा हुआ था, कोई कुचलने की कोशिश नहीं की गई थी। इसी आधार पर पुलिस ने केस को खत्म करने हुए फाइनल रिपोर्ट लगा दी।

*पुलिस की जांच में महज हादसा सामने आया है। जांच और वैज्ञानिक साक्ष्यों के बाद पुलिस ने एक नवंबर को फाइनल रिपोर्ट लगा दी है।*

***-मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ*

**कुशीनगर का रहने वाला था ट्रक ड्राइवर :** ट्रक ड्राइवर की पहचान कुशीनगर जिले के सुकरौली के रहने वाले बदन कुमार (28) के रूप में हुई थी। उसकी हादसे के समय ही मौत हो गई थी। ट्रक को जब हटाया गया तो उसकी लाश दबी हुई मिली थी।

# आजीवन कारावास दिलाने में गोरखपुर पुलिस अव्वल

## पुलिस की पैरवी से 111 लोगों को 45 मामलों में हुआ आजीवन कारावास

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुकदमों की मॉनीटरिंग व प्रभावी पैरवी के दम पर गोरखपुर पुलिस, आजीवन कारावास की सजा दिलाने में प्रदेश के बड़े जिलों लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी से भी आगे निकल गई है। एक जनवरी 2022 से 31 अक्तूबर 2022 तक 45 मुकदमों में 111 लोगों को आजीवन कारावास की सजा हुई है।

मॉनीटरिंग सेल के बेहतर काम को देखते हुए शुक्रवार को एनेक्सी भवन में अभियोजनवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन पुलिसकर्मी, अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया, जिनकी दोषियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

समारोह में एडीजी अखिल कुमार, कमिश्नर रवि कुमार एनजी, डीआईजी जे. रविंद्र गौड़, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर की मौजूदगी में सभी को सम्मानित किया गया। एसएसपी डॉ. गौरव ने स्वागत करते हुए कहा कि 2018 में मॉनीटरिंग सेल को एक्टिव किया गया था। इसके बाद से ही सेल ने काम शुरू किया। पहले साल आठ लोगों को सजा दिलाई गई, फिर कोरोना काल में 14 और अब 111 लोगों को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में सफलता मिली है।

संचालन कर रहे एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मॉनीटरिंग सेल को पूरी तरह से एक्टिव करने में एडीजी अखिल कुमार, डीआईजी जे. रविंद्र की भूमिका अहम है। डीआईजी तो खुद ही केस को खोजकर यह तक पूछ लेते हैं कि किस जिले में गवाह है, बताओ, मैं खुद कर लेता हूं।

सभी के संयुक्त प्रयास की देन है कि आज गोरखपुर अन्य जिलों से आगे निकला है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी नार्थ मनोज अवस्थी, एसपी जेल ओपी कटियार, सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह, सीओ कैंट श्यामदेव विंद आदि उपस्थित रहे।



अभियोजन वीर सम्मान समारोह में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को सम्मानित एडीजी अखिल कुमार, डीआईजी जे रविन्द्र गौड़, कमिश्नर रवि कुमार व अन्य। संवाद

### इनको किया गया सम्मानित

**आरक्षी** पैरोकार झंगहा अभिषेक कुमार, सहजनवां संतोष कुमार पासवान, बेलीपार राहुल कुमार वर्मा, कैंपियरगंज भरत मित्र भागी, पिपराइच आशीष कुमार पांडेय, गगहा मनीष कुमार यादव, कैंट अकील खान, शाहपुर अखिलेश कुमार कुशवाहा, डीजे कोर्ट धीरेंद्र सिंह यादव, पॉक्सो कोर्ट संख्या चार सुनील कुमार सिंह, पॉक्सो कोर्ट नंबर एक राजकुमार, गैंगस्टर कोर्ट पुनीता मौर्या, मॉनीटरिंग सेल चंद्रिका प्रसाद जैशल, उप निरीक्षक मॉनीटरिंग सेल रामलौट सिंह, अर्चना शर्मा, सुरेंद्र कुमार यादव, पंकज कुमार पांडेय, लक्ष्मी सिंह, संजय सिंह, एसपीओ राम ध्यान राम, डीजीसी फौजदारी यशपाल सिंह, एडीजीसी फौजदारी राम मिलन सिंह, एडीजीसी परमानंद राम त्रिपाठी, राघवेंद्र राम त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

### गोरखपुर में हुई सजा का विवरण

| | |
|---|---|
| आजीवन कारावास | 111 |
| 20 वर्ष से अधिक की सजा | 1 |
| दस वर्ष की सजा | 48 |
| सात वर्ष की सजा | 44 |
| सात वर्ष से कम की सजा | 155 |

# दो युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ का केस

गुलरिहा। इलाके के एक गांव की युवती से छेड़खानी व धमकी देने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। आरोप है कि छठ पर्व के दिन से ही आरोपी छेड़खानी कर रहे थे। पुलिस गांव के ही दो युवकों पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# राज नर्सिंग कॉलेज के मालिक की 60 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## राज नर्सिंग होम सहित तीन प्रापर्टी पर लटका सरकारी ताला, 40 करोड़ से अधिक की संपत्ति और सामने आई, जल्द ही होगी कुर्क

अमर उजाला ब्यूरो




गैंगस्टर एक्ट के आरोपी नर्सिंग कॉलेज संचालक डॉ. अभिषेक यादव का नर्सिंग होम सील करते हुए। अमर उजाला

### डॉ. अभिषेक के साथ ही पत्नी और बहन भी हैं आरोपी



डॉ. अभिषेक का नर्सिंग होम सील कराने पहुंचे एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, साथ में तहसीलदार विकास सिंह डुगडुगी पिटवाते हुए। अमर उजाला

### छात्रों ने भी दर्ज कराया था जालसाजी का केस

### डॉक्टर अभिषेक पर दर्ज है 19 मुकदमे

-कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

### छह छात्र गए थे जेल, फर्स्ट ईयर का रिजल्ट निकला था फर्जी

#### कहीं नहीं मिल रही नौकरी



नर्सिंग होम सील होने से पहले सामान निकालते हुए। अमर उजाला

### यह है मामला

# छात्र की पिटाई के मामले में चार पर केस

हरपुर बुदहट। इलाके के अहिरौली में छठ पूजा का भंडारा खाने गए इंटर के छात्र की पिटाई मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोनू, महंत, अनुज और आकाश के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, अहिरौली गांव में बुधवार रात विशाल (18) अपने मित्र समीर के घर के पास छठ पर्व के भंडारे में पहुंचे थे। पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ों ने पिटाई कर दी। ब्यूरो

# असलहा के साथ फोटो लगाने पर केस

हरपुर बुदहट। इलाके के जलालाबाद गांव के एक युवक ने असलहे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर दी। गांव की महिला ने एसएसपी से शिकायत दर्ज कराई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, महिला ने दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि गांव के विनय मिश्रा आए दिन गांव में असलहे का प्रदर्शन करते हैं। गांव में भय का माहौल है। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर फोटो भी असलहे के साथ लगा दी। ब्यूरो

# दो दिवसीय दौरे पर आज गोरखपुर आएंगे सीएम योगी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार की सुबह गोरखपुर आएंगे। वह बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। वहां से सीएम गोरखनाथ मंदिर जाएंगे। जहां कुछ देर तक उनका समय आरक्षित रहेगा।

सीएम दोपहर बाद करीब तीन बजे एनेक्सी भवन सभागार पहुंचेंगे और यहां शहर के 181 उद्यमियों और व्यापारियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री रविवार की सुबह जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के बाद बलिया के लिए रवाना हो जाएंगे। संवाद

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-11-2022

# तमंचा के साथ एक धराया

देवरिया(एसएनबी)। अपने सोशल एकाउंट पर असलहे के साथ फोटो वायरल करने वाले युवक को महुआडीह पुलिस ने 315 बोर के अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। महुआडीह के थानाध्यक्ष डा. महेन्द्र कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भीम यादव पुत्र मुनीब यादव निवासी चिउरहा खास थाना महुआडीह जनपद देवरिया के अवैध असलहे के साथ वायरल फोटो से आम जनजीवन में भय व्याप्त था। लोगों द्वारा तरह-तरह की चर्चा की जा रही थी। इस संबंध में अवैध असलहे की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गयी थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर चिउरहा खास नहर पुलिया क पास से अनीश यादव उर्फ भीम यादव पुत्र मुनीब यादव को गिफ्तार किया गया। साथ ही उसके पास से विभिन्न सोशल मीडिया पर वायरल अवैध तमंचा चालू हालात में व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना रामपुर कारखाना में भी मु.अ.सं. 20/2020, धारा 376,506 आईपीसी के तहत मुकमा पंजीकृत है। अभयुिक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में महुआडीह के थानाध्यक्ष डा. महेन्द्र कुमार, एस.आई. धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, अश्वनी प्रधान व दिनेश कुमार मौर्य तथा कां. अमित यादव व चन्दन गुप्ता शामिल रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 05/11/22

# चौकी प्रभारी के अथक प्रयास से मिली महिला का अंगूठी

नवलपुर। सलेमपुर कोतवाली के अंतर्गत नवलपुर चौकी क्षेत्र के जिगनीबाद निवासी अनीता पत्नी अवधेश का छठ पूजा के दिन पूजा करते समय छठ घाट पर ही अंगूठी गिर गया कुछ समय बाद उस ही गाँव के किसी एक लोग को वह अंगूठी मिला जो की वह लोग नवलपुर चौकी प्रभारी को ला कर दिया जिसे अथक प्रयास के बाद पता लगाने के बाद पता चाल की मिला हुआ अंगूठी अनीता पत्नी अवधेश की है जिसे चौकी प्रभारी जितेंदर बहादुर सिंह द्वारा सुपुर्द किया गया जिसे क्षेत्र मे काफी सराहना किया जा रहा है।

# पांच नामजद सहित 25 अज्ञात पर केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महराजगंज टोला मंझरिया टोला में अभियुक्त गण द्वारा अकारण वादी के बगलगीर चंदा यादव पुत्री रामकेवल यादव के घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास करना एवं वादी द्वारा विरोध करने पर लाठी डण्डा से मारना पीटना व जानमाल की धमकी देने पर पुलिस ने उक्त गांव निवासी रामअशीष चौहान पुत्र स्व. दूधनाथ चौहान के तहरीर पर अनूप पुत्र रामनवमी यादव, विजय पुत्र सुरेन्द्र, अंकित पुत्र कन्हैयालाल, सुनील सहित 25 अज्ञात लोगों पर धारा 147, 148, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# असलहे के साथ पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

देवरिया/महुआडीह, निज संवाददाता। विश्वकर्मा पूजा के दिन पिस्टल और तमंचा की पूजा कर अपने फेसबुक और वाट्सएप का स्टेटस लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध असलहा भी बरामद किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को युवक का चालान कर दिया।

महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा खास निवासी अनीश यादव उर्फ भीम यादव ने विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने घर में रखा अवैध पिस्टल और तमंचा की पूजा कर फोटो अपने फेसबुक और वाट्सएप के स्टेटस पर लगाया था। लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस के अधिकारियों से की।

एसपी ने इसे सोशल मीडिया सेल को दी। सोशल मीडिया सेल ने इसकी जानकारी महुआडीह पुलिस को दी। शुक्रवार को सूचना पर असलहा का फोटो वायरल करने वाला व्यक्ति को बालकुंआ के समीप पुलिया के समीप से पुलिस ने दबोच लिया। युवक की तलाशी लेने पर पुलिस को एक तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने पिस्टल के बारे में पूछताछ की, लेकिन उसे बरामद नहीं कर सकी। पुलिस ने मामले में गिरफ्तार अनीश यादव उर्फ भीम यादव के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। युवक के विरुद्ध दो वर्ष पूर्व रामपुर कारखाना में 2020 में रेप के आरोप में भी गिरफ्तार हुआ था। उसके विरुद्ध रामपुर कारखाना में मुकदमा दर्ज हुआ था।

हिन्दुस्तान दि. 05/11/22

# लापरवाही पर तत्कालीन थानेदार समेत दो निलंबित

- बरियारपुर थाना क्षेत्र आरोपी को पकड़ कर छोड़ने का आरोप
- पीड़ित की तहरीर पर मामले में छह लोगों पर दर्ज हुआ था केस

देवरिया, निज संवाददाता। हत्या के प्रयास के मामले में विवचेना में लापरवाही बरतने वाले विवेचक और तत्कालीन थानेदार को एसपी ने गुरुवार को निलम्बित कर दिया। दोनों पर हत्या के प्रयास करने वाले अभियुक्त को पकड़ कर छोड़ने का आरोप था।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के चकबन्दी उर्फ प्रानपुर के रहने वाले गुलाब यादव पुत्र कुतू को गांव के कुछ लोगों ने 26 नवम्बर 2021 को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। तत्कालीन थानेदार ने इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई तो उन्होंने बरियापुर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। इसके बाद बरियारपुर पुलिस ने अरविन्द तिवारी, गिरिश तिवारी, देवेश तिवारी, फुलपरी, हेमलता और प्रेमलता के विरुद्ध 147, 504, 506, 352, 323, 341, 452, 427 और 307 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

मामले की विचेना तत्कालीन थानेदार आशुतोष कुमार ने दरोगा चन्द्रशेखर सिंह को दिया। आरोप है कि घटना में विवेचना निष्पक्ष रुप से नहीं की गई। इसी बीच थानेदार का तबादला हो गया। पीड़ित ने एसपी से शिकायत किया तो उन्होंने इसकी जांच कराई। मामले में विवेचक और तत्कालीन थानेदार पर लगे आरोप सही मिले। इस पर एसपी ने गुरुवार की देर शाम को तत्कालीन थानेदार आशुतोष कुमार (वर्तमान में महिला सुरक्षा प्रकोष्ट में तैनात हैं) और दरोगा चन्द्रशेखर सिंह को निलम्बित कर दिया है।

# दो कम्बाइन मशीनें पुलिस ने सीज कीं

रुद्रपुर। क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में कम्बाइन मशीन से धान की कटाई हो रही थी। जिसकी सूचना हल्का लेखपाल वृजेश शुक्ल ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दी। जिस पर रामलक्षन चौकी के इंचार्ज राधेश्याम चौधरी ने अपने हमराही सिपाही के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया है कि महेशपुर गांव में एकला मिश्रौलिया गांव के रहने वाले रमेश यादव की कम्बाइन से धान के फसल की कटाई हो रही थी। जबकि सूरजपुर गांव में मांगा कोडर गांव के रहने वाले अभिषेक निषाद पुत्र उग्रसेन निषाद का मशीन कटाई कर रहा था। इन दोनों कम्बाइन मशीनों को मौके से गिरफ्तार कर सीज कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि इन दोनों कम्बाइन मशीनों में फसल अवशेष प्रबन्धन यंत्र का उपयोग नहीं किया जा रहा था।

हिन्दुस्तान दि. 05/11/22

# 7 लोगों पर बलवा और छेड़खानी का केस दर्ज

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। महुआडीह पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, घर में घुसकर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के मुख्यमंत्री पोर्टल पर दुबारा शिकायत करने के बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपियों की छानबीन में लग गई है।

महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव में 22 अक्टूबर को आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुंसकर एक महिला की जमकर पिटाई कर दी थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसके नातिन से आरोपियों ने छेड़खानी भी किया था। पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। महिलाओं ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया। महिला की शिकायत के बाद महुआडीह हरकत में आई। लेकिन पुलिस तहरीर बदलवाने का दबाव बनाने लगी। पीड़िता के दूसरी बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बाद देर रात महुआडीह पुलिस ने आनन-फानन में उसे थाने पर बुलाया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर श्रीनिवास, मिनीष, दिलीप, मालती, सुनीता, सुमन और पूनम के खिलाफ केस दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि. 05/11/22

पीड़ित ने नौकरी नहीं मिलने पर मांगा रुपया तो किया हमला, कोतवाली के भीखमपुर रोड का रहने वाला है युवक

# नौकरी के नाम पर पांच लाख लिए, केस

**जालसाजी 1**

देवरिया, निज संवाददाता। नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति ने बेरोजगार युवक से पांच लाख रुपया ले लिया। रुपये लेने के कई माह तक नियुक्ति कराने के लिए झासा देता रहा। नौकरी नहीं मिलने पर पीड़ित ने रुपया मांगा तो लोहे के राड से युवक पर हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी और गबन का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भीखमपुर रोड का रहने वाले अंगेश कुमार पुत्र वृज किशोर तिवारी ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 2020 में रामनाथ देवरिया के रहने वाले एक व्यक्ति ने नौकरी दिलाने की बात कही। उनसे उस समय शैक्षिक प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी लिया। उसके बाद अलग अलग तिथियों में एक लाख खाते में और चार लाख रुपये नगद ले लिया। रुपये लेने के साथ ही रुपये लेने के बाद से नियुक्ति जल्द होने का आश्वासन देता रहा। देखते ही देखते दो वर्ष हो गया, लेकिन नौकरी नहीं लगी। इस पर पीड़ित अपना रुपया मांगने लगा। पिछले दिनों पीड़ित युवक के घर पहुंचा और अपना रुपया मांगने लगा। इस पर युवकों ने लोहे की रॉड से मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। आस पास के लोगों ने बीच बचाव कर पीड़ित को बचाया और इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

वीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने रजनीश कुमार पाण्डेय और अभिनाष पाण्डेय पुत्रगणं धुरऊ निवासी रामनाथ देवरिया थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध धारा 323, 352, 406, 420, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## कर्मचारी के खाते से उड़ाए थे 5.57 लाख

- जनवरी से मार्च 2017 के बीच जालसाजों ने व्यक्ति के खाते से उड़ाए रुपये
- मदनपुर थाना क्षेत्र के देवकली हेमराज गांव का रहने वाला है कर्मचारी



**2** देवरिया, निज संवाददाता। कर्मचारी के खाते से रुपये उड़ाने वाले अज्ञात जालसाजों के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। कर्मचारी के खाते से जनवरी से मार्च 2017 के बीच 5.57 लाख रुपये की निकासी और खरीदारी किया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। जिससें पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाया था।

मदनपुर क्षेत्र के देवकली हेमराज गांव के रहने वाले रामाज्ञा यादव पुत्र यदुनन्द यादव सरकारी कर्मचारी है। उन्होंने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनका खाता शहर के राघव नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक में है। उन्होंने वर्ष 2016 में बेटी की शादी के लिए जीपीएफ से लोन लिया था। लोन की धनराशि बैंक के खातां में जमा था। जनवरी से मार्च 2017 कें बीच जालसाजों ने खाते से 5.57 लाख रुपये निकाल लिया और खरीदारी भी किया। इसके बारे में जानकारी होने पर बैंक की शाखा से सम्पर्क किया गया, लेकिन शाखा प्रबंधक ने इस पर ध्यान नहीं दिया। मामले की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दिया गया, पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिससे पीड़ित ने न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायालय ने मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश सदर कोतवाली पुलिस को दिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात के विरुद्ध धारा 419, 420, 406, 120 बी आईपीसी और 66 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-11-2022

# हिस्ट्रीशीटर को रिमांड पर लिया, असलहा बरामद

पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर सुजीत शर्मा का वीडियो सात अक्तूबर को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में वह कुछ लोगों को धमकी देते हुए सीएम को लेकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहा था। मामले पटहेरवा पुलिस ने उसी दिन केस दर्ज कर लिया था और उसकी तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन उसने सबको चकमा देकर कुछ दिन के अंदर ही न्यायालय में समर्पण कर दिया। इस मामले में पटहेरवा पुलिस ने अभियुक्त को रिमांड पर लिया और उसके निशानदेही पर असलहा बरामद कर लिया। पटहेरवा एसओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि असलहा बरामद कर लिया गया है।

# ग्राम प्रधान समेत 13 पर मारपीट का केस

पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। पटहेरवा थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गाव में गुरुवार की शाम दो पक्षो में हुई मारपीट की घटना में सिंदुरिया निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत तीन नामजद व 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गोलबंद होकर मारपीट करने का केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस अब आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

गुरुवार की शाम सिंदुरिया में दो पक्षो में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखकर

- पटहेरवा थाना क्षेत्र के सिंदुरिया में दो पक्षों के बीच हुई थी मारपीट
- तहरीर मिलने के बाद तीन नामजद और 10 अज्ञात पर केस दर्ज

मौके से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया था। घटना में थाना क्षेत्र के गांव सिंदुरिया निवासी रमेश कुशवाहा ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उन्होंने ग्रामसभा में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र में हो रही अनियमितता की शिकायत की थी। शिकायत की जांच गुरुवार के दिन हो रही थी और वह अपनी बात रख रहे थे। तभी पहले से तैयार प्रधान प्रतिनिधि जाहिर, इल्ताफ व आमिर के साथ एक दर्जन उनके समर्थकों ने हमला बोल दिया। इस हमले में उनके अलावा पुत्र अवधेश व बीरेश भी बुरी तरह से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले में केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस पाठशाला में प्रशिक्षित हुए छात्र

**पडरौना।** लोकमान्य इंटरमीडिएट कालेज सेवरही में छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जानकारी देने के लिए पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। इसमें उन्हें साइबर अपराध से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया गया।

सेवरही कस्बा चौकी प्रभारी मंगेश कुमार मिश्र ने कहा कि समझदारी से काम लिया जाए तो सोशल साइट्स पर बदनामी से बचने के साथ ठगी से भी बचा जा सकता है। समझदारी से किसी की भी जिंदगी में दुश्वारी नहीं आ सकती।

# बिहार बॉर्डर पर अंग्रेजी शराब की 144 टेट्रापैक बरामद

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में खड्डा पुलिस द्वारा अवैध शराब की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार की सुबह सालिकपुर चौकी की पुलिस ने टेंपो में बोरे में रखकर तस्करी कर ले जा रही 144 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद किया।

इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। यूपी-बिहार सीमा पर स्थित खड्डा थाने की सालिकपुर पुलिस चौकी इंचार्ज प्रमोद गौतम शुक्रवार की सुबह सन्तोष सिंह, चन्दन यादव, सौरभ सिंह, हरि अनुग्रह सिंह के साथ चौकी पर बिहार जाने वाली गाड़ियों की चेंकिग कर रहे थे। इसी दौरान उधर से गुजर रही टेम्पू की पुलिस कर्मियों ने तलाशी ली। तलाशी के दौरान तीन गत्तों में रखा 144 टेट्रापैक अंग्रेजी शराब बरामद हुआ।

# तीस किमी परिधि में खंगाले 1800 सीसीटीवी

**फॉलोअप**

■ शैलेन्द्र मिश्र

**21.54**

**लाख कैशबॉक्स समेत चोरी का है मामला**

■ **एटीएम का सीसी कैमरा सर्वर से नहीं जुड़ा था, डीवीआर करप्ट था**

पडरौना। तमकुहीराज में हुए एटीएम के कैश बॉक्स चोरी मामले में पुलिस टीमें घटना के बाद से ही चोरों के सुराग के लिए लगातार प्रयासरत है मगर उनके शातिराना अंदाज से अब तक कोई भी सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग सके हैं। चोरों के सुराग की तलाश में पुलिस टीमें एटीएम के दोनों तरफ जाने वाले मार्गों पर 30 किमी की परिधि में लगे 1800 सीसीटीवी खंगाल चुकी है, बावजूद चोरों का सुराग नहीं मिला।

26 अक्टूबर की रात तमकुहीराज के हरिहरपुर में फोरलेन के सर्विस रोड के किनारे ममता हॉस्पिटल के पास स्थित एसबीआई के एटीएम में गैस कटर से काट कर चोर एटीएम का कैश बॉक्स चुरा ले गये, जिसमें 21.54 लाख रुपये थे। एटीएम में चोरी होने की जानकारी स्थानीय लोगों घटना के अगले दिन 27 अक्टूबर की सुबह हुई। लोगों ने घटना की सूचना मुकामी पुलिस व बैंक के अधिकारियों को दी। सूचना पाकर सीओ जितेन्द्र सिंह कालरा व थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार राय मौके पर पहुंच कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गए। सूचना मिलते ही एसपी धवल जायसवाल भी मौके पर पहुंचे। एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह की अगुवाई में फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट व डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंच कर बारीकी से घटना की जांच में जुट गई। वहीं मौके पर पहुंच घटना की जानकारी लेने के बाद डीआईजी जे रविन्द्र गौंड़ ने कहा था कि घटना को पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया है। खुलासे के लिए कई टीमें लगायी गयी हैं। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे। उसी दिन से पुलिस चोरों के सुराग के लिए लगातार पसीने बहा रही है। एसपी खुलासे में लगी पुलिस टीमों से पल-पल की अपडेट ले रहे हैं।

> पुलिस टीमें एटीएम कैश बॉक्स चोरी की घटना के खुलासे में जुटी हुई हैं। चोरों का सुराग लगाने में सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। घटना के शीघ्र खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।
>
> -धवल जायसवाल, एसपी

चोरों ने जिस तरह से गैस कटर से एटीएम के कैश बॉक्स को काटा और उसमें रखे रुपयों को रत्ती भर नुकसान नहीं पहुंचा उससे पुलिस शुरू से मानकर चल रही है कि चोरी की इस घटना में पेशेवर चोर लिप्त हैं। चोरों के सुराग के लिए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू किया तो पता चला कि एटीएम का सीसीटीवी कैमरा सर्वर से नहीं जुड़ा था और उसका डीवीआर भी करप्ट था। फिर सीसीटीवी कैमरों की जांच का दायरा बढता गया और एटीएम के दोनों तरफ के मार्गों पर 15-15 किमी तक लगे 1800 सीसीटीवी कैमरों को खंगाल दिया गया पर किसी भी कैमरे में चोरों की हरकतें कैद नहीं मिली।

# देहरा हत्याकांड: क्लू तलाशने आई टीम

- खड्डा क्षेत्र के बन्धुछपरा गांव में चार वर्ष पूर्व हुआ था दोहरा हत्याकांड
- हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीसीआईडी की टीम मामले की कर रही जांच

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम बन्धुछपरा में चार वर्ष पूर्व हुए दोहरे हत्याकांड की जांच शुक्रवार को सीबीसीआईडी एएसपी रचना मिश्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने की। परिजनों सहित अन्य लोगों का बयान दर्ज किया। टीम ने बयान दर्ज करने समेत घटनास्थल का निरीक्षण कर क्लू तलाशने में पांच घंटे का समय बिताया।

बीते 11 मार्च वर्ष 2019 को खड्डा क्षेत्र के ग्राम मठिया के समीप से निकली मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर की पटरी पर तत्कालीन इंस्पेक्टर अनुज कुमार सिंह ने एक 24 वर्षीय युवक का कटा हुआ धड़ बरामद किया था। युवक की पहचान बन्धुछपरा निवासी चन्द्रिका के पुत्र राजकुमार के रुप में हुई थी। पुलिस सिर की नहर में तलाश कर रही थी कि नहर से इस्माइल उर्फ टुनटुन 21 वर्ष का शव बरामद किया। लेकिन राजकुमार के सिर का पता नहीं चल सका। मृतक के पिता चन्द्रिका ने जमीनी विवाद में पड़ोसी द्वारा उसके बेटे राजकुमार व उसके दोस्त टुनटुन की हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए इसकी तहरीर थाने में दी। इस पर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्जकर उन्हें जेल भेज दिया। इधर मृतक इस्माइल उर्फ टुनटुन की मां व आरोपितों की रिश्तेदार शबनम ने पुलिस की इस कार्रवाई पर अविश्वास जताते हुए राजकुमार के जिन्दा होने की बात कहते हुए उच्चाधिकारियों से इसकी जांच करने की मांग की। बाद में उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिस पर हाईकोर्ट ने मामले की जांच सीबीसीआईडी को हस्तगत करने का आदेश जारी किया।

मामला सीबीसीआईडी को हस्तगत होने के बाद सीबीसीआईडी के इंस्पेक्टर श्याम सिंह 14 मई को ही टीम के साथ बन्धुछपरा गांव में पहुंचकर इसकी पूरी जांचकर वापस लौट गये। इसके बाद से शुक्रवार को सीबीसीआईडी की एएसपी रचना सिंह टीम के साथ बन्धुछपरा गांव पहुंची, जहां उन्होंने इस केस से जुड़े साक्ष्यों की जानकारी ली। साथ ही टीम ने मृतकों के परिजनों व आसपास के लोगों का कलमबद्ध बयान दर्ज करते हुए घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। उनकी जांच लगभग पांच घंटे तक चली।

# मारपीट की घटना में प्रधान समेत 13 के विरुद्ध मुकदमा

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा** : क्षेत्र के सिंदुरिया में आंगनबाड़ी केंद्र की जांच के दौरान प्रधान व उनके समर्थकों द्वारा शिकायतकर्ता व स्वजन को मारपीट करने के मामले में पुलिस ने शिकायतकर्ता रमेश कुशवाहा की तहरीर पर प्रधान समेत तीन नामजद तथा 10 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गांव में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में अनियमितता की शिकायत रमेश कुशवाहा द्वारा की गई थी। पिता बचन कुशवाहा, भाई अवधेश कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा व उसे हाकी, राड व डंडा आदि से हमलाकर मरणासन्न कर दिए। पुलिस तहरीर के आधार पर प्रधान जाहिर हुसैन, इलताफ, अमीर सहित दस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

**प्रधान समेत छह को भेजा जेल**

**पटहेरवा** : पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबंगई करने वाले प्रधान जाहिर हुसैन सहित उनके समर्थक मंसूर, महबूब अंसारी, इंतयाज अंसारी, रियाजुद्दीन व इसहाक को गिरफ्तार कर शांति भंग की आंशका में जेल भेजा है।

# लापरवाही बरतने वाले विवेचकों की तय होगी जवाबदेही

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि विवेचना पुलिस का एक बड़ा दायित्व है। इसका निर्वहन करते समय विवेचक पूरी सजगता बरतें ताकि विवेचना में कोई कमी न रह जाए। गुण-दोष के आधार पर आरोप तय करते हुए घटना से जुड़े उचित साक्ष्य व तथ्य इकट्ठे किए जाएं, ताकि मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट में किसी तरह की कोई दिक्कत न आने पाए। लापरवाही बरतने वाले विवेचकों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई होगी।

एसपी अपने कार्यालय में शुक्रवार को कसया, हाटा व पटहेरवा के विवेचकों को संबोधित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने तीनों थानों में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। कहा कि तीन महीने से अधिक समय से लंबित विवेचनाएं हर हाल में जल्द से जल्द निस्तारित की जाएं। विवेचना में देरी होने का लाभ अपराधियों को मिलता है। साथ ही नागरिकों में पुलिस की छवि प्रभावित होती है। विवेचना में आरोपितों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाएं, जिससे कि अपराधी बचने न पाएं और उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले। ध्यान रहे कि विवेचना पूरी तरह गुण-दोष पर आधारित हो। एसपी ने आइजीआरएस, जन शिकायत तथा महिला हेल्प डेस्क पर आए प्रार्थना-पत्रों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।



विवेचकों को निर्देश देते एसपी धवल जायसवाल बाएं ● जागरण

- **निर्धारित समय के भीतर पूरी की जाए विवेचना**
- **साक्ष्य व तथ्य संकलन में न रह जाए कोई कमी**

# होटल और गेस्ट हाउस की छानबीन शुरू



कसया में एक होटल में संचालक से पूछताछ करते बाएं से तीसरे सीओ पीयूष कांत राय● जागरण

**जागरण संवाददाता, कसया:** कसया के सबयां में देह व्यापार का संगठित गिरोह पकड़े जाने के बाद पुलिस प्रशासन इस अनैतिक कृत्य को पूरी तरह बंद करने के लिए अभियान चला रही है। शुक्रवार की शाम सीओ पियूष कांत राय व प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में मुकामी पुलिस ने नगर व आसपास स्थित छह होटल व गेस्ट हाउस की छानबीन की। कोई मौके पर पकड़ा नहीं गया। पुलिस ने संचालकों से कागजात लेकर थाने आने को कहा है। बीते बुधवार की भोर में पुलिस टीम ने छापेमारी कर गेस्ट हाउस से आपत्तिजनक स्थिति में आठ युवक व चार महिलाओं को गिरफ्तार किया था। उनके पास से दो लग्जरी कार एवं कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। मुकदमा दर्ज कर सभी जेल भेजे गए। इस कार्रवाई के बाद कसया एवं कुशीनगर में संचालित ऐसे होटल एवं गेस्ट हाउस संचालक काफी सतर्क हो गए हैं। शाम को पुलिस टीम की छानबीन में यह बात साफ दिखी। पुलिस टीम पहुंची तो होटल और गेस्ट हाउस सुनसान मिले, जबकि कार्रवाई से पूर्व यह सभी गुलजार रहते थे। सीओ राय ने बताया कि छह होटल व गेस्ट हाउसों की जांच की गई है। कोई पकड़ा नहीं गया है। संचालकों से कागजात मांगा गया है। कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी।

# घायल अधेड़ की हालत गंभीर, पुलिस पर आरोप

**जागरण संवाददाता, हाटा:** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर पौटवा गांव निवासी 55 वर्षीय अवधेश प्रसाद की हालत शुक्रवार को और बिगड़ गई। डाक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। स्वजन पुलिस पर अधेड़ की पिटाई का आरोप लगा रहे। हालांकि पुलिस इसे मारपीट का मामला बता रही। स्वजन के आरोप से जुड़ा एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है। बीते दो नवंबर को अवधेश को घायलावस्था में लेकर स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा आए। स्वजन उन्हें गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा। उधर अस्पताल में स्वजन हाटा कोतवाली में तैनात एक दारोगा पर जातिसूचक शब्द कहने तथा मारने-पीटने का आरोप लगाया है। एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।



कसया नगर में संचालित होटल में जांचकरते सीओ कसया। संवाद

# होटल और लॉज की पुलिस ने की जांच

**कसया।** नगर के विभिन्न होटलों एवं लाज में शुक्रवार को सीओ कसया की अगुवाई में पुलिस ने जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने होटल संचालकों को गैर कानूनी कार्यों में संलिप्त लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। कसया सीओ पीयूष कांत राय की अगुवाई में पुलिस ने कसया स्थित विभिन्न होटल और लाज की जांच की। पुलिस ने बताया की यह रुटीन जांच थी। होटल संचालकों को गैर कानूनी कार्यों से दूर रहने और इसमें शामिल लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की गैर विधिक संलिप्तता नहीं पाई गई। संवाद

# पुलिसकर्मियों का व्यवहार सुधारने के लिए होगी कार्यशाला

## कुशीनगर जिले के 1,700 पुलिसकर्मियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जिले में पुलिसकर्मियों का कार्य व्यवहार सुधारने के लिए कार्यशाला का आयोजित होगी। इसमें इंस्पेक्टर, दरोगा सहित करीब 1,700 पुलिसकर्मी शामिल होंगे। कार्यशाला में प्रमुख रूप से थानों पर आमजन के पहुंचने पर किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए? इसकी विशेष जानकारी दी जाएगी।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिसकर्मियों का कार्य व्यवहार सुधारने सहित अन्य बिंदुओं पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें पुलिसकर्मचारियों को घटनास्थल के परीक्षण, सीसटीवी और मोबाइल सर्विलांस, विवेचना, यातायात सहित कुल 12 बिंदुओं पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आए दिन पुलिसकर्मियों के खराब व्यवहार की शिकायत मिलती है। इस पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन ऐसी घटनाओं से पुलिस की छवि खराब होती है।

कई बार लोग अधिकारियों के बजाय सीधे सोशल मीडिया पर अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं। इससे पुलिस के अच्छे कामों पर पानी फिर जाता है। इसके अलावा पुलिस की कार्यप्रणाली में होने वाले तमाम बदलाव की जानकारी पुलिसकर्मियों को नहीं हो पाती है। इसमें सुधार लाने के लिए कार्यशाला किया जाएगा।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-11-2022



शुक्रवार को नगर क्षेत्र में यातायात पुलिस ने पंफलेट बांट कर लोगों को ट्रैफिक नियम का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# पुलिस के रडार पर मोडीफाई साइलेंसर वाले वाहन चालक

## यातायात माह

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सड़क सुरक्षा व यातायात माह में शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस जागरूकता अभियान चलाई। नगर के मुख्य चौराहा, बस स्टेशन, मऊपाकड़ व हनुमानगढ़ी पर पम्पलेट वितरित कर वाहन चालकों के अलावा अन्य सभी लोगों को यातायात नियम का बखूबी पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान प्रवर्तन अभियान में हेल्मेट व सीट-बेल्ट नहीं लगाने के मामले में यातायात पुलिस ने 240 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। यातायात जागरूकता माह के लिए ट्रैफिक पुलिस तीस दिन का एक्शन प्लान तैयार किया है। इसमें हेल्मेट, सीट-बेल्ट के अलावा चार पहिया वाहनों के विंडो स्क्रीन पर ब्लैक कोटेड फिल्म व बाइक के मोडीफाई साइलेंसर पर विशेष निगरानी की जा रही है। हेल्मेट व शीट-बेल्ट को लेकर लापरवाह चालकों को समझाया जा रहा। गलती का एहसास कराने के लिए ई-चालान काटने की कार्रवाई भी जा रही है।

# कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**धानी बाजार।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के दो लोगों पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सिकंदराजीतपुर निवासी शमीम ने कानापार निवासी दो लोगों को एक लाख रुपये व्यापार करने के लिए दो वर्ष पूर्व देने की बात कही। कहा कि पैसा वापस मांगने पर 20 हजार देने के बाद दोनों व्यक्ति आनाकानी करने लगे। थक-हारकर उसने कोर्ट की शरण ली।



एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण कर दौड़ लगवाई।

# एसपी ने पुलिस लाइन का लिया जायजा

**महराजगंज।** एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स का निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की सलामी लिया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवाया। परेड में नियमित रूप से शामिल होने का निर्देश दिया। क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, यूपी 112, निर्माणाधीन बिल्डिंग, मेस व आवासीय बैरक की साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जायजा लिया।

# चरस के साथ एक दबोचा गया

**परतावल।** श्यामदेउरवां पुलिस ने शुक्रवार को 100 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

चौकी प्रभारी परतावल प्रिंस कुमार ने बताया कि छातीराम नहर पुल पर तलाशी के दौरान 100 ग्राम चरस व एक अदद बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रमोद कुमार सिंह निवासी पनइपुरवा बनगाई थाना धानेपुर जिला गोण्डा के रूप में हुई है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी व टप्पेबाजी के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

# छापेमारी में तस्करों से 16 बोरी खाद बरामद हुई

**महराजगंज, निज संवाददाता।** कृषि और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को नेपाल में अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए बरगदवा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा में छापेमारी की। इस दौरान टीम की आहट पाते ही गांव के मंदिर के पास 16 बोरी खाद तस्कर छोड़कर फरार हो गए। संयुक्त टीम की छापेमारी में खाद तस्करों में हड़कम्प मचा हुआ है।

जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार शुक्रवार को बरगदवा थानाध्यक्ष और पुलिस कर्मियों को लेकर ग्राम पिपरा में पहुंच कर छापेमारी की। इस दौरान ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। जानकारी होते ही एक तस्कर मंदिर के पास 9 बोरी डीएपी और 6 बोरी यूरिया छोड़कर फरार हो गया। टीम ने मौके से 11 गट्ठर कपड़ा भी बरामद किया है। अधिकारियों ने खाद और कपडे. को कस्टम विभाग को सौंप दिया है।

**तस्करी के समान के साथ एक हिरासत में: सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली के मुख्य गेट पर शुक्रवार की शाम भारत से नेपाल जाने के दौरान एक कार की जांच में पुलिस ने तस्करी का मसाला पाउडर बरामद कर चालक को हिरासत में ले लिया है।

# वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

निचलौल। निचलौल पुलिस ने शुक्रवार को एक आपराधिक मामले में वांछित अभियुक्त रघुराई व गजराज दोनों निवासी ग्राम बजहा उर्फ अहिरौली व बेचू निवासी रेगहिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। तीनों अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एसआई हौसला प्रसाद, कांस्टेबल मनीष पटेल कांस्टेबल मनीष पाल, कांस्टेबल विशाल, कांस्टेबल अमित गिरी, आदि शामिल रहे।

# मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज के जीएस नेशनल पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति के तहत बृजमनगंज थाने के एंटी रोमियो टीम ने शुक्रवार को छात्राओं को जागरुक किया। इस दौरान उपनिरीक्षक अश्वनी मौर्य ने समाज में हो रहे घरेलू हिंसा वघ हिंसा से सम्बन्धित अन्य अपराधों को लेकर छात्राओं को जानकारी दी। कहा कि अगर सावधानी रखी जाय तो घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। महिला आरक्षी शालिनी गुप्ता ने महिला सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 1090, 181, 1098, 112, 1076, 108, 1930 के साथ उनके अधिकारों एवं मिशन शक्ति की जानकारी दी।

# बंदियों को दी जाएगी विधिक सहायता

**जासं, महराजगंज:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की 'एंपावरमेंट ऑफ सिटीजन थ्रू लीगल अवेयरनेस एंड आउटरीच और ''हक हमारा भी तो है @75'' अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायाधीश असगर अली की अध्यक्षता में कोर व फील्ड टीमों द्वरा जिला कारागार में बंदियों का साक्षात्कार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी प्रश्नोत्तरी पर लिया गया। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के आधार पर बंदियों को जरूरी विधिक सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया जाएगा।

सचिव ने बताया कि साक्षात्कार के लिए दो-दो सदस्यीय छह फील्ड

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से बंदियों का लिया गया साक्षात्कार, दो-दो सदस्यीय छह फील्ड टीम गठित**

टीम गठित की गई थी। प्रत्येक फिल्ड टीम एक पैनल लॉयर एवं एक जेल पीएलवी को सम्मिलित किया गया था। टीमों द्वारा आज जिला कारागार महराजगंज में बैरकवार 275 बंदियों का साक्षात्कार लिया गया।

प्रश्नोत्तरी में बन्दी का नाम, पिता का नाम, लिंग, आयु, कारागार में बिताई गई अवधि, निश्शुल्क विधिक सहायता प्रदान किए जाने वाले अधिवक्ता का नाम और के नम्बर, केस की वर्तमान स्थिति, परिजनों से मुलाकात, अपराध कारित करते समय अभियुक्त की आयु सहित विभिन्न जानकारियां एकत्रित की गई। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के आधार पर बंदियों को जरूरी विधिक सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही जिला कारागार में बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक करने के लिये विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सचिव ने बन्दियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी। इस अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवक सन्तशरण यादव, हेमन्त कुमार गुप्ता एवं अधिवक्ताओं द्वारा भी बंदियों को जानकारी दी गई।

********

# नियमित रूप से कराएं परेड : पुलिस अधीक्षक



पुलिस लाइन में निरीक्षण करते एसपी डा. कौस्तुभ ● जागरण

**जासं, महराजगंज:** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिस कर्मियों के शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु दौड़ लगवाई तथा आगे भी नियमित रूप से परेड, व्यायाम करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पुलिस लाइन का भ्रमण किया, तथा निरीक्षण के उपरांत क्वाटर गार्द, परिवहन शाखा, यू0पी0112, निर्माणाधीन बिल्डिंग, मेस व आवासीय बैरक की साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था को देख प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

एसपी ने बैडमिंटन हाल, मनोरंजन हाल का भी निरीक्षण किया। मेस निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा समुचित साफ सफाई रखने के लिए निर्देश दिए गए । उन्होंने आदेश कक्ष ,गणना कार्यालय, जीडी को भी देखा। गार्द रजिस्टर लेकर पहुंचे सभी गार्द कमांडरों का रजिस्टर जांच कर जरूरी निर्देश दिए गए। प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी अनुरुद्ध पटेल, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार उपस्थित रहे ।

# छापेमारी में 16 बोरी खाद व 11 बंडल कपड़ा बरामद

**जागरण संवाददाता,, बरगदवा :** शुक्रवार की सुबह जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार व सहायक कृषि विकास अधिकारी सुनील कुमार की टीम ने सीमावर्ती गांव पिपरा में छापेमारी की। छापेमारी में नौ बोरी डीएपी व सात बोरी यूरिया सहित 11 बंडल कपड़ा को पकड़ लिया। बरामद सामान को अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस को सिपुर्द कर दिया।

जिला कृषि अधिकारी ने सीमावर्ती गांव में हो रही उर्वरक तस्करी की सूचना पर पांच सदस्यी टीम लेकर शुक्रवार की सुबह पिपरा गांव के शिव मंदिर के समीप छापेमारी किया। नेपाल ले जाने के लिए तस्करों द्वारा रखे लावारिश हालत में 16 बोरी खाद व 11 बंडल कपड़ा जब्त कर लिया।

# पुलिस ने तीन वारंटियों का किया गिरफ्तार

**जासं, निचलौल:** निचलौल पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हौसला प्रसाद ,मनीष पटेल, हेड कांस्टेबल मनोज पाल, विशाल खरवार, मनोज गिरी ,लालू पटेल ने आरोपित वारंटी रघुराई बजहां उर्फ अहिरौली गजराज बजहा उर्फ अहिरौली बेचू रेगहियां को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया, जहां पर न्यायालय ने तीनों को जेल भेज दिया।

# अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, परसामलिक**: पड़ौली गांव निवासी बालक किशन वर्मा की गुरुवार की शाम खेत में धान काट रही कंबाइन मशीन के पहिए की नीचे दबकर मृत्यु हो गई थी। मृतक के पिता धर्मेन्द्र वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# नौ बोरी खाद के साथ पांच आरोपित हिरासत में

**नौतनवा, महराजगंज :** जिले की नौतनवा पुलिस ने शुक्रवार को गश्त के दौरान पांच आरोपितों को अलग-अलग स्थानों से नौ बोरी खाद के साथ डांडा नदी पुल से हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पकड़े गए लोगों ने अपना नाम सुरेश, शंभू व राम बेलास निवासी लुंबिनी नेपाल तथा छोटू व रमेश निवासी हरदी डाली कोतवाली सोनौली बताया। बरामद खाद, आरोपितों व तीन साइकिल को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम नौतनवा को सिपुर्द कर दिया गया है। (जासं)

# यातायात नियमों से विद्यार्थियों को किया जागरूक

**जासं, नौतनवा**: सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में शुक्रवार को पुलिस ने यातायात माह के तहत चलाए जा रहे अभियान के प्रति जागरूक किया। बच्चों को ट्रैफिक नियम पालन की जानकारी दी गई। सोनौली कोतवाली थानाध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि यातायात के सुगम एवं सुरक्षित संचालन स्वयं पर निर्भर करता है। तेज गति से वाहन नहीं चलाएं।

# 100 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

परतावल। श्यामदेउरवां थाना पुलिस ने शुक्रवार को 100 ग्राम अवैध चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी परतावल प्रिंस कुमार ने बताया कि छातिराम नहर पुल पर तलाशी के दौरान 100 ग्राम अवैध चरस व एक बाइक के साथ आरोपी प्रमोद कुमार सिंह निवासी पनई पुरवा बनगाई थाना धानेपुर जिला गोंडा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# तीन वांछितों का चालान

**निचलौल।** पुलिस ने शुक्रवार को तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इंस्पेक्टर आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि आरोपी रघुराई व गजराज निवासी बजहा उर्फ अहिरौली तथा बेचू निवासी रेगहिया के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर तलाश की जा रही थी। इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

---

# सीमावर्ती क्षेत्र से 25 बोरी खाद बरामद, छह तस्कर गिरफ्तार

## सीमावर्ती क्षेत्र में खाद तस्करी पर अंकुश लगाने में जुटी टीम, डंडा पुल के पास खाद बरामद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में तस्करी रोकने के लिए पुलिस एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई तेज कर दी है। चार नंबर को पुलिस ने लावारिस हालत में सीमावर्ती गांव लक्ष्मीपुर खुर्द के करीब नो मेंस लैंड से 14 बोरी खाद बरामद की। छापा मारने के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन हुआ है। शुक्रवार को 25 बोरी खाद नौतनवां एवं बरगदवा थाना क्षेत्र से बरामद हुई।



बरगदवा थाना क्षेत्र में बरामद उर्वरक और कपड़े के बंडल के साथ पुलिस टीम। संवाद

बरगदवा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में मंदिर के पास शुक्रवार सुबह जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार व सहायक कृषि विकास अधिकारी सुनील कुमार की टीम ने नौ बोरी डीएपी व सात बोरी यूरिया सहित 11 बंडल कपड़ा बरामद किया।

जिला कृषि अधिकारी ने सीमावर्ती गांव में हो रही उर्वरक तस्करी की सूचना पर पांच सदस्यीय टीम लेकर शुक्रवार सुबह पिपरा गांव के शिव मंदिर के समीप छापा मारा। नेपाल ले जाने के लिए तस्करों ने लावारिस हालत में 9 बोरी डीएपी खाद व सात बोरी यूरिया खाद बरामद की।

थानाध्यक्ष बरगदवा पुरुषोत्तम राव ने बताया कि बरामद डीएपी एवं यूरिया को ठूठीबारी कस्टम को सौंप दिया गया।

नौतनवां प्रतिनिधि के अनुसार पुलिस गश्त के दौरान डंडा नदी पुल के पास नेपाल ले जा रहे 9 बोरी



सीमावर्ती क्षेत्र में पगडंडियों से नेपाल को तस्करी हो रही खाद

अफसर कर रहे खाद की उपलब्धता का दावा

तीन नवंबर को प्रकाशित खबर।

उर्वरक बरामद कर कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सौंप दिया।

थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि 6 बोरी डीएपी तथा 3 बोरी यूरिया और तीन साइकिल बरामद कर छह लोगों को पकड़ा गया। बरामद उर्वरक, साइकिल तथा आरोपियों को नौतनवां कस्टम को सौंप दिया गया।

> टीम लगातार जांच करने में जुटी है। किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। सूचना मिलने में टीम त्वरित कार्रवाई कर रही है।
>
> **-वीरेंद्र कुमार,** जिला कृषि अधिकारी

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-11-2022

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज में बाइक तथा नकदी न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

लालगंज थाने में लिखित शिकायत करते हुए पीड़िता शान्ति देवी  पुत्री बुद्धिराम हाल मुकाम बारीघाट थाना लालगंज नेआरोप लगाया कि उसके पति दूधनाथ तथा ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा दहेज में अपाची गाड़ी तथा एकलाख रूपये अतिरिक्त की की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने के साथ ही मारा पीटा गया तथा गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति दूधनाथ पुत्र बासदेव, जोठानी पुष्पा, किश्मती, जेठ राधेश्याम, सास संवारी देवी निवासीगण भाटपारा थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# जमीन बेचने के नाम पर ठगे पैसे, केस

**बस्ती (एसएनबी)** । जमीन बेचने के नाम पर आरोपी ने एक व्यक्ति से लाखो रूपये की ठगी कर ली। पैसा वापस मांगने पर गालियां देते हुए मरा पीटा गया। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित देवी प्रसाद ने बताया कि अर्जुन अपनी जमीन बेचने के नाम पर दूसरी जमीन का खतौनी दिखा दिया और उससे पन्द्रह लाख रूपये ले लिये।

जानकारी होने पर जब उसने अपना पैसा अर्जुन से मांगने पहुंचा तो उसकी आरोपी ने गालियां देते हुए पिटाई की और जानमाल की धमकी दिया। मामले में पीड़ित देवी प्रसाद पुत्र रामआसरे निवासी राजाचक थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अर्जुन पुत्र सेतुदास निवासी कटरा पुराना डाकखाना थाना कोतवाली के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# चौकीदारों को दिया निर्देश

**दुबौलिया(एसएनबी)।** थाना परिसर में शुक्रवार को थानाध्यक्ष संजय कुमार ने चौकीदारों के साथ बैठक कर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि चौकीदार पुलिस विभाग की एक कडी है जिसके माध्यम से गांव की सूचनाए उनके पास तक पहुंचती है।

उन्होने ठंड के मौसम को देखते हुए सभी चौकीदारो से सतर्क रहने की अपील किया। निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के घटना की आशंका होने पर उन्हे सूचित करे। थानाध्यक्ष ने त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी चौकीदारो को धन्यवाद दिया। इस मौके पर सोनू सिंह, मो. रफीक, रामकुमार, राम कुमार, श्रीभगवन, राजेश कुमार, रेनू सिंह, बेकारू आदि चौकीदार मौजूद रहे।

## पट्टीदारी के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती** । कलवारी थाना क्षेत्र के मनौवा गांव की रहने वाली माधुरी देवी को उसके पट्टीदारो ने पुराने रंजिश को लेकर गालियां दे रहे थे। जिन्हे मना करने पर आरोपियों ने मिलकर माधुरी को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता माधुरी देवी पत्नी उमेश चन्द्र निवासी मनौवा थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुनीता पत्नी लालचन्द, सचिन पुत्र लालचन्द, लालधर पुत्र चेतई व विशाल पुत्र पप्पू निवासीगण मनौवा थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## नाबालिग से अश्लील हरकत, केस

**बस्ती** । सोनहा थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया कि उसकी 6 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी रियाजुल्लाह ने अश्लील हरकत किया। जिसका उलाहना देने पर उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी रियाजुल्लाह पुत्र अब्दुल रहमान निवासी तुसायल थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 354, 504, 506 आईपीसी एवं 9/10 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती** । थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती व उनकी पुलिस टीम द्वारा थाने में धारा 3 (1) उप्र गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सत्येंद्र कुमार कन्नौजिया पुत्र सुभाष कन्नौजिया निवासी पठान टोला थाना पुरानी बस्ती को शुक्रवार को करूवा बाबा तिराहे से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करके न्यायालय रवाना किया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व में भी धारा 547, 380, 411 आईपीसी, धारा 379, 411 आईपीसी के तहत थाना पुरानी बस्ती में मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका था।

## चार वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बस्ती** । जिले की पुरानी बस्ती पुलिस ने न्यायालय द्वारा चार अपराधियों के विरूद्ध वारंट जारी होने के बाद उनके घरो से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुरानी बस्ती पुलिस टीम द्वारा इश्तियाक अहमद पुत्र हदीस निवासी खुटहना, थाना पुरानी बस्ती, शाबिर अली पुत्र रियासत अली निवासी महुडर, शशिपाल यादव पुत्र जोखू प्रसाद, साजिद अली पुत्र रज्जाक अली निवासीगण पठान टोला थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रामदेव प्रभारी दक्षिण दरवाजा चौकी, उप निरीक्षक विंध्याचल प्रसाद थाना पुरानी बस्ती, मुख्य आरक्षी मिथुन एवं आरक्षी आकाशदीप शामिल रहे।

# नदी में मछली के जाल में में मिला शव

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** कुआनों नदी में मछली के जाल में फंसा हुआ एक व्यक्ति का शव ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर वाल्टरगंज थाने की पुलिस पहुंचकर नदी से शव को बाहर निकाला और विधिक कार्रवाई करते हुए पंचायत नामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मामला वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर से जुड़ा है।

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र रघुनाथपुर गांव के निकट कुआनोनदी के पुल के पास रघुनाथपुर गांव को जोड़ने वाली सड़क नदी के चपेट में आने सेबह गयी है और लोग आने-जाने के लिए नाव का सहारा लेते हैं। उसी केनजदीक मछली मारने के लिए जाल लगाए मछुआरों के जाल में एक शव फसा दिखाईपड़ा। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल वाल्टरगंज थाने पर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक देवी शरण यादव, सुरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंच गए तथा ग्रामीणों और पुलिस की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। थोड़े ही समय में शव की शिनाख्त रघुनाथपुर गांव निवासी 55 वर्षीय राम रूप पुत्र गोगई के रूप में की गयी। मृतक के पुत्र कौशल किशोर की बताया कि वह 3- 4 दिन से लापता थे। परिजनों का यह भी कहना है कि वह अक्सर दो-चार दिन गुम होकर घर आ जाया करते थे लेकिन आज उनका शव रघुनाथपुर गांव के पाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।



बस्ती : घटनास्थल पर जुड़ी भीड़ व पुलिस । फोटो : एसएनबी

# आपसी कहासुनी में दो पक्ष आपस में भिड़े, क्रास केस

**बस्ती (एसएनबी)।** रूधौली थानान्तर्गत ठोठिया खुर्द गांव में आपसी कहासुनी के दौरान हुए विवाद में मन्तराम को नन्दलाल तथा उसके परिवार वालो द्वारा गाली देते हुए मारा पीटा तथा जान माल की धमकी दिया। मारपीट के दौरान मन्तराम का बाया हाथ टूट गया और वह चोट लगने से बेहोश हो गये।

मामले में पीड़ित मन्तराम पुत्र बिहारी निवासी ठोठियाखुर्द थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नन्दलाल पुत्र सुखई, नन्दलाल की औरत, अश्वनी, प्रेमचन्द पुत्रगण नन्दलाल निवासीगण बालेड़ीहा थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 325, 308 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की सोनी पत्नी रामजीत ने यह आरोप लगाया कि विपक्षी ससुर तथा उसके पति द्वारा उसके साथ छेड़खानी किया गया। जिसका विरोध करने पर उसे गालियां देते हुए मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मन्तराम पुत्र बिहारी, रामजीत पुत्र मन्तराम निवासीगण ठोठियाखुर्द थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 504, 354, 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# तीन को आजीवन कारावास

**बस्ती (एसएनबी)।** आपरेशन शिकंजा के तहत पैरवी सेल द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप हत्या केतीन आरोपियों कोन्यायालय नेआजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा प्रत्येक पर दस हजार के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है।

वादी रोहित कुमार पुत्र रामउजागीर निवासी जुड़ईपुर थाना हरैया जनपद बस्ती की तहरीर पर थाना हरैया जनपद बस्ती पर धारा 302,323 पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना हरैया पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय द्वारा तीनों अभियुक्तों सुमन देवी पत्नी घनश्याम निवासी जुड़ईपुर थाना हरैया जनपद बस्ती। रीति उर्फ अनीता पुत्री मन्नीलाल निवासी जुड़ईपुर थाना हरैया ,सुनीता देवी पत्नी बजरंगी राजभर निवासी जुड़ईपुर थाना हरैया जनपद बस्ती को आजीवन कारावास व प्रत्येक को रुपया 10,000 रुपये (दस हजार) के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, क्रास केस

**बस्ती ।** कलवारी थाना क्षेत्र के इजरगढ़ गांव में जमीनी विवाद को लेकर संजय सिंह को आरोपी अमित, विनोद तथा प्रियांशु ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान अभियुक्त ने चारा काटने की मशीन तथा नल तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पीड़ित संजय सिंह पुत्र दीप नरायण सिंह निवासी इजरगढ़थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अनित, विनोद पुत्रगण दीपनरायण, प्रियांशु पुत्र विनोद सिंह निवासीगण इजरगढ़ थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के अमित कुमार सिंह पुत्र दीपनरायण सिंह ने आरोप लगाया कि भूमि विवाद को लेकर उसके भाई संजय पुत्र दीपनरायण, विभा पत्नी संजय तथा निशान्त पुत्र संजय सिंह ने उनके घर पर आकर पिटाई की तथा गालियां देते हुए जानमाल की धमकी दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

**बस्ती ।** सोनहा थानान्तर्गत बेईली गांव में दहेज की मांग को लेकर समा परवीन को उसके पति सफीक अहमद तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही मारा पीटा तथा जानमाल की धमकी दी। मामले में पीड़िता समा परवीन पत्नी सफीक अहमद निवासी बेईली थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति सफीक अहमद पुत्र अमानुल्लाह, सास जैनब खातून पत्नी अमानुल्लाह, देवर रफीक अहमद व हमीद अहमद पुत्रगण अमानुल्लाह निवासीगण बेईली थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुराने विवाद को लेकर मारपीट, पांच पर केस

**बस्ती ।** पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानान्तर्गत तुरकौलिया बरगाह गांव में पुराने विवाद की बात को लेकर जगदीश यादव को आरोपी रज्जन तथा उसके भाईयों द्वारा एकराय होकर गालियां देते हुए मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित जगदीश यादव पुत्र रामअचल यादव निवासी तुरकौलिया बरगाह थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रज्जन, सिब्बन, पंकज, बलिराम पुत्रगण झब्बर, घरभरन पुत्र संतू निवासीगण तुरकौलिया बरगाह थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला से छेड़खानी व मारपीट, केस

**बस्ती ।** महिला के साथ अभियुक्त छेड़खानी कर रहा था, जिसका विरोध करने पर उसे मारापीटा तथा जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि थानाक्षेत्र के नरकटहा निवासी आरोपी प्रदीप ने उसके साथ छेड़खानी किया। जिसका विरोध करने पर उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी प्रदीप पुत्र रामकिशोर निवासी नरकटहा थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 354, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जमीन विवाद को लेकर मारपीट, चार पर केस

**बस्ती ।** नगर थाना क्षेत्र के रमवापुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर प्रेमा देवी को आरोपी बसंत, राम प्रसाद, राम सेवक व अनूप ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता प्रेमा देवी पत्नी सन्तोषी निवासी रमवापुर थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बसंत, राम प्रसाद पुत्रगण झंगई, रामसेवक पुत्र जीते, अनूप पुत्र सेवक निवासीगण रमवापुर थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# घरेलू विवाद में मारपीट, एफआईआर

**बस्ती ।** नगर थानान्तर्गत फुलवरिया निषाद गांव में घरेलू तथा अपसी विवाद को लेकर सुमित्रा पत्नी रा मसुवरन को आरोपी राम सुरेश, रामकली, साधना, पूजा तथा गीता ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राम सुरेश पुत्र रामसरन, रामकली पत्नी राम सुरेश, साधना पुत्री राम सुरेश, पूजा पत्नी अर्जुन, गीता पत्नी मनोज निवासीगण फुलवरिया निषाद थाना नगर के विरुद्ध धारा 147, 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# 10 वारंटी गिरफ्तार

**छावनी।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न मामलो मे न्यायालय से वांछित चल रहे 10 लोगो को गिरफ्तार कर लिया। दो लोगो द्वारा न्यायालय क ा रिकाल दिखाने के बाद छोड दिया गया जबकि आठ वारंटियों को संबंधित न्यायालय मे पेश किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उपनिरीक्षक रामपाल चौरसिया, ओमप्रकाश मिश्र, नंदलाल सरोज, हेडकांसटेबल विक्रान्त यादव, विजय यादव, कांसटेबल राहुल सिंह, अखिलेश सिंह, अरूण यादव, शिवम सिंह, सुनील चौहान, निलेश पाण्डेय के साथ अपराध संख्या 189/2013 में वांछित चल रहे रमवापुर तिवारी निवासी रवीन्द्र पुत्र सूर्यमन तिवारी एवं उनके पुत्र सुनील व अनिल, अपराध संख्या 3394/2012 में वांछित कवलपुर निवासी राजकमल पुत्र राम प्यारे, अपराध संख्या 942/2015 में वांछित शंकरपुर निवासी बलवान यादव पुत्र रामरूची यादव, अपराध संख्या 1548/2008 में वांछित खतमसराय निवासी राके श तिवारी पुत्र रामप्यारे, अपराध संख्या 21/2012 में वांछित कौवाडाड निवासी ऋषि कपूर पुत्र शंभूदत्त, अपराध संख्या 855/2020 में वांछित बीरपुर खरहरा निवासी सुरेश कुमार पुत्र राम दीन, अपराध संख्या 1030/2012 मे वांछित सौरी निवासी श्याम लाल पुत्र राजबहादुर तथा अपराध संख्या 3370/2012 में वांछित रामगढ निवासी शिवदुलारी पत्नी रामसंवारे को गिरफ्तार किया गया। महिला सहित दो लोगो को न्यायालय का रिकाल कागज दिखाने के बाद छोड दिया गया। उन्होने बताया कि आठ वांछितो को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया।

# एनसीसी कैडेटों ने की हेलमेट लगाने की अपील

बस्ती। यातायात जागरूकता के तहत 47वीं एनसीसी बटालियन के कैडेट ने लोगों को गुलाब देकर हेलमेट लगाने की अपील की।

बिना हेलमेट दो पहिया लेकर गुजरने वालों को रोक कर गुलाब का फूल दिया और कहा कि स्वयं व दूसरों की सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूर लगावें। एनसीसी के लेफ्टिनेंट जितेंद्र कुमार सिंह शाही के नेतृत्व में शिवहर्ष उपाध्याय किसान इंटर कालेज, किसान पीजी कालेज, एपीएन पीजी कॉलेज और जीआरएस इंटर कॉलेज बस्ती के सीनियर एनसीसी कैडेटों ने यातायात जागरूकता अभियान चलाया। यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह, सीनियर अंडर ऑफिसर सचिन ठाकुर, आदि उपस्थित रहीं।

# कोटेदारों के खिलाफ प्रधान लामबंद

सांऊघाट। विकास क्षेत्र सांऊघाट के ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक अध्यक्ष सुभाषचन्द चौधरी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय वाचनालय भरतपुर गौरा में सांसद हरीश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। प्रधानों ने कोटेदारों पर मनमानी का आरोप लगाया। ग्राम प्रधानों ने कहा कि ग्राम पंचायत में सरकारी खाद्यान्न के वितरण में कोटेदार मनमानी कर रहे हैं। पहले उपभोग प्रमाण पत्र पर प्रधानों का हस्ताक्षर व मोहर लगाता था। अब प्रधानों से यह अधिकार छीन लिया गया है। इस कारण कोटेदार निरंकुश हो गये हैं। वह सरकारी खाद्यान्न वितरण में मनमानी करते हैं। प्रधान संघ के महामंत्री यशपाल सिंह, मुक्तेश्वर यादव, आदि प्रधान मौजूद रहे।

# शाखा प्रबन्धक और समूह की महिलाओ में हुई झड़प

रुधौली। यूपी बड़ौदा बैंक पड़री में भुगतान को लेकर शुक्रवार को शाखा प्रबंधक एवं समूह की महिलाओं में जमकर झड़प हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया।

दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह पिपरा खुर्द की अध्यक्ष सावित्री देवी, कोषाध्यक्ष सरिता देवी एवं सचिव आयशा खातून ने यूपी बड़ौदा बैंक पड़री में पहुंचकर भुगतान कराने की मांग की। सहायक शाखा प्रबंधक शांतनु मिश्रा ने कहा कि नए मैनेजर से जाकर मिलो। समूह की महिलाओं ने नए शाखा प्रबंधक अखिलेश कुमार से कहा कि भुगतान चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पैसा नहीं है। लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी महिलाएं भुगतान के लिए बैंक पहुंची तो सहायक शाखा प्रबंधक शांतनु ने पैसा नहीं होने की बात कहते हुए इनकार कर दिया। परेशान महिलाओं ने शांतनु को शाखा से बाहर निकाल दिया। थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। शांतनु ने आरोप बेबुनियाद बताया।

# कांग्रेस के पूर्वी जोन प्रभारी आज बस्ती में

बस्ती। कांग्रेस के पूर्वी जोन प्रभारी वीरेन्द्र चौधरी शनिवार को दोपहर में डेढ़ बजे बस्ती आ रहे हैं। वह पार्टी दफ्तर में बैठक आयोजित कर सांगठनिक मजबूती और निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मंथन करेंगे।

पीसीसी सदस्य प्रेमशंकर द्विवेदी ने सभी ब्लॉक, शहर कमेटियों, डीसीसी, पीसीसी सदस्यों से अपील की है कि समय से पहुंचकर श्री चौधरी का स्वागत करें और बैठक में हिस्सा लें। श्री द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ रहा है।

# दुराचार के आरोपी की जमानत की अफवाह

बनकटी। दुराचार के आरोपी लालगंज थाना क्षेत्र के लकड़ा गांव निवासी भुलई यादव की जमानत हो जाने की अफवाह पर गांव में दहशत है। लोग विशेषकर महिलाएं व बच्चे घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं। करीब छह माह पहले मासूम बच्ची से हुए दुराचार के एक मामले में भुलई यादव को जेल भेजा गया था। सीओ रूधौली प्रीति खरवार व थानाध्यक्ष लालगंज दिलीप कुमार सिंह का कहना है कि दुराचार के आरोपी को जमानत नहीं मिली है, यह कोरी अफवाह है।

अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर लोगों को भरोसा दिलाया तथा वास्तविकता से अवगत कराया। इसके बाद भी लोगों में डर बना हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जेल से बाहर न आने देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। एहतियातन व लोगों में भरोसा जगाने के लिए गांव में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है।

# छावनी पुलिस ने दस वारंटियों को पकड़ा

छावनी। छावनी पुलिस ने न्यायालय से वांछित दस वारंटियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। रमवापुर तिवारी निवासीगण रविन्द्र, सुनील, अनिल, कंवलपुर निवासी राजकमल, शंकरपुर निवासी बलवान यादव, खतमसराय निवासी राकेश तिवारी, कौवाडाड़ निवासी ऋषि कपूर, वीरपुर खरहरा निवासी सुरेश कुमार, सौरी निवासी श्यामलाल, रामगढ़ निवासी शिवदुलारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ छावनी दुर्गेश पाण्डेय, एसआई रामफल चौरसिया, चौकी इंचार्ज विक्रमजोत ओमप्रकाश मिश्र, एसआई नन्दलाल सरोज, हेकां. विक्रांत यादव, विजय यादव, कां. राहुल सिंह, अखिलेश सिंह, अरुण यादव, शिवम सिंह, सुनील चौहान, नीलेश पाण्डेय आदि शामिल रहे।

# एक वांछित को ले गई बिहार पुलिस

- लालगंज थाना क्षेत्र के सेल्हरा गांव में बिहार पुलिस ने दी दबिश
- पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा, अपहरण व रेप में था वांछित

कुदरहा, हिन्दुस्तान संवाद। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात दबिश देकर बिहार प्रदेश के नेवादा जिले की पुलिस ने अपहरण, रेप और धमकाने के मुकदमे में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। दो अन्य वांछित मौके से फरार हो गए। बस्ती पुलिस के सहयोग से दोनों की तलाश जारी है।

2018 में लालगंज थाना क्षेत्र के सेल्हरा में संत कुटीर आश्रम में रहने वाले एक तथाकथित साधू की तीन महिला शिष्यों ने बिहार प्रदेश के नेवादा जिला अंतर्गत गोविंदपुर थाने में सेल्हरा के रहने वाले तीन भाई अजीत कुमार चौधरी, कल्पनाथ चौधरी और गिरिजा शंकर के खिलाफ रेप सहित अन्य मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। तीनों आरोपी खुलेआम बस्ती जिले में घूम रहे थे। गिरिजा शंकर तो गांव का कोटेदार भी है। सूत्रों के मुताबिक दर्ज मुकदमें में पटना हाईकोर्ट ने 6 नवम्बर को नेवादा जिले के एसपी गौरम मंगलम को तलब किया तो आनन-फानन में बिहार पुलिस बस्ती पहुंची। दो दिन तक रेकी करने के बाद अंततः गुरुवार की देर रात सेल्हरा गांव से ही एक आरोपी अजीत चौधरी को दबोच लिया। अन्य दोनों आरोपी सगे भाई कल्पनाथ चौधरी और गिरिजा शंकर फरार हो गए। सेल्हरा कांड से चर्चित मामले का मुख्य आरोपी बाबा मौजूदा समय बस्ती जेल में बंद है।

# हत्यारी दो जेठानी व ननद को आजीवन कारावास

- प्रत्येक पर अदालत ने लगाया 10500 रुपए का अर्थदंड
- हर्रैया थाना क्षेत्र के जड़ईपुर गांव में फरवरी 2017 की घटना

बस्ती। अपर जिला जज रामायण शर्मा की अदालत ने विवाहिता को जलाकर की गई हत्या के मामले में जेठानी, ननद सहित तीन महिलाओं को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक पर दस हजार 500 रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न अदा करने पर एक माह 10 दिन की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जय गोविंद सिंह ने अदालत में घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि हर्रैया थाना क्षेत्र के जुड़ईपुर निवासी दीना ने अपने ही गांव की युवती निशा पुत्री रोहित के साथ वर्ष 2016 में प्रेम विवाह किया था।

इस रिश्ते से दीना के घर वाले संतुष्ट नहीं थे। 21 फरवरी 2017 को रात में 8:00 बजे विवाहिता के मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसे मारा पीटा व उसके शरीर पर केरोसिन छिड़क कर आग लगा दिया। इलाज के दौरान 26 मार्च को उसकी मौत हो गई। पिता रोहित की तहरीर पर हर्रैया पुलिस ने दीना, जेठ घनश्याम, जेठानी सुमन व सुनीता तथा ननद अनीता उर्फ रीति के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया।

सीओ की विवेचना व निशा के मृत्यु पूर्व दिए गए बयानों के आधार पर सुमन देवी पत्नी घनश्याम, सुनीता देवी पत्नी बजरंगी राजभर व अनीता के विरुद्ध अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। साक्ष्य के आधार पर अदालत ने तीनों महिलाओं को हत्या के लिए दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

# सतर्क रहें चौकीदार

**जासं, दुबौलिया, बस्ती :** दुबौलिया थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने थाना क्षेत्र के चौकीदारों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने चौकीदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उन्हें थानाक्षेत्र में पिछले दिनों त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि ठंडक में चोरी की घटनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में चौकीदारों को इस मौसम में अधिक सतर्क रहना होगा।

# छात्रों को ठगने वाले डा.अभिषेक की 100 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**जासं, गोरखपुर :** बिना मान्यता के नर्सिंग कालेज में 1200 से अधिक छात्रों का प्रवेश लेकर ठगी करने वाले डा. अभिषेक यादव के नर्सिंग होम, मकान, भूमि व छह वाहनों को पुलिस व तहसील प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को कुर्क कर दिया। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने तीन दिन पहले गैंगस्टर के आरोपित डाक्टर, उसकी पत्नी व बहन की 100 करोड़ की चल-अचल संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था। पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित नर्सिंग कालेज व भूमि की कुर्की शनिवार को होगी।

दुर्गाबाड़ी रोड निवासी डा. अभिषेक, पत्नी डा.मनीषा यादव और बहन पूनम यादव की कोतवाली, पिपराइच व चिलुआताल थाना क्षेत्र में स्थित 100 करोड़ की चल व अचल संपत्ति को जिलाधिकारी ने गैंगस्टर एक्ट में कुर्क किया है। इसमें नर्सिंग होम व मकान के अलावा तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरा मेडिकल कालेज, आठ वाहन, चिलुआताल के नकहा में स्थित भूमि शामिल है। अलग-अलग बैंकों में संस्था और तीनों आरोपितों के 15 से अधिक खातों के संचालन पर भी जिलाधिकारी ने रोक लगा दी है। शुक्रवार की सुबह 11 बजे एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, तहसीलदार सदर विकास सिंह, थानाध्यक्ष तिवारीपुर मदन मोहन मिश्रा फोर्स के साथ दुर्गाबाड़ी रोड स्थित राज नर्सिंग होम पहुंचे। अंदर मौजूद दाई शैला, फूला, रुखसाना और संध्या को बाहर निकालने के बाद ताला लगा दिया। डुगडुगी बजाकर लोगों को बताया कि गैंगस्टर एक्ट में डा.अभिषेक की संपत्ति को जिलाधिकारी ने कुर्क किया है।

# छेड़खानी का विरोध करने पर दी धमकी

**बस्ती :** सोनहा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एक युवक ने उनके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपित ने अपशब्द कहते हुए जान माल की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित प्रदीप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# कैडेटों ने दी यातायात नियमों की जानकारी

## बिना हेलमेट वाले बाइक चालकों को फूल देकर एनसीसी कैडेटों ने किया जागरूक



हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करते टीएसआई कामेश्वर सिंह साथ मे एनसीसी के जीतेंद्र कुमार सिंह और कैडेट्स •जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** शुक्रवार की सुबह शहर के फौव्वारा तिराहा पर एनसीसी के कैडेट्स हाथों में फूल व पंफलेट लेकर ऐसे बाइक चालकों को समझाते नजर आए जिन्होंने हेलमेट नहीं लगा रखा था। कुछ कैडेट्स ऐसे लोगों को गुलाब का फूल देकर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया। एनसीसी बस्ती की 47वीं बटालियन के लेफ्टिनेंट जितेंद्र कुमार शाही की अगुवाई में शिवहर्ष उपाध्याय किसान इंटर कालेज, किसान पीजी कालेज, एपीएन पीजी कालेज और जीआरएस इंटर कालेज के सीनियर एनसीसी कैडेटों ने यातायात माह के तहत जागरूकता अभियान चलाया।

लेफ्टिनेंट ने सबसे पहले कालेज में कैडेटों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई तथा सभी कैडेटों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। इसके बाद सभी एनसीसी कैडेट्स फौव्वारा तिराहा पहुंचे और वहां यातायात पुलिस के साथ ही लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना शुरू कर दिया। उन्होंने बाइक चालकों से बाइक चलाते समय हेलमेट लगाने और कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अपील की। वहीं यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह ने कहा कि जरा सी असावधानी के कारण जिले में प्रतिवर्ष अनेक लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो कर अपनी जान गंवा देते हैं। दुर्घटना में मरने वालों का पूरा परिवार संकट में आ जाता है। इसलिए सभी को सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

इस मौके पर टीएसआइ द्वितीय सचिंद्र कुमार, कांस्टेबल फूलचंद्र यादव, बबलू यादव, होमगार्ड लालमणि, एनसीसी के सीनियर अंडर आफिसर सचिन ठाकुर, दशरथ नंदन मिश्र, गोविंद दुबे, सुजीत, अमृत प्रताप सिंह, प्रांजल सिंह ,विकास गिरी ,सुरेंद्र अग्रेय, अभय सिंह, शिवा गिरी, गोपाल वर्मा, सचिन, आलोक पाठक, विपुल, यशवीर, शशांक, रागिनी, रितु, प्रिय, सृष्टि पांडेय, महिमा, प्रगति, शिवानी आदि आदि रहे।

# दुष्कर्म के आरोपित के जेल से छूटने की अफवाह

**महादेवा, बस्ती :** थाना लालगंज के लकड़ा गांव में करीब छह माह पूर्व बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपित भुलई यादव के जेल से छूटने की अफवाह पर एक बार फिर गांव में लोग भयभीत हो गए। क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीती खरवार व थानाध्यक्ष लालगंज दिलीप कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर गांव में पहुंचकर लोगों को समझाया बुझाया। थानाध्यक्ष लालगंज ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोपित भुलई अभी भी जेल में है। (जासं)

# मारपीट के दो मामलों में आठ पर मुकदमा

**बस्ती :** दो थाना क्षेत्रों में पट्टीदारी की रंजिश व जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामलों में आठ आरोपितों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने के मनौवा गांव में पट्टीदारी की रंजिश में अपशब्द कहने, मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में माधुरी देवी पत्नी उमेश चन्द ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गांव के सुनीता, सचिन, लालधर व विशाल पर केस दर्ज किया है। वहीं नगर थानाक्षेत्र के रमवापुर गांव की प्रेमा देवी पत्नी संतोषी ने पुलिस को तहरीर देकर विपक्षियों पर भूमि विवाद को लेकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।पुलिस ने गांव के ही बसंत, राम प्रसाद, रामसेवक व अनूप पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।(जासं)

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में नौ पर केस

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के दो मामलों में नौ ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के मेढइया गांव निवासी रविंद्र विश्वकर्मा की पुत्री विजय लक्ष्मी ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति कैलाश विश्वकर्मा, दीपनरायन विश्वकर्मा, संजना पत्नी दीपनरायन व बलराम निवासी इमिलियाधीश थाना पैकोलिया पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर अरविंद शाही ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

शांति देवी पत्नी दूधनाथ निवासी बारीघाट थाना लालगंज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी संतकबीरनगर जिले के दुधारा थानाक्षेत्र के भाटपारा निवासी दूधनाथ के साथ हुई है। मांग पूरी न होने पर ससुरालवालों ने उसे अपशब्द कहते हुए मारा पीटा। पुलिस ने दूधनाथ के अलावा पुष्पा, किशमती, राधेश्याम और संवारी देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# विवाहिता की हत्या में जेठानी व ननद को आजीवन कारावास

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** अपर जिला जज रामायण शर्मा ने विवाहिता को जलाकर हत्या करने के आरोप में दोषी पाए गए दो जेठानी व ननद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक महिला को 10,500 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। जुर्माना न देने पर एक माह 10 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयगोविंद सिंह ने अदालत में घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि हर्रैया थानाक्षेत्र के जुड़ईपुर गांव निवासी दीनानाथ ने 2016 में अपने ही गांव की निशा पुत्री रोहित के साथ प्रेम विवाह किया था। इस रिश्ते से दीनानाथ के घर वाले संतुष्ट नहीं थे। 21 फरवरी 2017 को रात में आठ बजे विवाहिता को मिट्टी का तेल छिड़क कर जला दिया गया। 25 दिन जीवन से संघर्ष करने के बाद निशा की 18 मार्च को मौत हो गई। रोहित की शिकायत पर दीनानाथ व उसके भाई घनश्याम उसकी भाभी सुमन व सुनीता तथा दीनानाथ की बहन अनीता उर्फ रीति के विरुद्ध हर्रैया थाना में मुकदमा दर्ज किया गया। क्षेत्राधिकारी हर्रैया की विवेचना के बाद व निशा के मृत्यु पूर्व दिए गए बयानों के आधार पर सुमन, सुनीता व अनीता के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल हुआ। दोनों पक्ष को अपनी अपनी गवाही प्रस्तुत करने का अवसर अदालत ने दिया। दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं के तर्क सुनने के बाद तीनों महिलाओं को निशा की हत्या के लिए दोषी माना।

www.Jagran.com

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपित गिरफ्तार


**जासं, बस्ती**: पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुरानी बस्ती पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह और उनकी टीम ने वांछित आरोपित सत्येंद्र कुमार कन्नौजिया निवासी पठान टोला थाना पुरानी बस्ती को शुक्रवार को करुआ बाबा तिराहे से दोपहर 2.30 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया।

# कई थानाक्षेत्रों से 76 वांछित की गिरफ्तार

बस्ती : डीआइजी आरके भारद्वाज के निर्देश पर वारंटी, जिला बदर और वांछितों की गिरफ्तारी के लिए गुरुवार की रात जनपद पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न थानाक्षेत्रों से 76 आरोपितों की गिरफ्तारी की गई। इनमें सबसे ज्यादा गिरफ्तारी छावनी पुलिस की ओर से की गई। जबकि सबसे कम एक-एक वांछित की गिरफ्तारी कप्तानगंज, गौर व परशुरामपुर थाने की पुलिस ने की। कोतवाली व वाल्टरगंज व नगर पुलिस ने छह-छह, पुरानी बस्ती, लालगंज व कलवारी ने चार-चार, रुधौली व पैकोलिया ने पांच-पांच मुंडेरवा व सोनहा पुलिस ने तीन-तीन, दुबौलिया ने आठ, हर्रैया ने नौ वांछित को गिरफ्तार किया। छावनी पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया। (जासं)

# चार दिन पूर्व घर से गायब अधेड़ का शव बाढ़ के पानी में मिला

**जासं, गनेशपुर, बस्ती :** चार दिन पूर्व घर से गायब अधेड़ का शव



रामरूप, फाइल फोटो

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के निकट कुआनो नदी के बाढ़ के पानी में मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। बाद में स्वजन ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त रघुनाथपुर निवासी 55 वर्षीय रामरूप पुत्र गोगई के रूप में की। शुक्रवार की सुबह मछुआरों ने पानी में एक व्यक्ति का शव देखकर शोर मचाया। बाढ़ के पानी में शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। किसी ने इस बात की सूचना पुलिस को भी दे दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक देवी शरण यादव व सुरेंद्र सिंह ने शव को पानी से बाहर निकलवाया। इसी बीच दिवंगत के पुत्र कौशल किशोर व देवदत्त तथा पत्नी मुखा देवी वहां पहुंच गई और शव की शिनाख्त किया। परिवार के लोगों ने बताया कि रामरूप चार दिन से घर से गायब थे। वह अक्सर लापता हो जाते थे और दो-चार दिन बाद लौटकर खुद ही घर आ जाते थे। इसीलिए उनके गुमशुदगी की सूचना भी पुलिस को नहीं दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथमदृष्टया मौत का कारण पानी में डूबना प्रतीत होता है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# लापता अधेड़ का बाढ़ के पानी में उतराया मिला शव

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के निकट कुआनो नदी के बाढ़ के पानी में अधेड़ का शव उतराया मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह मछुआरों ने बाढ़ के पानी में शव मिलने की सूचना दी। थोड़ी देर में काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पानी से बाहर निकलवा कर पहचान कराई गई। रघुनाथपुर गांव निवासी कौशल किशोर व देवदत्त ने शव की शिनाख्त अपने पिता राम रूप (55) के रूप में की। बताया कि वे चार दिन से लापता थे। वे अक्सर घर से लापता हो जाते थे।

दो-चार दिन बाद लौटकर आ जाया करते थे। इसलिए किसी ने खोजबीन नहीं की। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं।

# रात भर चला अभियान 76 वांछित गिरफ्तार

**बस्ती।** डीआईजी आरके भारद्वाज के निर्देश पर वारंटी, जिला बदर और वांछितों की गिरफ्तारी के लिए बृहस्पतिवार रात अभियान चलाया गया। इस दौरान 76 वांछित गिरफ्तार किए गए। सबसे ज्यादा गिरफ्तारी छावनी पुलिस ने की।

जानकारी के मुताबिक, कोतवाली पुलिस ने 06, पुरानी बस्ती ने 04, वाल्टरगंज ने 06, रुधौली ने 05, मुंडेरवा ने 03, सोनहा ने 03, लालगंज ने 04, कलवारी ने 04, दुबौलिया ने 08, नगर ने 06, हर्रैया ने 09, पैकोलिया पुलिस ने 05 वांछित/वारंटियों को पकड़ा।

छावनी एसओ दुर्गेश पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के रमवापुर तिवारी निवासी रविंद्र, सुनील, अनिल, कंवलपुर निवासी राज कमल, शंकरपुर निवासी बलवान यादव, खतम सराय निवासी राकेश तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

## शांति भंग की आशंका में आठ का चालान

कलवारी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलवारी पुलिस ने शुक्रवार को चार महिलाओं सहित आठ आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के मनौवा निवासी लालचंद, सुनीता, अंजलि, उमेश व माधुरी तथा गायघाट निवासी तबरेज खान, रोशन जहां व मरवटिया निवासी अखिलेश यादव को उपनिरीक्षक द्वारिका प्रसाद चौधरी की टीम ने गिरफ्तार किया। संवाद

## दुकान से सामान उठा ले जाने पर मुकदमा

बस्ती। गौर पुलिस ने बभनान बाजार स्थित दुकान में प्लाईवुड के किए गए पार्टीशन को तोड़कर सारा सामान उठा ले जाने के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में अखलाख अहमद निवासी वार्ड नंबर 10 महागौरी नगर बभनान बाजार थाना गौर ने तहरीर दी है। एसएचओ ब्रिजेंद्र पटेल ने बताया कि फिरोज, सैफुर्रजा और नूर आलम निवासी महागौरी नगर बभनान बाजार थाना गौर के विरुद्ध चोरी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

## 100 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

परतावल। श्यामदेउरवां थाना पुलिस ने शुक्रवार को 100 ग्राम अवैध चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी परतावल प्रिंस कुमार ने बताया कि छातिराम नहर पुल पर तलाशी के दौरान 100 ग्राम अवैध चरस व एक बाइक के साथ आरोपी प्रमोद कुमार सिंह निवासी पनई पुरवा बनगाई थाना धानेपुर जिला गोंडा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# आठ घंटे में 62 वाहनों पर लगा 1.35 लाख का जुर्माना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर में यातायात पुलिस ने महज आठ घंटे के जांच अभियान में कुल 62 वाहनों का ई-चालान किया। उन पर 1 लाख 36 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है।

यातायात पुलिस ने टीएसआई कामेश्वर कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के फौव्वारा चौराहा, रोडवेज, जिला चिकित्सालय, बड़ेवन चौराहा, श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज व कंपनीबाग चौराहे पर सघन जांच अभियान चलाया।

अभियान के दौरान बाइक, कार व अन्य वाहनों की जांच की गई। इनमें कई वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं मिले तो कई वाहन चालक हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग न करते हुए पाए गए। टीएसआई कामेश्वर कुमार सिंह ने बताया कि कई कामर्शियल वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं था तो उन्हें दो दिन की मोहलत देते हुए आइंदा से सब कुछ दुरुस्त रखने व नंबर प्लेट लगवाने के प्रति जागरूक किया गया है। अन्यथा की स्थिति में उन वाहनों का ई चालान कर दिया जाएगा। जांच टीम में हेड कांस्टेबल कृष्णानंद पांडेय, कां. अभिषेक यादव, बब्लू यादव और अर्जुन यादव आदि शामिल रहे।

## यातायात पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान




कटरा चौराहे पर गाड़ियों पर लगाया गया रिफ्लेक्टर स्टीकर। संवाद

# महिला की हत्या में दो जेठानियों व ननद को आजीवन कारावास

## सभी पर साढ़े दस-साढ़े दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामायण शर्मा की अदालत ने विवाहिता की जलाकर हत्या के मामले में दोषी पाई गईं दो जेठानियों व ननद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इन पर साढ़े दस-साढ़े दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना न देने पर एक माह 10 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला फौजदारी शासकीय अधिवक्ता जय गोविंद सिंह ने अदालत में घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि हर्रैया थाना क्षेत्र के जुड़यीपुर निवासी दीनानाथ ने गांव की निशा पुत्री रोहित के साथ 2016 में प्रेम विवाह किया था। रिश्ते से दीनानाथ के घर वाले संतुष्ट नहीं थे।

21 फरवरी 2017 को रात आठ बजे विवाहिता को मिट्टी का तेल छिड़ककर जला दिया गया। 25 दिन जीवन मौत से संघर्ष करने के बाद निशा की 18 मार्च को मौत हो गी। रोहित की शिकायत पर दीनानाथ व उसके भाई घनश्याम, उसकी भाभी सुमन व सुनीता तथा दीनानाथ की बहन अनीता उर्फ रीति के विरुद्ध हर्रैया थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### जुर्माना न देने पर एक माह 10 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

क्षेत्राधिकारी हर्रैया की विवेचना के बाद व निशा की मृत्यु से पहले दिए गए बयानों के आधार पर सुमन, सुनीता व अनीता के विरुद्ध अदालत में आरोपपत्र दाखिल हुआ। दोनों पक्ष को अपनी अपनी गवाही प्रस्तुत करने का अवसर अदालत ने दिया। दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं के तर्क सुने गए। सुनवाई के बाद तीनों महिलाओं को निशा की हत्या के लिए दोषी करार देते हुए न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा का सुनाई।

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में नौ पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के दो अलग-अलग मामलों में नौ ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

परशुरामपुर पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के एक मामले में चार ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में पीड़िता विजय लक्ष्मी पुत्री रविंद्र कुमार विश्वकर्मा निवासी मेढ़इया शुक्ल थाना परशुरामपुर ने तहरीर दी है।

इसमें अपने पति कैलाश विश्वकर्मा के अलावा दीपनरायन विश्वकर्मा, संजना पत्नी दीपनरायन व बलराम निवासी इमिलियाधीश थाना पैकोलिया पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। एसएचओ ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। लालगंज पुलिस ने भाटपारा थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर निवासी पांच आरोपियों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट आदि के आरोप में पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में शांति देवी पत्नी दूधनाथ निवासी बारीघाट थाना लालगंज ने तहरीर दी।

जिसमें बताया कि उनकी शादी संतकबीरनगर के दुधारा थानाक्षेत्र के भाटपारा निवासी दूधनाथ के साथ हुई है। उसके पति व ससुराल के अन्य लोग दहेज में मोटरसाइकिल व एक लाख रुपये की मांग करने लगे। पुलिस ने दूधनाथ के अलावा पुष्पा, किश्मती, राधेश्याम और संवारी देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की है।

# आरोपी को गिरफ्तार करके ले गई बिहार पुलिस

## टांडा पुल के पास से पकड़ा गया अजीत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती/कुदरहा।** तीन दिनों से डेरा डाले बिहार प्रांत के नवादा जिले की थाली थाने की पुलिस ने डकैती, दुष्कर्म, अश्लील हरकत सहित अन्य मामलों में वांछित लालगंज थाने के सेल्हरा निवासी अजीत चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। दो अन्य आरोपियों की उन्हें तलाश थी लेकिन वे नहीं पकड़े जा सके।

बृहस्पतिवार रात कलवारी थाने के टांडा पुल के पास से आरोपी अजीत चौधरी को गिरफ्तार किया गया। उस पर गोविंदपुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक आश्रम में साध्वियों का यौन शोषण करने, आश्रम की संपति लूटपाट आदि का आरोप है।

कलवारी थाने के एसओ आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि थाली थाने के एसएचओ विश्वास भंजन ने गिरफ्तारी की लिखित सूचना देकर आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिए अपने साथ ले गए। वहां के नवादा जिले के गोविंदपुर थाने में अप्रैल 2018 में

### अप्रैल 2018 में बिहार के नवादा जिले के गोविंदपुर थाने में दर्ज है मुकदमा

लालगंज थाने के सेल्हरा निवासी सगे भाई कल्पनाथ चौधरी, गिरिजा शंकर चौधरी और अजीत चौधरी समेत अन्स्त्रत्त्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी। गोविंदपुर की पुलिस ने मामले में काफी लीपापोती की। नवादा पुलिस ने 2021 में तीनों आरोपियों के घर की कुर्की भी कर लिया था मगर तीनों इसके बावजूद भी न्यायालय में हाजिर नहीं हुए।

जिसे लेकर पीड़ित पक्ष ने पटना हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसपी नवादा समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को तलब कर लिया। इसके बाद एसपी नवादा ने थाली थाने के एसएचओ के नेतृत्व में टीम बनाकर लालगंज थाने के सेल्हरा निवासी आरोपी अजीत चौधरी सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए यहां भेजा था।

# बैंक कर्मियों की अभद्रता से नाराज महिलाएं पहुंचीं थाने

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुधौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़री में स्थित बड़ौदा यूपी बैंक के कर्मचारियों की अभद्रता से परेशान दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं देर शाम प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा के पास पहुंच गई। महिलाओं ने शाखा प्रबंधक अखिलेश मिश्रा व उनके सहयोगी शांतनु मिश्रा और राजेश मिश्रा के गाली गलौज व अभद्रता की शिकायत की है।



महिलांए बैंक अधिकारी के खिलाफ थाने में शिकायत करने पहुंची। संवाद

थाने पर पहुंची समूह की अध्यक्षा सावित्री, कोषाध्यक्ष सरिता, सचिव आयशा खातून का कहना कि पहले मैनेजर और कैशियर के बीच कार्यो को लेकर कहासुनी हुई, जिससे दिन भर बैंक कार्य प्रभावित रहा। इंतजार करने के उपरांत जब अपना कार्य करने को कहा तो उनके साथ अभद्रता की।

बैंक कर्मियों ने रुपये निकासी में हीलाहवाली करते रहने के नाते बैंक में शाम तक बैठना पड़ा। बाद में बहानेबाजी करते दिखे।

बैंक प्रबंधक ने कहा कि तकनीकी समस्याओं के चलते रुपये देने में समस्या हुई है। अभद्रता व गाली-गलौज के आरोप पूरी तरह निराधार है।

# बिजली कनेक्शन काटने पर विवाद धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता

## जेई मनोज कुमार गुप्ता ने मुंडेरवा थाने में दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया

संवाद न्यूज एजेंसी

**मुंडेरवा।** खजौला गांव में शुक्रवार को बिजली बकाए को लेकर चल रहे अभियान में देवतहरा विद्युत उपकेंद्र के जेई ने विनोद चौधरी और अमरजीत यादव के घर का बिजली कनेक्शन काट दिया और केबिल ले जाने लगे। इस बात पर विवाद हो गया। इसके बाद जेई मनोज कुमार गुप्ता ने मुंडेरवा थाने में दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। इसकी जानकारी होने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मुंडेरवा थाने पर पहुंच गए और धरना शुरू कर दिया।



मुंडेरवा थाने में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने दिया धरना। संवाद

भारतीय किसान यूनियन के मण्डल महा सचिव शोभाराम ठाकुर ने बताया कि विनोद और अमरजीत के घर पर सिर्फ जेई पहुंचे। दोनों लोगों के घर सिर्फ महिलाएं थीं। बिना किसी से बात किए बिजली कनेक्शन काट कर केबिल ले जाने लगे। इसकी सूचना पा कर मौके पर विनोद चौधरी और अमरजीत यादव से बहस होने लगी। किसान यूनियन के लोगों का कहना कि जेई के ऊपर भी मुकदमा हो। अन्यथा धरना चलता रहेगा। इस अवसर भाकियू के पूर्वांचल अध्यक्ष अनूप चौधरी, लोकदल के जिला अध्यक्ष राधेश्याम चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष जयराम चौधरी ,दीवान चन्द्र पटेल, रामकेवल चौधरी, मुनमुन चौधरी, ब्रहादिन चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-11-2022

# कपिलवस्तु महोत्सव की तैयारी बैठक

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** जिलाधिकारी/ अध्यक्ष कपिलवस्तु महोत्सव समिति श्री संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी अध्यक्ष कपिलवस्तु महोत्सव समिति श्री संजीव रंजन ने बैठक में उपस्थित कपिलवस्तु महोत्सव समिति के नोडल अधिकारीध्अध्यक्षध्सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग अपनी-अपनी समितियों की बैठक कर 3-4 दिनो के अन्दर रूपरेखा तैयार कर मुख्य विकास अधिकारीध्सचिव कपिलवस्तु महोत्सव समिति के समक्ष प्रस्तुत करे।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल का लेआउट 4-5 दिनों के अन्दर तैयार कर ले जिससे टेन्ट, साउण्ड, लाइट, एलईडी व अन्य की टेण्डर फाइल प्रक्रिया सुनिश्चित करायी जा सके। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि कपिलवस्तु महोत्सव-2022 के कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारो को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देकर कार्यक्रम में स्थान दिया जाए जिससे जनपद के कलाकारो का मनोबल बढ़ सके। जनपद के दूरस्थलों यथा- डुमरियागंज, बढ़नी, इटवा, बांसी, तथा कपिलवस्तु बार्डर व लोटन आदि स्थानो से कपिलवस्तु महोत्सव का कार्यक्रम देखने आने वाले लोगो को लाने-ले जाने के लिए बस लगाने का निर्देश दिया गया।



जिलाधिकारी ने प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग लगवाने के लिए अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिया। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान सेल्फी प्वाइंट; झूला मेला, मीना बाजार, फूड जोन, कामर्शियल जोन, फोटोग्राफी प्रतियोगिता/प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इस बैठक में उपरोक्तके अतिरिक्तअपर जिलाधिकारी (वि0रा0) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका चौधरी, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, पीडी डीआरडीए, मुख्य कोषाधिकारी/ प्र0जिला सूचना अधिकारी विनोद कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडवेज जगदीश, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, एआईजी स्टाम्प राजेश कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, तथा अन्य संबधित अधिकारीगण व महोत्सव समिति के अध्यक्षध्सदस्यगण आदि उपस्थित थे।

# साले ने की थी सुभाष चौरासिया की हत्या

**36 घण्टे के अंदर सुभाष चौरसिया हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्यारे साले को किया गिरफ्तार**

**पैसे के लालच में आकर एक भाई ने अपने ही हाथों अपने ही सगी बहन का उजाड़ दिया सुहाग**

**सिद्धार्थनगर/डुमरियागंज(एसएनबी)।** सुभाप चौरसिया हत्याकांड का खुलासा जिले की एसओजी सर्विलांस व डुमरियागंज थाने की संयुक्त टीम ने 36 घण्टे के अंदर करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।सुभाप चौरसिया की हत्या किसी और ने नही बल्कि उसके साले सुनील चौरसिया ने पैसे के लालच में आकर कर दिया था।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बताया कि 2 नवंबर को इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम ककरही के रहने वाले सुभाप चौरसिया पुत्र स्वर्गीय रघुवीर चौरसिया की डुमरियागंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर नहर की पटरी के पास सिर में हथौड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी।घटना के सम्वंध में मृतक सुभाप चौरसिया के भाई पाशंकर चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरूकर दिया था।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जव पुलिस टीम ने पकड़े गए हत्यारे मृतक के साले सुनील चौरसिया से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मृतक सुभाप चौरसिया हमारे सगे जीजा थे,उन्होंने अपना जमीन वेचकर हमारे खाते में 3 लाख 65 हजार जमा कराया था।बताया कि जमीन बेचने के बाद जीजा द्वारा इटवा में दूसरी जमीन खरीदी जा रही थी,जिसके लिए वे अपना पैसा वापस मांग रहे थे,जिससे मेरे मन मे लालच आ गया और पैसा वापस नही करना चाह रहा था।हत्यारे ने वताया कि जब जीजा सुभाप द्वारा 2 नवम्बर को फोनकर पुनः पैसा मांगा गया तो मैंने लालच में आकर उनके हत्या की योजना बना डाला और दुकान से लोहे की हथौड़ी लेकर बाइक से सोनहटी जगदीशपुर मार्ग पर नहर के किनारे पहुचकर जीजा सुभाप को फोन किया कि मेरी बाइक खराव हो गई है और यहाँ पर आ जाइए।जव वे मेरे पास पहुँचे तो उन्हें बातों में उलझा कर धोखे से उनके सिर पर हथौड़ी से तीन बार प्रहार किया जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।पुलिस टीम ने घटना में प्रयोग किये गए लोहे की हथौड़ी भी बरामद कर लिया है।इस प्रकार के इस लालची व्यक्ति ने पैसे के लालच में आकर अपने ही हाथों में अपने वहनोई को हत्या कर अपने वहन का सुहाग उजाड़ दिया।


पुलिस की गिरफ्त मे पकड़ा गया हत्यारा

घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष डुमरियागंज संजय मिश्रा, निरीक्षक पाशंकर मौर्य,सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव,आरक्षी देवेश यादव,वीरेंद्र तिवारी,पवन तिवारी,अवनीश सिंह,मृत्युंजय कुशवाहा,धीरज प्रजापति,प्रतीक दूबे, तेज बहादुर यादव, संजीत पाण्डेय शामिल रहे।प्रेस वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ भी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में हुई,बैठक में एसपी अमित कुमार आनंद भी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिया कि कैम्प लगाकर आम जनता को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दिया जाय।बिना परमिट के चल रहे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाय।सभी वाहनों पर रेडियम जरूर लगवाया जाय।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रायः सड़क दुर्घटना लापरवाही के चलते होती है।दुपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर ही चले और तीन सवारी कदापि न बैठाये ।ओवर लोडिंग गाड़ियां बिल्कुल न चले।चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर ही चलें।जिले में दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर चिन्हित कर संकेतक बोर्ड लगाया जाए।

# भारी मात्रा में मछली व झींगा बरामद

**कपिलवस्तु।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के आदेश पर अपराध एवं अपराधियो व रोकथाम तस्करी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ व क्षेत्राधिकारी सदर अखिलेश वर्मा के पर्यवेक्षण में थाना कपिलवस्तु प्रभारी निरीक्षक मोतीलाल यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को झुलनीपुर के पास से एक डीसीएम से 100 पेटी मछली लदी हुई त्रिपाल से ढकी हुई तथा प्रत्येक पेटी मे करीब 40 किग्रा0 मछली बर्फ सहित बरामद हुआ तथा दूसरे वाहन पिकप से 45 गट्ठर मे लगभग 10 कुंटल सूखा झींगा बरामद हुआ। माल को कब्जे में तथा अभियुक्तगणों को हिरासत पुलिस मे लिया गया। बरामद माल को धारा 11 कस्टम अधिनियम के अंतर्गत कस्टम कार्यालय नौगढ़ रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान लड्डन अली पुत्र मो0 जलील ग्राम उनवल थाना बांसगाव जनपद गोरखपुर (डीसीएम चालक), व करीम पुत्र अय्यूब निवासी जंगलबहादुर अली टोला पोखरा थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर (पिकप चालक) के रूप मे हुई है।


# पुलिस ने किया एक लाख रूपये का ई-चालान

**बिस्कोहर (एसएनबी)।** यातायात जागरूकता माह के अवसर पर त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर सघन वाहन चेंकिग अभियान चला कर एक लाख रूपये का ई-चालान किया गया है। साथ ही लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करतें हुए सुरक्षित यात्रा करने की जानकारी भी दी गई है। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि यातायात माह चल रहा है। क्षेत्र के लोगो को सुरक्षित यात्रा करने व यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करनें का अभियान चलाया जा रहा है। दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने तथा चौपहिया वाहन चालकों आगे की सीट पर बैठने वाले व्यक्ति सीट वेल्ट का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। सघन वाहन चेंकिग अभियान के तहत क्षेत्र के बिस्कोहर, बिजौरा, सिंगारजोत बड़हरा विशुनपुर व बभनी चौराहा सहित कई अन्य स्थानों पर पुलिस टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की गई है। जिसमें यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले कुल 105 वाहनों से एक लाख पांच हजार का ई-चालान किया गया है।

# पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

उस्का बाजार। थानाक्षेत्र की पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को फरार चल रहे आरोपी गोविंद उर्फ बाडू निवासी हथिवड़ताल टोला बंगलवा को गिरफ्तार किया गया है।

# भारतभारी मेले की तैयारियां पूरी, उद्घाटन आज होगा



डुमरियागंज क्षेत्र भारतभारी धाम में मेले में लगा झूला। ● हिन्दुस्तान

डुमरियागंज/भारत भारी, हिन्दुस्तान संवाद। डुमरियागंज क्षेत्र के पौराणिक और धार्मिक स्थल भारतभारी में लगने वाले ऐतिहासिक मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी है। मेले में अधिकतर दुकानें सज चुकी है। उपजिलाधिकारी कुणाल सिंह ने मेले की तैयारियों का ज़ायजा लिया। साथ ही जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिया है।

पंडित राकेश शास्त्री ने बताया कि भारत भारी डुमरियागंज क्षेत्र ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल है। यहां पर लगने वाला मेला करीब एक पखवारे तक चलता है। मेले की ऐतिहासिकता दूर-दूर तक फैली हुई है। उन्होंने प्रशासन के लोगों से मेले के दौरान दुकानदारों व आने वालों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने की बात कही।

## शरारती तत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

भारत भारी में लगने वाले मेले के दौरान शरारती व आरजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डुमरियागंज थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थानीय थाने की पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल के रूप में 10 सब इस्पेक्टर, 10 महिला सिपाही, 20 हेड कांस्टेबल, 45 आरक्षी व डेढ़ सेक्सन पीएससी तैनात रहेगी।

वहीं उपजिलाधिकारी ने मेला व्यवस्थापक तहसीलदार अरूण कुमार वर्मा और रमेश चंद्र श्रीवास्तव के साथ निरीक्षण कर शनिवार को उद्घाटन होने वाले मेले का जायजा लिया।

# चेकिंग में 105 वाहनों का ई-चालान

बिस्कोहर। यातायात जागरूकता माह के तहत त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने सघन चेंकिग अभियान चलाया गया। इस दौरान थानाक्षेत्र के बिस्कोहर , बिजौरा, सिंगारजोत बड़हरा विशुनपुर व बभनी चौराहा पर वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले कुल 105 वाहनों से एक लाख पांच हजार का ई-चालान किया गया है। थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि यातायात माह में लोगो को हेलमेट लगाकर सुरक्षित वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया है। इस मौके पर चौकी प्रभारी बिस्कोहर सर्वेश कुमार यादव, बिजौरा विश्वमोहन राय, एसआई अजय सिंह आदि रहे।

# किशोरी से छेड़खानी का आरोपी दबोचा

**मिश्रौलिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से छेड़खानी करने के मामले में फरार चल रहे गांव के ही आरोपित को मिश्रौलिया पुलिस ने शुक्रवार को गोनरा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे न्यायालय रवाना कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक घनश्याम सिंह ने बताया कि घटना के बाद से ही आरोपित दिलीप उर्फ नेपाली फरार चल रहा था। पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

**मिश्रौलिया।** विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे तीन फरार आरोपियों को मिश्रौलिया पुलिस ने शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों से दबोच लिया है। पुलिस ने पकडे. गए आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया है।

इंस्पेक्टर घनश्याम ने बताया कि चेतिया के टोला नौडीहा निवासी शंकर उर्फ हीरालाल व मिठाई लाल और सुभौली गांव निवासी मनीराम केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस ने तीनों वारंटियों को शुक्रवार उनके ठिकानों से पकड़कर न्यायालय भेज दिया है।

# पैसों की लालच में साला बना जीजा का हत्यारा

**खुलासा**

- डुमरियागंज क्षेत्र के जगदीशपुर नहर के पास मिली थी युवक की लाश
- पुलिस ने मृतक के साले को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर नहर के पास दो नवंबर को हथौड़ा से सिर प्रहार की एक युवक की लाश मिली थी। पुलिस ने शुक्रवार को मृतक के साले को गिरफ्तार कर लिया। उसने पैसों की लालच में अपने जीजा को बुलाकर हत्या कर दी थी और फरार हो गया था।

शुक्रवार को एएस अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइंस सभागार में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि हत्या का अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस सुराग में लगी थी। सर्विलांस की मदद से पुलिस के सामने तथ्य आए कि मृतक सुभाष चौरसिया (38) पुत्र स्व रघुबीर चौरसिया निवासी ककरही थाना इटवा की हत्या से उसके साले सुनील कुमार चौरसिया पुत्र स्व भोला चौरसिया निवासी तेलिया मोहल्ला थाना डुमरियागंज के तार जुड़े हो सकते हैं। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार भोर में राप्ती पुल के पास से गिरफ्तार कर पूछताछ की तो वह टूट गया। बताया कि उसके जीजा ने 3.65 लाख में एक जमीन बेचकर पैसा उसके खाता में जमा करा दिया था। इस बीच वह एक जमीन लेना चाह रहे थे जिससे पैसा मांग रहे थे। मेरे मन में लालच आ गया और उन्हें फोन कर बुलाया कि मेरी बाइक जगदीशपुर नहर के पास खराब हो गई है। वह आए तो उनके सिर पर तीन बार हथौड़ा मार कर हत्या करने के बाद चला गया। एसपी ने बताया कि आरोपी को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

संजय मिश्र थानाध्यक्ष डुमरियागंज, कृपा शंकर मौर्य इंस्पेक्टर, शेषनाथ यादव प्रभारी सर्विलांस सेल, सिपाही देवेश यादव, वीरेंद्र तिवारी, धीरज प्रजापति आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल रहे।

# सौ पेटी मछली व दस क्विंटल झींगा बरामद

## गोरखपुर के हैं पकड़े गए दो आरोपित, कपिलवस्तु पुलिस को मिली सफलता

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** कपिलपस्तु पुलिस ने शुक्रवार को डीसीएम पर ले जाए जा रहे सौ पेटी मछली व पिकअप से 10 क्विंटल सूखा झींगा के साथ वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। बरामद सामान को कस्टम कार्यालय नौगढ़ को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मछली व झींगा को नेपाल ले जाया जा रहा था, लेकिन उसे रास्ते में पकड़ लिया गया।



पकड़ी गए मछली व झींगा के साथ पुलिस टीम ©जागरण

प्रभारी थाना निरीक्षक मोतीलाल यादव झुलनीपुर के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक पिकअप व डीसीएम आती दिखी। रोककर पूछताछ में पता चला कि गाड़ी में मौजूद व्यक्ति घबरा गया। कड़ाई से पूछताछ में पता चला कि डीसीएम में रखी पेटी में मछली भरी है। जबकि दूसरे वाहन में सूखा झींगा है।

पुलिस ने वाहन चालक लड्डन अली पुत्र मोहम्मद जलील निवासी उनवल थाना बांसगांव व करीब पुत्र अय्यूब निवासी जंग बहादुर अली टोला पोखरा थाना चिलुआताल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक मोतीलाल यादव, उपनिरीक्षक किशोरी लाल चौधरी, उपनिरीक्षक भीम सिंह, मुख्य आरक्षी सिद्धार्थ सिंह, संदीप कुमार यादव, संदीप सिंह शामिल रहे।

# आरोपित को गिरफ्तार करके भेजा जेल

जासं, उसका बाजार : मोटर वाहन अधिनियम सहित अन्य धाराओं में उसका बाजार पुलिस ने शुक्रवार को वांछित आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपित की पहचान रायबरेली के शिवगढ़ थाने के जगतपुर निवासी कौसेन खान है। बीते सोमवार को थानाक्षेत्र के मनखाही में टेंपो और पिकअप में भिड़ंत हो गई थी। टेंपो सवार दो लोगों की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने पिकअप चालक कौसेन खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# 3.65 लाख रुपये के लिए साले ने की थी जीजा की हत्या

- बाइक खराब होने का बहाना बनाकर बुलाया और ले ली जान
- हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा व 350 रुपये पुलिस ने किया बरामद

जासं, सिद्धार्थनगर : इटवा थाना क्षेत्र के भिलौरी ककरही निवासी 45 वर्षीय सुभाष चौरसिया की हत्या उसके सगे साले ने 3.65 लाख रुपये को हड़पने के लिए हथौड़ा मारकर किया था। आरोपित की पहचान डुमरियागंज के तेलियाना मोहल्ला निवासी सुनील चौरसिया के रूप में हुई है। उसने बाइक खराब होने का बहाना करके फोन पर अपने जीजा को मौके पर बुलाया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा व 350 रुपये नकद भी बरामद कर लिया है।

पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि दो नवंबर को डुमरियागंज थाने के जगदीशपुर नहर की पटरी पर एक व्यक्ति का रक्तरंजित शव मिला था। सर्विलांस व डुमरियागंज पुलिस मामले की जांच में जुटी थी कि पता चला कि शव इटवा थाना क्षेत्र के ककरही निवासी सुभाष चौरसिया का है। घटना के पर्दाफाश के लिए एएसपी की निगरानी में पुलिस टीम को लगाया गया। जांच में पता चला कि युवक अपने ससुराल अपने साले सुनील के पास तीन लाख 65 हजार रुपये लेने बुधवार को घर से निकला था और उसका शव उसी दिन घटनास्थल पर पाया गया। वह अपनी जमीन को बेचने पर मिले पैसे को साले के बैंक खाते में ट्रांसफर कराया था। इस पैसे को वापस लाकर इससे वह दूसरी जगह पर जमीन खरीदने की तैयारी में था। पर्दाफाश करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज संजय मिश्रा, निरीक्षक अपराध कृपाशंकर मौर्या, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव आदि शामिल रहे।

**पहले से हत्या की कर ली थी तैयारी** : आरोपित ने अपने जीजा की हत्या की तैयारी पहले से ही कर ली थी। उसे जब पता चला कि जीजा पैसा लेने आ रहे है तो वह सूनसान स्थल पर हथौड़ा लेकर पहुंच गया। उसने जीजा को फोन कर बुलाया कि उसकी बाइक खराब हो गयी है और वह नहर पर है।

# सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटाया

ककरहवा। कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत ककरहवा स्वास्थ्य केंद्र से नेपाल सीमा एसएसबी चौकी तक की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

चौकी प्रभारी अजय नाथ कन्नौजिया के नेतृत्व में पुलिस बल ने पटरियों पर अतिक्रमण करने वालो व बेतरतीब खड़ी मोटर साइकिल वालों को एलाउंस के माध्यम से अतिक्रमण न हटाने पर जुर्माना लगाने की हिदायत दी।

# दुष्कर्म के आरोपी किशोर की जमानत खारिज

**सिद्धार्थनगर।** किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के अभियुक्त कोतवाली बांसी क्षेत्र सोनखर निवासी अनिल साहनी की जमानत याचिका विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रमोद कुमार सिंह द्वितीय ने खारिज कर दी। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि 28 जुलाई 2022 को पीड़िता किसी कार्य के लिए घर से निकली, परंतु वह शाम तक घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी पीड़िता का पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्जकर मामले की विवेचना की और चार्जशीट कोर्ट में पेश किया। अभियुक्त कारागार में बंद है। जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के दौरान पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो पवन कुमार पाठक ने जमानत का विरोध किया। संवाद

# दो वाहनों से मछली व झींगा बरामद

कपिलवस्तु। कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के झुलनीपुर चौराहे के पास से दो पिकअप वाहन पकड़ा। उसमें भारी मात्रा में मछली और झींगा बरामद किया गया। लिखा-पढ़ी करके कस्टम कार्यालय नौगढ़ को सौंप दिया गया। कपिलवस्तु कोतवाल मोतीलाल यादव ने बताया कि शुक्रवार को झुलनीपुर के पास से एक पिकअप से 100 पेटी मछली बरामद की गई। दूसरे पिकअप से 45 गट्ठर में लगभग 10 क्विंटल सूखा झींगा बरामद हुआ। बरामद मछली और झींगा नौगढ़ कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया। पकड़े गए आरोपी लड्डन अली निवासी उनवल थाना बांसगाव जनपद गोरखपुर और करीम निवासी जंगलबहादुर अली टोला पोखरा थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर का चालान कर दिया गया। संवाद

# वाहन चालकों से वसूला जुर्माना

बिस्कोहर। यातायात जागरुकता माह के तहत त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। क्षेत्र के बिस्कोहर, बिजौरा, सिंगारजोत, बड़हरा, विशुनपुर व बभनी चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर 105 वाहन चालकों से एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। संवाद

# बिना परमिट चल रहे वाहनों पर होगी कार्रवाई

**सिद्धार्थनगर।** कैंप लगाकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाए, बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करें। सभी वाहनों पर रेडियम जरूर लगवा दें। ये बातें जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कहीं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण लापरवाही है। ओवरलोडिंग गाड़ियां नहीं चलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, तीन सवारी न चलने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की हिदायत दी। जनपद में अधिक दुर्घटना वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां पर संकेत बोर्ड आदि लगवाने और सड़क के किनारे व ढाबों के किनारे भारी वाहन न खड़े करने देने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी अमित कुमार आनंद, बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय, एआरटीओ ओमप्रकाश गौबे उपस्थिति रहे। संवाद

# साला ही निकला पान कारोबारी का कातिल, हथौड़े से मारा था

## उधार लिए रुपये वापस न करना पड़े, इसलिए जीजा को उतारा था मौत के घाट

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। पान के थोक कारोबारी की हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश करने का दावा किया है। कारोबारी के साले को हत्यारोपी बताया है। एसओजी और डुमरियागंज पुलिस ने डुमरियागंज राप्ती नदी के पुल से शुक्रवार सुबह उसे दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि उधार लिए रुपये हड़पने के लिए उसने हथौड़े से हमला करके मार डाला। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार को पुलिस लाइंस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि डुमरियागंज थाना क्षेत्र में दो नवंबर को हुई पान के पत्ते के कारोबारी सुभाष चौरसिया की हत्या के पर्दाफाश के एसओजी और डुमरियागंज पुलिस को लगाया गया था। शुक्रवार को टीम को जानकारी मिली की हत्यारोपी मृतक का सगा साला है और वह डुमरियागंज राप्ती नदी के पुल के पास मौजूद है। कहीं भागने की फिराक में है।

सूचना को संज्ञान में लेते हुए एसओ डुमरियागंज संजय कुमार मिश्र, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव की टीम मौके पर पहुंच गई और सुनील कुमार चौरसिया निवासी तेलियाना मोहल्ला थाना डुमरियागंज को दबोच लिया। उसके कब्जे से हमले में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद कर लिया गया।

## राखी बंधवाने वाले भाई ने ही उजाड़ दिया सुहाग

सिद्धार्थनगर। राखी बंधवाने वाले भाई ने ही चंद रुपये के लिए बहन का सुहाग उजाड़ दिया। जीजा को रुपये वापस न करना पड़े, हथौड़ा मारकर साले ने मौत के घाट उतार दिया और परिवार को बेसहारा बना दिया।

बहन और भाई का रिश्ता सबसे मजबूत माना जाता है। बहन कष्ट में होती है, तो भाई को पीड़ा होती है भाई कष्ट में होता है तो बहन को पीड़ा होती है। बहन की रक्षा के लिए

### रिश्ते से बढ़कर रुपये को दिया महत्व, लालच में ले ली बहनोई की जान

भाई रक्षा बंधन के समय वचन देता है कि वह उसके सुहाग के साथ ही उसकी भी रक्षा करेगा। लेकिन, एक भाई ने रिश्ते की डोर के बजाय रुपये को मजबूत समझा। जीजा की ओर से रखने के लिए दिए गए रुपये हड़पने के लिए धोखे से बुलाकर मौत के घाट उतार दिया डुमरियागंज में हुई पान कारोबार[illegible] सुभाष कातिल उनका सगा साल[illegible] निकाला।

यह जानने के बाद लोग रिश्ते प[illegible] सवाल उठा रहे हैं। साथ ही यह भ[illegible] कह रहे हैं कि अब किस पर भरोस[illegible] किया जा सकता है। रुपये रखने के लिए दिया तो अपना साला ह[illegible] हड़पने के लिए जान लेने से पीछे नहीं हटा। अब किस पर भरोसा किया जाए।

### दिए गए रुपये हड़पने के लिए की हत्या

**पुलिस** के मुताबिक, आरोपी सुनील चौरसिया ने बताया कि सुभाष चौरसिया उसके जीजा थे। उन्होंने अपनी जमीन बेचकर तीन लाख पैंसठ हजार रुपये मेरे खाते में ट्रांसफर किया था। सुभाष इटवा में दूसरी जमीन ले रहे थे। उसके लिए वे रुपये वापस मांग रहे थे। जबकि मेरे मन में लालच आ जाने से मैं रुपये वापस नहीं करना चाह रहा था। दो नवंबर दोपहर में मेरे मन में सुभाष चौरसिया की हत्या कर रकम हड़पने का विचार आया और मैं अपनी दुकान से लोहे का हथौड़ा लेकर बाइक से सोनहटी जगदीशपुर मार्ग पर नहर किनारे पहुंच गया। वहां से सुभाष चौरसिया को फोन कर बताया कि मेरी बाइक खराब हो गई है, यहीं आ जाइए। उनके आने पर उन्हें बातों में उलझा कर धोखे से उनके सिर पर हथौड़े से तीन बार प्रहार किया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-11-2022

# फरार आठ वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर/मेंहदावल (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे 08 वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। थाना महुली पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्त विश्राम पुत्र झगरू, जनगदीश पुत्र रामरूप निवासीगण नैनाझाला एवं कीरे पुत्र झीनक निवासी चमर मंगता थाना महुली को उप निरीक्षक वीरेन्द्र मिश्रा, उ.नि. रमेश कुमार यादव, कां. श्याम बहादुर यादव, कां. लालचन्द प्रसाद ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। इसी क्रम में थाना मेंहदावल के उप निरीक्षक कल्पनाथ सिहं, उ.नि. संजय यादव, उ.नि. अनिल प्रकाश पाण्डेय, कां. आंसू यादव, कां. अनिल कुमार यादव, कां. बलवंत चौहान ने 05 वारंटी अभियुक्तों इन्द्रजीत पुत्र रामशुभग, रामहित पुत्र रामशुभग निवासी सुंदरपुर बजहा, शंकर दयाल पुत्र रामलाल निवासी कुसनहा, जाहिद अली पुत्र करम हुसैन निवासी हरदी और संतू पुत्र सत्यप्रकाश निवासी पचेड़ी थाना बखिरा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# सभी थानों पर पुलिसकर्मियों ने लगायी दौड़

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** पुलिस लाइन्स सहित जिले के सभी थानों पर शुक्रवार को परेड करायी गयी। जिसमें शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी। साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। तदोपरान्त उन्होंने आवासीय परिसर स्थित पार्क, ओपन जिम, मन्दिर परिसर, क्वार्टर गार्द, स्टोर रुम, आर्मरी इत्यादि का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। एसपी ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन श्रीमती दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन्स में परेड को सलामी देने के बाद निरीक्षण करते एसपी सोनम कुमार।

# मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत, केस

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र में रामजानकी मार्ग पर गुरुवार की शाम अज्ञात बाइक की ठोकर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान शुक्रवार को जिला अस्पताल में मौत हो गयी। वृद्ध के मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में धनघटा थाना क्षेत्र के मिठना सिठना गांव निवासी रमजान अली पुत्र सफीरजा ने बताया है कि उसके पिता सफीरजा गुरूवार की शाम जरूरी कार्य से थाना क्षेत्र के मलौली चौराहे पर गए थे। कार्य समाप्त होने के बाद पिता सफीरजा शाम करीब 3 बजे पैदल ही घर की तरफ वापस आ रहे थे कि पीछे हैंसर की तरफ से एक बाइक सवार तेज़ रफतार अचानक पहुंचा और पिता को जोरदार टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जानकारी करने पर पता चला कि दुर्घटना में शामिल बाइक काली रंग की थी जिसके रजिस्ट्रेशन नम्बर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। बाइक को थाना क्षेत्र के हकीमपुर गांव निवासी गोलू पुत्र लालजी चला रहा था। तहरीर में बताया कि घायल पिता सफीरजा को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचाया गया जहां गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया था जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को पिता की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 304ए तथा 279 के तहत मुकदमा बाइक चालक गोलू के विरूद्ध मुक़दमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने बताया कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल बाइक और उसके चालक को गिरफत में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# एसडीएम ने कराया जलनिकासी विवाद का समाधान

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के गोविन्ज बाजार में जलनिकासी के लिए चल रहे विवाद का शुक्रवार को समाधान हो गया। शिकायतीपत्र को संज्ञान में लेते हुए पुलिसबल के साथ पहुंचे एसडीएम धनघटा डा0 रविन्द्र कुमार और प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने दोनों पक्षों से संवाद कर विवाद का समाधान करा दिया। विवाद का समाधान हो जाने से बीते कई महीने से विवाद को लेकर स्थानीय स्तर पर दो समुदायों के बीच बनी तनाव की स्थिति भी समाप्त हो गयी। विदित हो कि थाना क्षेत्र के गोविन्ज बाजार निवासी कन्हैयालाल और विजय पाण्डेय के घर का पानी बाजार की मुख्य सड़क के किनारे निर्मित नाली से होकर वर्षो से निकल रहा था। बीते दिनों प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बाजार की मुख्य सड़क चौड़ी की गई तो पूर्व में जलनिकासी के लिए निर्मित नाली भी ध्वस्त हो गयी जिससे कन्हैयालाल और विजय पाण्डेय के घर का पानी अवरूद्ध हो गया था। उक्त कन्हैयालाल और विजय पाण्डेय घर का पानी सड़क को तोड़कर पानी को सड़क पार कराने के बाद मौके पर लगने वाली साप्ताहिक बाजार की खाली पड़ी जमीन से निकालना चाहते थे। साप्ताहिक बाजार की खाली पड़ी जमीन के समीप कुछ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की जमीन है तो उक्त अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा साप्ताहिक बाजार लगने वाली खाली जमीन से होकर उक्त दोनों के घरों का पानी नाली निर्माण कराकर निकालने का विरोध करना शुरू कर दिया तो मौके पर तनाव की स्थिति उत्पन्न होने लगी थी। बीते दिनों में दोनों पक्षों के लोगों द्वारा तहसील से लगायत जिलाधिकारी तक प्रार्थनापत्र देकर विवाद का समाधान कराने की गुहार लगाई जा रही थी। गुहार को संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार को एसडीएम धनघटा डा0 रविन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह और चौकी प्रभारी पौली धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से संवाद कर स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उसके बाद बातचीत करके विवाद का समाधान कराते हुए एसडीएम ने कन्हैयालाल और विजय पाण्डेय के घर का पानी पूर्व की तरह सड़क के किनारे नाली निर्माण कर उत्तर तरफ मस्जिद से होते हुए गड्ढे में गिराने का निर्देश दिया और दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का निपटारा भी मौके पर ही करा दिया।

# कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

## ससुरालियों पर धर्म परिवर्तन कराने का मामला

दुधारा (एसएनबी)। दुधारा थाना क्षेत्र के गांव सालेहपुर निवासी एक युवक ने अपनी बहन के ससुरालियों पर धर्म परिवर्तन कराने तथा प्रताड़ित कराने का आरोप लगाया है। उक्त मामले में न्यायालय के आदेश पर दुधारा पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

थाना दुधारा क्षेत्र के गांव सालेहपुर निवासी जुनैद अशरफ पुत्र मसूद अहमद ने सैयद हसनैन अशरफ पुत्र सैयद तैयब अशरफ, सादिया सैयद जिलानी पत्नी सैयद तैयब अशरफ, दो अज्ञात व्यक्ति पता एसवाई-55पी. 2 जिलानी पंचजतन स्टेट बंगलुरू कर्नाटक के विरुद्ध दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि वादी की बहन उम्म कुलसुम का निकाह 22-12-2019 को मुस्लिम रीति रिवाज से सैयद हसनैन अशरफ के साथ संपन्न हुआ था। प्रतिवादी गण द्वारा गिरोह बनाकर गैर मुस्लिम महिलाओं को झूठ व फरेब तथा भय एवं पैसे के प्रलोभन देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया जाता है। दोनों वादी की बहन को भी उक्त कार्य करने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे एवं धमकी दिए कि अगर अपनी बहन की सलामती चाहते हो तो 25 लाख ₹ दो भयवश 7,50,000₹ दिया गया। उसके बावजूद उपरोक्त लोगों द्वारा मेरी बहन पर यह दबाव बनाया जाने लगा कि वह चार हिन्दू महिलाओं का धर्म परिवर्तन कराएं तथा ट्रेनिंग के लिए दरगाह भेजवा दिया लेकिन जब मेरी बहन ने इसके लिए तैयार नहीं हुई तो उक्त लोगों द्वारा दहेज के बचे 17.50 लाख ₹ के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिया। शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि मेरी बहन किसी तरह लखनऊ आई। वहां पर दोनों लोगों के विरुद्ध थाना इन्दिरा नगर में मु.अ.सं. 176/21 धारा 498ए, 323, 504, 507, 384 भादवि, डीपी एक्ट, 3 व 5(1) उ.प्र. विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन अध्यादेश 2020 के तहत मुकदमा दर्ज कराया।

मुकदमा वापस लेने के लिए मुझे व मेरी बहन को धमकी देने लगे। अज्ञात लोगों को भेजकर अपशब्द देते हुए घर में घुस आए और तोड़फोड़ करने लगे। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध मु.अ.सं. 451/22 धारा 120बी, 427, 452, 504, 506 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# हत्यारोपी पिता-पुत्र व मां को आजीवन कारावास

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने पुलिस की प्रभावी कार्रवाई एवं सम्यक पैरवी से दहेज़ हत्या के अभियुक्तों पिता-पुत्र व मां को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक को 01-01 लाख ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्तों को 01 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम द्वारा थाना बेलहर कला पर पंजीकृत मु.अ.सं. 877/2020 धारा 498(ए), 304(बी) भादवि व 3/4 डीपी एक्ट के मामलें में अभियुक्तगण फैयाज अहमद पुत्र मो. याकूब, मो. याकूब पुत्र स्व. शाह मोहम्मद और राबिया खातून पत्नी मो. याकूब निवासीगण अमथरी थाना बेलहर कला को अन्तर्गत धारा 302/34 भादवि में दोषसिद्ध पाते हुए आरोपितों को आंजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने प्रत्येक को 01-01 लाख ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। साथ ही अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्तों को 01 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। विदित हो कि दिनांक 26.05.2020 को उक्त अभियुक्तगणों द्वारा वादी की पुत्री को दहेज में 02 लाख ₹ की मांग करना, मांग की पूर्ति न होने पर प्रताड़ना के क्रम में वादी की पुत्री अजमेरुनिशा की जलाकर हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में थाना बेलहर कला पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी मेंहदावल गयादत्त मिश्र द्वारा संपादित की गयी थी। मॉनिटरिंग सेल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 4.0 के अंतर्गत महिला संबंधी अपराधों में आरोपियों को प्रभावी पैरवी करते हुए निरन्तर सजा दिलाई जा रही है।

# घर में घुसकर मनबढ़ों ने युवती को पीटा,केस

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के नटवाबर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर गुरूवार की शाम गांव के ही कुछ मनबढ़ एक घर में घुस गए और एक युवती को भद्दी भद्दी गालिया और जानमाल की धमकी देते हुए मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने घायल युवती को इलाज के लिए तत्काल सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद सहित चार अज्ञात के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर थाना क्षेत्र के नटवाबर गांव निवासी दीपक पुत्र अगर्वी अपने परिवार के संजय व पंकज पुत्रगण अगर्वी, पूजा और नीलम पुत्रीगण अगर्वी तथा दीपक की पत्नी सहित चार अज्ञात लोग पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी राजमती पत्नी रामजस के दरवाजे पर लाठी डण्डा लेकर चढ़ गए और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। दरवाजे पर मौजूद राजमती की बेटी अन्जू ने गाली देने का विरोध किया तो उक्त सभी उसे जान माल की धमकी देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। अंन्जू जान बचाकर घर के भीतर भागती हुई पहुंची और छिपने लगी तो पीछा करते हुए उक्त सभी विपक्षी उसके घर में घुस गए और अन्जू को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल अन्जू की मां राजमति ने धनघटा थाने पहुंचकर उक्त हमलावरों के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी जिसके आधार पर पुलिस ने दीपक पुत्र अगर्वी सहित उसके परिवार के सात उक्त लोगों के खिलाफ नामजद तथा चार अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,323,452,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# दुर्घटना में घायल के मामले में केस दर्ज

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने विगत दिनों हुई मार्ग दुर्घटना में महिला के घायल होने के मामले में पीड़ित के प्रार्थना पर केस दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि महुली थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी राकेश ने बताया कि पत्नी रुक्मणी देवी बाइक से बैठकर नेहिया जा रही थी। गिरधरपुर तिराहे से आगे पहुंचते ही तामेश्वरनाथ के तरफ से आ रहे ट्रक के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए लाकर पीछे से ठोकर मार दिया। दुर्घटना में पत्नी बाइक से गिर गई और ट्रक का पहिया उनके ऊपर चढ़ गया। घटना में पत्नी बुरी तरह से जख्मी हो गई। जिन्हें घायलाव्स्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित ट्रक चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# आरोपी को एक वर्ष का कारावास

संतकबीरनगर। साढ़े तीन लाख रुपए का चेक बाउंस होने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट ने आरोपी को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी राजनारायण सिंह उर्फ नन्हें सिंह पर सजा के साथ 7 लाख रुपए के अर्थदण्ड का भी फैसला दिया है।

परिवादी लक्ष्मी कोल डिपो के अधिवक्ता सुशान्त मिश्र ने बताया कि मामला कोतवाली खलीलाबाद गोरखल का है। परिवादी हरिकेश सिंह निवासी गोरखल कोतवाली खलीलाबाद लक्ष्मी कोल डिपो के प्रोपराइटर हैं। परिवादी ईंट भट्ठे पर कोयले की आपूर्ति करता था। परिवादी ने गोरखपुरके सहजनवां थाना क्षेत्र के गाहासांड़ निवासी राज नारायण सिंह उर्फ नन्हें सिंह को तीन लाख 50 हजार रुपए का कोयला आपूर्ति किया था।

# पुलिस ने आठ वारंटियों को दबोचा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने आठ आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई किया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने छापेमारी की। थाना महुली पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त विश्राम पुत्र झर्गरू, जगदीश पुत्र रामरूप निवासीगण नैनाझाला, कीरे पुत्र झीनक निवासी चमर मंगता एवं थाना मेंहदावल पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त इन्द्रजीत पुत्र रामशुभग, रामहित पुत्र रामशुभग निवासी सुंदरपुर बजहा, शंकर दयाल पुत्र रामलाल निवासी कुसनहा, जाहिद अली पुत्र करम हुसैन निवासी हरदी व संतू पुत्र सत्यप्रकाश निवासी पचेठी थाना बखिरा को गिरफ्तार कर सभी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत करने के बाद जेल रवाना कर दिया।

# दुर्घटना में वाहन क्षतिग्रस्त, मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना में वाहन क्षतिग्रस्त होने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़ित विजय शंकर निवासी तरैनी थाना महुली ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि वह अपने वाहन से नेदुला चौराहा से बीएसए आफिस की तरफ जा रहे थे। नेदुला चौराहा पर गोरखपुर की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने गाड़ी में ठोकर मार दी।



पुलिस लाइन में आयोजित परेड का निरीक्षण करते एसपी सोनम कुमार। ● हिन्दुस्तान

# परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार को होने वाले साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर उसका निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित सभी पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए अधिकारी व कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता के बीच मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया।

# पति, सास व ससुर को हुई आजीवन कारावास की सजा

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। पत्नी के हत्यारोपी पति, सास एवं ससुर को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वशिष्ठ ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पति फैयाज, ससुर मोहम्मद याक़ूब एवं सास राबिया खातून पर एक-एक लाख रुपए कुल तीन लाख रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपितों को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

- एडीजे की कोर्ट ने सुनाया फैसला
- कोर्ट ने लगाया तीन लाख का जुर्माना

मामला जिले के बेलहर कला थाना के ग्राम अमथरी का है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने बताया कि प्रकरण में मृतका के पिता ने अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप था कि शादी के बाद से ही दहेज के रूप में दो लाख रुपए की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित किया जाता था। दहेज की मांग पूरी न होने पर 26 मई 2020 को उसके पति फैयाज अहमद पुत्र मो. याक़ूब, ससुर मो. याक़ूब पुत्र शाह मो. एवं सास राबिया खातून पत्नी मो. याक़ूब निवासी अमथरी थाना बेलहर कला ने जलाकर मार डाला। विवेचना के उपरांत तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल गयादत्त मिश्र ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध दहेज हत्या का आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। पक्षों की बहस सुनने के पश्चात कोर्ट ने दहेज हत्या के आरोप के बजाय हत्या के आरोप में दोष सिद्ध करार दिया।

# एक निरीक्षक समेत नौ पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए गुरुवार की देर रात एक निरीक्षक समेत नौ पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया है।

एसपी ने बताया कि प्रभारी आईजीआरएस व जन शिकायत प्रकोष्ठ निरीक्षक राकेश कुमार मिश्र को वाचक पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यातायात पुलिस से एसआई भोला प्रसाद, नंदलाल व अरविंद कुमार दूबे को हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन से हेड कांस्टेबल गंगा प्रसाद व कांस्टेबल मोहम्मद शाहिद को यातायात पुलिस में तैनात किया गया है।

साथ ही पुलिस लाइन से हेड कांस्टेबल रामाश्रय यादव थाना दुधारा, अभियोजन शाखा से बृजकिशोर गुप्त को मानीटरिंग सेल और पुलिस लाइन से कांस्टेबल गिरजेश उपाध्याय को कोतवाली खलीलाबाद में तैनाती दी गई है।

# दो पक्षों में हुआ विवाद, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने दो पक्षों के विवाद में पीडित के शिकायत पर केस दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के उमरी कला निवासी संजय मिश्र ने अपने शिकायत में बताया कि उनके पुश्तैनी मकान का रास्ता विपक्षियों ने अवरुद्ध कर दिया है। दिनांक 30 अक्टूबर को परिवार के साथ अपने घर पर जा रहे थे। विपक्षी रामबेलास व उनके लड़के सुनील रास्ते में रोककर घर जाने से मना करते हुए मां बहन की गाली देने लगे।

# पुलिस ने 1.65 लाख रुपये जुर्माना वसूला

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से जांच के दौरान 1.65 लाख रूपए जुर्माना वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 174 वाहनों के चालकों से 1 लाख 65 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# विवेचकों से जाना लंबित विवेचनाओं का हाल

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने थाना महुली पर प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर की उपस्थिति में विवेचकों से लंबित विवेचनाओं का हाल जाना। उन्होंने थाना पर अधिक समय से लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुए लम्बित होने के कारण की समीक्षा की।

## आठ वारंटी गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध जारी गैर जमानती वारंट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में आठ वारंटी दबोचे गए। इसमें महुली थाने की पुलिस ने विश्राम, जगदीश व कीरे को गिरफतार किया। (जासं)

## शांतिभंग में तीन गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनमें से दो को धनघटा व एक को बखिरा पुलिस ने दबोचा। (जासं)

## दो घायलों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : धनघटा में चल रही पीआरवी टीम के आरक्षी देवेन्द्र कुमार, महिला आरक्षी प्रेमा विंद व चालक सुनील ने बिड़हरघाट में हुई मार्ग दुर्घटना में घायल दिनेश व राम दयाल निवासी खिझिरपुर आंबेडकर नगर को घायलावस्था में सीएचसी हैंसर बाजार में भर्ती कराया। (जासं)

# मिट्टी खनन पर चार वाहन स्वामियों पर जुर्माना

## सरकारी कोष में जुर्माना जमा होने के बाद चारों वाहनों को थाने से छोड़ दिया

- इस साल अप्रैल से अक्टूबर तक 86 ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक, जेसीबी पकड़े गए
- सभी वाहन स्वामियों से 24.3 लाख रुपये वसूले गए थे जुर्माना

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: अवैध मिट्टी खनन के मामले में पकड़े गए चार वाहन स्वामियों पर एक लाख रुपये जुर्माना लगा है। ट्रेजरी चालान के जरिये जुर्माना राशि को सरकारी कोष में जमा किया गया। चेतावनी देकर चारों स्वामियों के वाहन को थाने से छोड़ दिया गया है।

गोरखपुर जनपद के सहजनवा थाना के बवंडरा गांव निवासी ध्रुव नारायण सिंह व हरिगोविंद सिंह, पुरानी तहसील खलीलाबाद निवासी सलीम खान, खलीलाबाद शहर के बगहिया निवासी शिवशंकर चौरसिया आदि चार मालिकों का मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली मगहर पुलिस चौकी के सामने व अन्य स्थान से पकड़ी गयी थी। इसे पुलिस के हवाले कर दिया गया था।

प्रत्येक से 25 हजार रुपये यानी चारों वाहन स्वामी से एक लाख रुपये जुर्माना वसूले गए हैं। इस राशि को ट्रेजरी चालान के जरिये सरकारी कोष में जमा करवाया गया है। चारों वाहन स्वामियों के ट्रैक्टर-ट्राली को थाने से छोड़ दिया गया है। इस साल अप्रैल से अक्टूबर तक 86 ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक, जेसीबी पकड़े गये।

इन वाहन स्वामियों से 24.3 लाख रुपये जुर्माना वसूले गए है। खनन निरीक्षक नरेश कुमार महतो ने बताया कि अवैध मिट्टी व बालू खनन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या के आरोपितों को आजीवन कारावास

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वशिष्ठ ने शुक्रवार को दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या करने के एक मामले में पति, सास व ससुर को आजीवन कारावास व प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है। मामला बेलहर थानाक्षेत्र का है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 26 मई 2020 को बेलहर थानाक्षेत्र के अमथरी गांव निवासी पति फैयाज अहमद, ससुर मो. याकूब व सास राबिया खातून द्वारा पीड़ित की पुत्री अजमेरुनिशा की जलाकर हत्या कर दी गई थी। आरोपितों द्वारा आए दिन दहेज में दो लाख नकदी की मांग की जाती रही। मांग पूरी नहीं होने पर बेटी को जलाकर मार दिया गया।

न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्ष के दलीलों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत आरोपितों को दोषी करार देते हुए कारावास व जुर्माना की सजा से दंडित किया है। जुर्माना न अदा करने पर प्रत्येक को एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

# स्कूल से लौट रही छात्रा से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** क्षेत्र की रहने वाली छात्रा से पास के गांव के दो युवक बृहस्पतिवार की शाम छेड़छाड़ किए। छात्रा ने इसका विरोध किया तो उसे मारने- पीटने की धमकी देते हुए आरोपी भाग निकले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया है।

पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी गांव के दक्षिण स्थित एक विद्यालय में कक्षा दसवीं में पढ़ती है। बृहस्पतिवार शाम स्कूल से पढ़ कर बेटी साइकिल से घर लौट रही-थी। रास्ते में बगल के गांव के रहने वाले दो युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो गांव के तमाम लोग वहां पहुंच गए। भीड़ बढ़ती देख आरोपी युवक छात्रा को मारने- पीटने की धमकी देते हुए भाग निकले।

एसओ केडी सिंह ने बताया कि इस मामले में दो युवकों के विरुद्ध छेड़छाड़ व मारने-पीटने का धमकी देने का केस दर्ज किया गया।

# परेड में पुलिस कर्मियों ने लगाई दौड़

**संतकबीरनगर।** एसपी सोनम कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस की परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई।

एसपी ने परेड में शामिल पुलिस कर्मियों के टर्नआउट की जांच की। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। परेड के दौरान अनुशासन व एक रूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराया।

उसके बाद पुलिस कर्मियों की दौड़ लगवाई। बाद में आवासीय परिसर स्थित पार्क, ओपन जिम, मंदिर परिसर, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर हाल जाना।

पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिया।

पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

इसी क्रम में समस्त थानों पर शुक्रवार को परेड कराई गई। इस दौरान सीओ लाइंस दीपांशी राठौर और प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा आदि उपस्थित थे। संवाद

# चेक बाउंस मामले में दोषी को एक साल की सजा

## सीजेएम कोर्ट ने सात लाख रुपये अर्थदंड भी दिया

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** सीजेएम महेंद्र कुमार सिंह ने चेक बाउंस के मामले में दोषी को एक वर्ष की सजा सुनाई। इसके साथ ही 7,00000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 6,80000 रुपये परिवादी को देने का और 20,000 रुपये राजकीय कोष में जमा करने का भी आदेश दिया है।

अधिवक्ता सुशांत मिश्र ने बताया कि खलीलाबाद के गोरखल निवासी हरिकेश सिंह कोल डिपों के

### अर्थदंड न जमा करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

प्रोपराइटर है। हरिकेश सिंह ईंट-भट्ठे कोयले की सप्लाई करते थे। वह कोयले का व्यापार करते थे।

गोरखपुर जिले के सहजनवां क्षेत्र के गाहासाड़ निवासी राज नारायण सिंह उर्फ नन्हे सिंह को 3,50000 रुपये का कोयला सप्लाई किए। जिस पर राजनरायण सिंह ने 3,50000 रुपये का चेक उनके पक्ष में दिया। उक्त चेक बाउंस हो गया। मामले में विधिक नोटिस देने के बाद भी उनके के जरिए पैसे का भुगतान नहीं किया गया। जिस पर पीड़ित हरिकेश सिंह ने न्यायालय में अपने अधिवक्ता के माध्यम से परिवाद दाखिल किया।

साक्ष्य के आधार पर दोष सिद्ध होने पर सीजेएम महेंद्र कुमार सिंह ने दोषी राजनरायण सिंह उर्फ नन्हें सिंह को एक वर्ष की सजा सुनाई। इसके साथ ही सात लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 6,80000 रुपये परिवादी को देने का और 20,000 रुपये राजकीय कोष में जमा करने का भी आदेश दिया है।

## मामूली विवाद में दो रिश्तेदारों को पीटा

बेलहर। क्षेत्र के निविहा निवासी युवक व उसके कोटेदार रिश्तेदार को मामूली विवाद में मारने-पीटने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। बाइक की रोशनी ऊपर पड़ने की वजह से विवाद हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

राजेंद्र निवासी निविहा निवासी राजेंद्र का आरोप है कि वह 26 अक्तूबर की शाम कुछ लोगों का अंगूठा लगवाकर अपनी बाइक से घर जा रहे थे। उसी दौरान कटया निवासी आरोपी उसे लात-घूसे से मारने-पीटने लगा।

अंगूठा लगाने की मशीन व बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बीच- बचाव के लिए आए उसके कोटेदार रिश्तेदार को भी मारापीटा। आरोप है कि कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र निवासी कट्या के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

# हत्या के दोषी पति और सास ससुर को आजीवन कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार बशिष्ठ ने पत्नी की हत्या के दोषी पति, सास, ससुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक- एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थ दंड न अदा करने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिमन्यु पाल ने बताया कि सिद्धार्थनगर जिले के बांसी क्षेत्र के भरथना निवासी किताब उल्लाह पुत्र हसन रजा ने अपनी पुत्री अजमेरून निशा की शादी 16 जून 2019 को बेलहर कला क्षेत्र के अमथरी निवासी फैयाज अहमद के साथ

### एक- एक लाख रुपये अर्थदंड से भी दंडित

### अर्थदंड न अदा करने पर एक-एक साल की भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा

मुस्लिम रीत रिवाज के अनुसार की थी। शादी में ही बेटी की विदाई भी हुई। अजमेरुनिशा के पति फैयाज अहमद, ससुर मोहम्मद याकूब, सास राबिया खातून कम दहेज लाने का ताना देते रहे।

आरोप है कि मारते- पीटते तथा दहेज में 2,00000 रुपये की मांग करते थे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर 26 मई 2020 को ससुरारियों ने उसकी बेटी अजमेरूननिशा को जलाकर मार डाला। पीड़ित पिता किताबउल्लाह ने बेलहर कला थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल हुआ।

न्यायालय में मामले के विचारण के दौरान अभियोजन की तरफ से 10 गवाहों को प्रस्तुत किया गया। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक ने दोष सिद्ध होने पर पति फैयाज अहमद, ससुर मोहम्मद याकूब, सास राबिया खातून को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।

साथ ही साथ एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक- एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## जमीन के विवाद में घर में घुस कर युवती को पीटा

धनघटा। क्षेत्र के नटवाबर गांव में जमीन संबंधी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुस कर युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की मां ने इस मामले में शुक्रवार को सात नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया।

राजमती का आरोप है कि उसके पट्टीदारों से जमीन संबंधी विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। बृहस्पतिवार सुबह में विवादित जमीन पर लोग जबरन कब्जा करने लगे तो बेटी अंजू ने मना किया। जिससे नाराज होकर विपक्षी अंजू को मारने- पीटने लगे।

बचाव में अंजू घर में भागी तो हमलावर घर में घुसकर उसे मारापीटा। एसओ केडी सिंह ने बताया कि मामले में दीपक, संजय, पंकज, नीलम, दीपक की पत्नी समेत सात नामजद और चार अज्ञात के विरुद्ध बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-11-2022

# खनन और एससीएसटी एक्ट के दस आरोपियों पर 20 हजार इनाम घोषित

- बहराइच जिले के हैं आरोपी, गोंडा पुलिस कर रही विवेचना
- डीआईजी देवीपाटन मंडल ने की इनाम की घोषणा

गोण्डा/बहराइच, संवाददाता। देवीपाटन मंडल के डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने खनन व एससीएसटी एक्ट के दस आरोपियों की गिरफ्तारी पर पर बीस-बीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। यह सभी आरोपी बहराइच जिले के हरदी थाना क्षेत्र के हैं। लेकिन मुकदमे की विवेचना गोण्डा पुलिस कर रही है। इनाम घोषित होने के बाद खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

बहराइच के थाना हरदी में विरूद्ध राजन मिश्रा सहित 10 लोगों के विरुद्ध बलवा, जानलेवा हमला, खनन अधिनियम व एससीएसटी एक्ट के तहत वर्ष 2021 में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी विवेचना अपराध शाखा गोण्डा द्वारा की जा रही थी। सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से गैरजमानती वारंट जारी किया जा चुका है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने के कारण उस मुकदमे में डीआईजी ने संबंधित आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुरस्कार घोषित करने के लिए एसपी गोण्डा को निर्देश दिया था।

राजन मिश्रा पुत्र विष्णु शर्मा निवासी महसी की गिरफ्तारी पर 25000 रुपये, पप्पू पुत्र बाबू निवासी डिहवा चन्दपईया, रजनीश मिश्रा पुत्र अखिलेश मिश्रा निवासी महसी, प्रीतम मिश्रा पुत्र विष्णु शर्मा निवासी महसी, विकास मिश्रा पुत्र मोलहे उर्फ देव शर्मा मिश्रा निवासी महसी, मोलहे उर्फ देव शर्मा मिश्रा पुत्र रंगीलाल निवासी महसी, महेश मिश्रा पुत्र विष्णु शर्मा मिश्रा निवासी महसी, धर्मेन्द्र मिश्रा पुत्र मोलहे उर्फ देव शर्मा मिश्रा निवासी महसी, विष्णु शर्मा मिश्रा पुत्र रंगीलाल निवासी महसी और वीरेन्द्र मिश्रा पुत्र विष्णु शर्मा निवासी महसी की गिरफ्तारी पर 20000-20000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है। डीआईजी ने बताया कि इन आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया गया है।

# चाची से दुष्कर्म के आरोप में युवक को किया गिरफ्तार

## शर्मनाक

छपिया/मनकापुर, संवाददाता। चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर विधवा चाची के साथ दुराचार के आरोपी युवक पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गुरुवार देरशाम मुकदमा दर्ज किया गया था। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक शादीशुदा है। वहीं, पीड़िता के एक शादीशुदा बेटी है।

पीड़िता की तहरीर के मुताबिक बुधवार शाम अपने गांव के बगल ग्राम इटैला में खेत देखने गयी हुई थी। वहां से लौटते समय देर हो गई। रास्ते गांव का रिश्ते का भतीजा मिला। वह बाइक पर बैठा कर थोड़ी दूर पर अपने घर ले गया। आरोप है कि उसने चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इससे वह वह अचेत हो गयी। इसके बाद युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। जब वह होश में आयी तो वह आवाक रह गयी। किसी तरह रात में अपने घर पहुंची तो घरवालों को आपबीती बताई। वहीं, आरोपी ने महिला की अश्लील वीडियो और फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रभारी एसओ दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक विक्रमा के खिलाफ दुष्कर्म और आईटी एक्ट सहित अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को पुलिस टीम ने शुक्रवार तड़के अगया से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया है। जबकि, पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

# विवाहिता को नशीली दवा खिलाकर पीटा, केस दर्ज

जयप्रभाग्राम, संवाददाता। विवाहिता को नशीला दवा खिलाने के बाद पिटाई कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही पति को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला खरगूपुर के ग्राम ललक पुरवा का है। यहां के रहने वाले गोवर्धन तिवारी के पुत्र राजन तिवारी की शादी कौड़िया थाना क्षेत्र के मुंजेंड जेठ पुरवा निवासी रवि शुक्ला की बहन आशा के साथ तीन साल पूर्व हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही नकदी,जेवर तथा अन्य सामानों की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न पति सहित ससुरालवाले कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर आशा देवी को ससुरालवालों ने जबरदस्ती नशीला दवा खिला दी। यही नहीं उसकी लाठी-डंडों से पिटाई की। इसमें उसका सिर फट गया। जानकारी होने पर पीड़िता का भाई रवि शुक्ला उसे पीएचसी रुपईडीह ले गया। स्थिति गम्भीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल भेज गया। हालत नाजुक होने पर विवाहिता मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई रवि शुक्ला की तहरीर पर पति राजेंन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार, गुंजन द्विवेदी और छोटके उर्फ वीरेंद्र तिवारी सहित चार के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# भूमि विवाद मामले में अधिवक्ता को पीटा

धानेपुर। सोमरही गांव में स्थित विवादित भूमि पर किये जा रहे अवैध रूप कब्जे को रोकने गये वकील की विपक्षी दबंगों ने पिटाई कर दी। उनकी कोट व फाइल भी फाड़ डाली। वकील की शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के पूरे दत्ता गांव के रहने वाले पेशे से वकील बृजेंद्र शुक्ला के मुताबिक उनकी भूमि सोमरही गांव में भी है। इसको लेकर गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी विवादित भूमि पर कुछ लोग कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने रोकने की कोशिश की तो विपक्षियों ने उन पर हमला कर दिया। थाना प्रभारी आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने बताया एडवोकेट बृजेन्द्र शुक्ल कि शिकायत पर सोमरही के जोतराम जायसवाल, नरेन्द्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, सतीश के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

खोड़ारे। थाना क्षेत्र के केशवनगर ग्रंट में अवैध शराब का धंधा नहीं रुक रहा है। यहां आधा दर्जन से अधिक जगहों पर खुलेआम मादक पदार्थो की बिक्री की जा रही है। गुरुवार देर शाम पुलिस ने अवैध शराब के साथ केशव नगर निवासी कृष्ण कुमार चौहान को गिरफ्तार किया है। स्थानीय लोगों की मानें तो पुलिस की कार्रवाई महज कागजी कोरम पूरा करने तक रह जाती है।

# ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग गर्भवती ने दी जान

- घर में ही फंदे से लटकती मिली विवाहिता की लाश
- पति, ससुर, सास और ननद के विरुद्ध केस

खरगूपुर, संवाददाता। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर गर्भवती महिला ने अपने ही घर में फांसी लगा ली। शुक्रवार सुबह उसकी लाश लटकती हुई पाई गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और मायके वालों की तहरीर पर पति, सास - ससुर व ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसओ अभिषेक सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

बताया जाता है कि थाना खरगूपुर क्षेत्र के बारारांय मल्लापुर निवासी रंजना पत्नी मायाराम ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना परिजनों ने थाने को दी। बहराईच जिले के विशेवरगंज थाने के रानियापुर अहिरन पुरवा निवासी विद्या राम यादव ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रंजना की शादी अपने औकात के हिसाब से दान दहेज देकर मायाराम के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले और दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। उसने प्रताड़ित किए जाने की सूचना भी मायके वालों को दी थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उन्हें पता चला कि बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति मायाराम, ससुर राधेश्याम पुत्र सुकई, सास मायावती पत्नी राधेश्याम व ननद के विरुद्ध दहेज हत्या समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज हत्यारोपी पति को उम्रकैद की सजा

गोण्डा। अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी अग्रवाल ने दहेज हत्यारोपी पति को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता घनश्याम पांडेय के अनुसार थाना इटियाथोक में 19 सितंबर 2020 को किस्मत अली ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी पुत्री की शादी थाना कोतवाली भिनगा अंतर्गत मंगल भट्ठा निवासी वारिस अली के साथ की थी। दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री को उसका पति व उसके घर वाले प्रताड़ित करते थे । 19 सितंबर 2020 को उसे सूचना मिली कि उसकी पुत्री को मारकर झाड़ियों में शव फेंक दिया गया है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। आरोपी के अधिवक्ता व अभियोजन पक्ष की बहस व दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद व पंद्रह हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# रोजगार मेले की तैयारी तेज

गोण्डा। डीएम के सख्त निर्देश के बाद कौशल विकास मिशन के तहत विकास कार्यो की तैयारी तेज हो गई है। रोजगार मेले में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लक्ष्य के तहत तैयारी की जा रही है।

# बहराइच के दस आरोपितों पर इनाम घोषित

**संसू, गोंडा :** अवैध खान, जानलेवा हमला सहित अन्य मामलों के दस आरोपित पुलिस पकड़ से दूर हैं। बहराइच के रहने इन आरोपितों के खिलाफ न्यायालय से भी वारंट जारी है। आरोपितों की गिरफ्तारी न होते देख डीआइजी उपेंद्र अग्रवाल के निर्देश पर एसपी ने आरोपितों पर पुरस्कार घोषित किया है।

डीआइजी ने कहा कि जानलेवा हमला, खनन अधिनियम सहित अन्य धाराओं में बहराइच के हरदी थाना में गत वर्ष दस आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया गया था। इसकी विवेचना अपराध शाखा गोंडा की टीम कर रही है। गिरफ्तारी न होने की दशा में आरोपितों के खिलाफ न्यायालय से वारंट भी जारी हो चुका है। डीआइजी ने कहा कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसपी गोंडा को इनाम घोषित करने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में एसपी ने बहराइच जिला के थाना हरदी के महसी गांव के रहने वाले आरोपित राजन मिश्र पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इसी गांव के रहने वाले आरोपित रजनीश मिश्र, प्रीतम मिश्र, विकास मिश्र, मोलहे उर्फ देवशर्मा मिश्र, महेश मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, विष्णु शर्मा, वीरेंद्र मिश्र व डिहवा चंदपईया के रहने वाले पप्पू पर 20-20 हजार रुपये को पुरस्कार घोषित किया गया है।

# विवाहिता की हत्या, पति समेत पांच पर मुकदमा

संसू, खरगूपुर (गोंडा) : दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल में विवाहिता की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने पति, सास-ससुर सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा कराया है। घटना ग्राम बराराय मल्लापुर की है। बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना के रनियापुर अहिरन पुरवा निवासी विद्याराम यादव का आरोप है कि ससुरालीजन दहेज की मांग पूरी न करने की दशा में बेटी रंजना देवी की हत्या कर दी।

# आरोपित को डेढ़ वर्ष का सश्रम कारावास

**सुसू, गोंडा** : अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश राज बहादुर रामदेव यादव ने नशीला पाउडर व गोली रखने के मामले में पप्पू उर्फ राजू यादव निवासी भैरमपुरवा पूरे नेवड़ा थाना धानेपुर को डेढ़ वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 23 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ल के मुताबिक 18 फरवरी 2022 को राजकीय रेलवे पुलिस ने प्लेटफार्म से पप्पू यादव को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 47 ग्राम पाउडर बरामद हुआ था। जीआरपी ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायाधीश ने दोषसिद्ध करार देते हुए सजा सुनाई।

# पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

**जासं, गोंडा** : अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट डा.पल्लवी अग्रवाल ने पत्नी की हत्या के मामले में पति वारिस अली निवासी मंगलभट्ठा कोतवाली भिनगा जिला श्रावस्ती को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय के मुताबिक इटियाथोक के किस्मत अली ने 19 सितंबर 2020 को एफआइआर कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक उसने अपनी बेटी सूफिया की शादी वारिस अली के साथ की थी।

दहेज की मांग को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। उसका दामाद बेटी के संग उसके घर आया। इसके बाद उसका दामाद इटियाथोक में किसी से मिलने के लिए चला गया। वहां से बेटी को फोन करके ब्लाक पर मिलने के लिए बुलाया।

आधे घंटे के बाद उसका दामाद घर आ गया लेकिन, बेटी नहीं आई। पूछने पर उसने कहा कि वह कहीं रुक गई होगी, अभी आ जाएगी। उसकी बेटी का शव रेलवे गेट से 100 मीटर पूरब झाड़ी से बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने आरोपित को दोषसिद्ध करार देते हुए सजा सुनाई।

# फर्जी आधार कार्ड बनाने को लेकर पुलिस ने की छापेमारी

संसू, कर्नलगंज (गोंडा) : तहसील मुख्यालय के सामने भारत टावर पर फर्जी आधार कार्ड बनने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। हालांकि, पुलिस को वहां कुछ नहीं मिला। निकाय चुनाव की तारीख नजदीक आते ही सरगर्मी तेज होती है। नगर में फर्जी आधार कार्ड बनाने की शिकायतें लगातार प्रशासन को मिल रही हैं। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि भारत टावर पर चुनाव के दृष्टिगत फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम चल रहा है। तहसीलदार नरसिंह वर्मा व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह पुलिस बल के साथ भारत टावर पर पहुंचे। तीसरे मंजिल पर एक कमरे में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस के हाथ खाली रहे। कमरे में नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत कंप्यूटर लैपटाप के माध्यम से वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने के लिए आनलाइन आवेदन हो रहा था। भारत टावर मौजूदा नगरपालिका अध्यक्ष परिवार का है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मतदाता नाम बढ़ाने के आवेदन किए जा रहे थे।

# चार के खिलाफ मुकदमा

खरगूपुर: ललक पुरवा की रहने वाली आशा की नशीली दवा खिलाकर लाठी- डंडों से पिटाई की गई। इससे उसका सिर फट गया। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई रवि शुक्ला की तहरीर पर पति राजेंन्द्र कुमार, जेठ का लड़का अभिषेक कुमार, देवरानी गुंजन द्विवेदी, जेठ छोटके उर्फ वीरेंद्र तिवारी के खिलाफ मुकदमा किया गया है। (संसू)

# अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

मुजेहना (गोंडा)। थाना क्षेत्र धानेपुर के ग्राम पृथ्वीपालगंज ग्रंट में आबकारी विभाग की टीम ने छापामार कर 16 लीटर अवैध शराब बरामद किया। जिसमें देसी व अंग्रेजी के विभिन्न ब्रांड को जब्त किया गया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि ग्राम पंचायत पृथ्वीपालगंज ग्रंट में एक युवक अवैध रूप से 16 लीटर शराब बेच रहा था। (संवाद)

# फर्जी आधार कार्ड की सूचना पर मारा छापा

करनैलगंज (गोंडा)। फर्जी आधार कार्ड बनने की सूचना पर तहसील मुख्यालय के सामने भारत टावर कॉम्पलेक्स में पुलिस ने छापा मारा। हालांकि पुलिस के हाथ खाली रहे।

निकाय चुनाव की तारीख नजदीक आते ही सरगर्मी तेज हो गई है। नगर में कंप्यूटराइज्ड आधार कार्ड बनाने की शिकायतें लगातार प्रशासन को मिल रही हैं। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि भारत टावर पर चुनाव के दृष्टिगत फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम तेजी के साथ चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह तथा तहसीलदार नरसिंह वर्मा भारी पुलिस बल के साथ भारत टावर पर पहुंचे। तीसरी मंजिल पर एक कमरे में छापा मारा। हालांकि वहां पर पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। कमरे में नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत कंप्यूटर लैपटॉप के माध्यम से वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने के लिए ऑनलाइन आवेदन हो रहा था। यह कॉम्पलेक्स मौजूदा चेयरमैन प्रतिनिधि शमीम अच्छन के परिवार का है।

कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर छापा मारा, मगर वहां ऐसा कुछ भी नहीं मिला। मतदाता नाम बढ़ाने के आवेदन किये जा रहे थे। (संवाद)

# सात निरीक्षकों पर 104 विवेचनाओं की जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

## जिले के 17 थानों में करीब 1800 विवेचनाएं लंबित

गोंडा। बढ़ते अपराध के आंकड़ों के साथ ही पुलिस पर विवेचनाओं को बोझ बढ़ रहा है। एक-एक थाने में औसतन 80 से 100 विवेचनाएं लंबित हैं। जिसमें सबसे अधिक कोतवाली नगर में करीब तीन सौ विवेचनाएं लंवित हैं। ऐसे में जिले के अन्य थानों में दर्ज विवेचनाओं का अपराध शाखा पर 104 विवेचनाओं को बोझ हैं, जबकि सिर्फ सात निरीक्षकों की तैनाती है। उधर, मुकदमा दर्ज कराने वाले पीड़ितों को न्याय मिलेगा भी या नहीं। यह सवाल बना है।

जिले के 17 थानों में मौजूदा समय में तकरीबन 1800 विवेचनाएं लंबित हैं। कोतवाली नगर को छोड़कर सभी थानों में हररोज दो से तीन मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। कोतवाली नगर में यह आंकड़ा बढ़कर माह में 50 तक पहुंच रहा है। कोतवाली नगर में जमीन घोटाले के ही एक माह में 32 मुकदमे दर्ज हुए हैं। निबंधक कार्यालय में पत्रावली में हेराफेरी के मामले में सभी मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। जिन्हें बाद में अपराध शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया। इन मुकदमों के अलावा छपिया के भोलू सिंह हत्याकांड, एसबीआई के सहायक प्रबंधक रिचा पांडेय आत्महत्या मामला समेत कई गंभीर मामलों की विवेचना अपराध शाखा के हवाले हैं।

कुल मिलाकर मौजूदा समय में अपराध शाखा में 104 विवेचनाएं लंबित हैं। इनमें 32 मुकदमे सिर्फ जमीन घोटाले के हैं। अपराध शाख में सिर्फ सात निरीक्षकों की तैनाती है, यानि एक-एक निरीक्षक पर 15 विवेचनाओं के निस्तारण की जिम्मेदारी है। वहीं, अपराध शाखा के निरीक्षकों के पास संसाधन की भी कमी आड़े आ रही है।

# महिला की मौत, गला रेतने का आरोप

इटियाथोक (गोंडा)। अमारे भरिया गांव की रहने वाली एक महिला को दो दिन पहले शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं, मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर बहन का गला रेतने का आरोप लगाया है।

बलरामपुर जनपद के श्रीदत्तगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के गुमड़ी गांव के रहने वाले संतोष कुमार का आरोप है कि अपनी बहन विजय भारती 24 की शादी गोंडा जनपद के इटियाथोक थाना क्षेत्र के अमारे भरिया गांव के रहने वाले विक्रम से की थी। उसका बहनोई परदेश में रहता है। आरोप है कि ससुराल वालों ने दो नवंबर को उसकी बहन का गला रेत दिया। उसके नाजुक हालत में पहले सीएचसी ले जाया गया। जहां से जिला अस्पताल भेजा गया। फिर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान विजय भारती की मौत हो गई। (संवाद)

# चोरों ने घर से नकदी व गहने किए पार

**दुबहा बाजार(गोंडा)।** रामापुर में गुरुवार की देररात चोरो ने एक घर में घुसकर नगदी व हजारों के गहने पार कर दिए। मामले में थाने में चोरों के खिलाफ तहरीर दी गई है। कौड़िया थाना क्षेत्र के आर्यनगर- करनैलगंज मार्ग पर रामापुर के निवासी बाबूलाल शुक्ला के घर के सभी लोग गांव में मांगलिक कार्यक्रम में गए थे। घर में अकेली एक महिला के होने पर चोरों ने घर में घुसकर 5500 रुपये नगदी व जेवर लेकर फरार हो गए। पुलिस उपाधीक्षक शिल्पा वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में छह लोग गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आपसी व जमीन रंजिश के विवाद में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के ग्रामसभा नरायनपुर मिट्ठू पुरवा निवासी अजीत चौहान व किशन चौहान, खजूरी ग्रामसभा निवासी विपिन सिंह, संजय सिंह व अपितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ शिवम सिंह, बनगांव डीहा निवासी सुकई पाल को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया है। (संवाद)

# मारपीट में पांच लोगों पर केस

**धानेपुर (गोंडा)।** जमीन विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर मुकदमे की कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरेदत्ता निवासी बृजेंद्र कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विवादित भूमि जिस पर स्थगन आदेश के बावजूद भी दूसरे पक्ष के लोग कब्जा कराना चाह रहे थे। जिससे दोनों पक्षों में विवाद हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि जोतराम, नरेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अरूण कुमार व सतीश पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दहेज के लिए नशीली दवा खिलाकर पीटा

## चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

खरगूपुर(गोंडा)। दहेज की मांग न पूरी करने पर विवाहिता को ससुराल वालों ने जबरन नशीली दवा खिलाकर उसकी पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पति, जेठ, देवरानी सहित चार के लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मारपीट, प्रताड़ना समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मुख्य आरोपी पीड़िता के पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत वीरपुर झलैहिया के मजरा ललक पुरवा का है। यहां के निवासी गोवर्धन तिवारी के पुत्र राजेंद्र तिवारी की शादी कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जेठ पुरवा के मजरा मुंजेड़ निवासी रवि शुक्ला की बहन आशा देवी से हुई थी। पीड़िता के भाई रवि शुक्ला का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में नकदी, जेवर तथा अन्य सामानों की मांग कर रहे थे। बहन को प्रताड़ित कर रहे थे।

आरोप है कि पति राजेन्द्र तिवारी, जेठ वीरेंद्र तिवारी, देवरानी गुंजन द्विवेदी, जेठ के बेटे अभिषेक तिवारी ने उसकी बहन आशा को जबरन नशीली दवा खिलाकर कर मारापीटा। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी होने पर उसका भाई रवि शुक्ला बहन को इलाज के लिए पीएचसी रुपईडीह ले गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौजूदा समय में मेडिकल कॉलेज, लखनऊ में उसका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि पति राजेंद्र कुमार सहित जेठ के बेटे अभिषेक कुमार, देवरानी गुंजन द्विवेदी, जेठ छोटके के सहित चार आरोपियों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना, नशीला दवा खिलाने तथा जान से मारने की धमकी देने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## नशीली गोली रखने में दोषी को डेढ़ साल की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राज बहादुर रामदेव यादव ने जीआरपी थाने में साढ़े आठ माह पूर्व दर्ज कराए मामले में नशीली गोली और पाउडर रखने के दोषी को डेढ़ साल सश्रम कारावास और 23 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ला ने बताया कि जीआरपी ने 18 फरवरी 2022 को पप्पू यादव उर्फ राजू यादव निवासी भैरमपुरवा पूरे नेवडा थाना धानेपुर को अल्प्राजोलम नशीली गोली व पाउडर के साथ रेलवे प्लेटफार्म से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। विचारण के दौरान न्यायालय ने अपराध साबित होने पर अभियुक्त पप्पू यादव उर्फ राजू यादव को दोषसिद्ध किया। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राज बहादुर रामदेव यादव ने अभियुक्त पप्पू यादव उर्फ राजू यादव को अवैध रुप से नशीली गोली व पाउडर रखने के अपराध में डेढ़ साल सश्रम कारावास और 23 हजार जुर्माने से दंडित किया। (संवाद)

# बहन की हत्या कर बाइक चला थाने पहुंचा था भाई

## पड़ोसी के घर के पास मिला था हत्या में प्रयुक्त बांका, जेल गया भेजा

संवाद न्यूज एजेंसी

कटरा बाजार (गोंडा)। थाने के नरायनपुर कला में अवैध संबंध के शक में बहन की हत्या करने के बाद हत्यारा भाई बाइक से थाने पहुंचा था। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार का कहना है कि वह बाइक से अकेले आया था। हत्या की जानकारी होने पर गांव पहुंचने पर जांच में बांका हत्यारे के पड़ोसी के घर के पास मिला था। जबकि धड़ से अलग से हुआ सिर घर में बिस्तर की चादर में दबा था। प्रभारी निरीक्षक का कहना था कि घटना के दौरान मौजूद मां सदमे में आ गई थी, जिससे वह सिर देख नहीं सकी थी। पुलिस ने सिर बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

### चादर में लिपटा था मृतका का सिर

बुधवार की देररात नारायनपुर दामोदरपुरवा में कलीम पुत्र मोहम्मद सलीम ने अपनी सगी बहन सजरूलनिशा (16) को अवैध संबंध के शक में बांका से हमला कर दिया था। हमले में बहन का गला काट गया था। बहन का सिर पास में बिस्तर पर बिछी चादर में सिर लिपट गया था। हत्या के बाद मृतका का भाई घर से बाहर आया और बांका को पड़ोसी के घर के पास फेंक कर बाइक से थाने पहुंच गया। उसने ही पुलिस को हत्या की जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच किया। उसकी मां तस्लिमा की तहरीर पर ही हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को न्यायालय भेजा, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## पत्नी की हत्या कर शव छिपाने में उमकैद

गोंडा। विवाहिता की हत्या कर शव छिपाने के मामले में विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट डॉ. पल्लवी अग्रवाल ने आरोपी पति को आजीवन कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। शुक्रवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि 19 सितंबर 2020 को किस्मत अली ने इटियाथोक थाने में तहरीर देकर कहा कि पुत्री सुफिया की शादी वारिस अली पुत्र शब्बीर अहमद निवासी ग्राम मंगल भट्ठा थाना कोतवाली भिनगा श्रावस्ती से की थी। शादी के कुछ दिन बाद दामाद वारिस अली और उसके परिवार वाले दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। 18 सितंबर 2020 को को फोन कर बेटी व दामाद उसके घर आ गए। थोड़ी देर बाद दामाद वारिस अली इटियाथोक चला गया, और बेटी सुफिया को फोन कर ब्लॉक पर बुला लिया। आधे घंटे बाद वारिस घर आया और सुफिया को कुछ देर में आने की बात कहकर चला गया। शाम को रेलवे गेट से सौ मीटर पूरब झाड़ी में बेटी सुफिया की लाश मिली। पुलिस ने विवेचना की और दहेज हत्या का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर आरोपी पति वारिस अली के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान सत्र न्यायालय ने अभियुक्त वारिस अली के विरुद्ध हत्या कर शव छिपाने का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर दोषसिद्ध किया। शुक्रवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट डॉ. पल्लवी अग्रवाल ने अभियुक्त वारिस अली को पत्नी की हत्या कर शव छिपाने के अपराध में आजीवन कारावास और 15 हजार अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-11-2022

# फरियादियों की शिकायतों का आज होगा निस्तारण

**संसू, बलरामपुर :** फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण कराने के लिए पांच नवंबर को तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार ने सभी अधिकारियों को समय से संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उतरौला तहसील में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के साथ फरियादियों की शिकायत सुनेंगे। मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार

मौर्य सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण कराएंगे।

# छात्राओं को किया जागरूक

**ललिया :** बद्रीनाथ मिश्रा कन्या इंटर कालेज फौजदारपुरवा में पुलिस पाठशाला का आयोजन किया गया। ललिया थाना की महिला आरक्षी दीपिका पांडेय ने छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया। आपातकालीन सेवा 112, 1090, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 के प्रयोग के बारे में बताया। (संसू)

# यातायात के प्रति किया जागरूक

**बलरामपुर।** यातायात माह के चौथे दिन एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। लोगों को धुंध व कोहरे से बचाव के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने का निर्देश दिया। स्कूली वाहनों की जांच करते हुए चालकों को नियमों की जानकारी दी। यातायात पुलिस ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बैनर-पोस्टर, होर्डिंग व पंपलेट से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। (संवाद)

# शत्रु संपत्तियों की फाइलें खंगाल रहा प्रशासन

**बलरामपुर।** शत्रु संपत्तियों से अवैध कब्जा हटाने को लेकर जिला प्रशासन ने अब एक बार फिर कवायद तेज कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले निर्देश के बाद अब इससे जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है। शत्रु संपत्ति के कुछ मामले वर्तमान में केंद्र सरकार में लंबित हैं। ऐसे में इन मामलों की वर्तमान में स्थिति क्या है? इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

एसडीएम उतरौला संतोष कुमार ओझा ने बताया कि उतरौला तहसील क्षेत्र में एक प्रकरण था, जिसमें पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है। एडीएम राम अभिलाष ने बताया कि शत्रु संपत्ति के मामलों में तीनों तहसीलों के एसडीएम व तहसीलदार से अलग-अलग रिपोर्ट देने को कहा गया है। इसमें शत्रु संपत्ति के मामलों की वर्तमान स्थिति का विवरण देना है। इसके बाद पूरे प्रकरण में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# स्कूल के समय नहीं चलेंगे गन्ना लदे वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। गन्ना ढोने वाले सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाए जाएं। इनका फिटनेस भी सुनिश्चित किया जाए। ओवरलोड व ओवरहाइट वाहनों का संचालन कदापि न किया जाए। विद्यालय खुलने व बंद होने के समय गन्ना लदे वाहनों का संचालन रोक दिया जाए। ये निर्देश अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चीनी मिल के अधिकारियों को दिए।

एडीएम ने अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों तथा विद्यालयों के आसपास सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए तथा परिवहन व यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनफिट स्कूली वाहनों की सूची बनाकर नोटिस दिया जाए। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया जाए कि अनफिट वाहनों का संचालन किसी भी हालत में न करें। इसके साथ ही दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार स्पीड ब्रेकर, रम्बल स्ट्रिप, चेतावनी बोर्ड आदि लगवाया जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संबंधित विभाग कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का आयोजन करें। बैठक में एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, एआरटीओ अरविंद कुमार यादव, सीओ ज्योति श्री, डीआईओएस गोविंद राम, टीएसआई वीरेंद्र यादव सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एडीएम ने दिए निर्देश




कलेक्ट्रेट में बैठक करते एडीएम व अन्य। संवाद

# महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

ललिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बद्रीनाथ मिश्रा किसान बालिका इण्टर कालेज फौजपुरवा में थाना ललिया पुलिस ने महिला सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी है। मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि बच्चियों को नारी सशक्तिकरण व वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर व 112 पर चौबीस घण्टे सम्पर्क कर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते है। वहां महिलाओं व बच्चियों की बात प्राथमिकता के तौर पर सुनकर त्वरित निस्तारण किया जाता है। इस मौके एंटीरोमियों टीम के मनीष कुमार, दीपिका, अमरेश आदि मौजूद रहे।

# रिस्पांस टाइम प्रभावी बनाने के निर्देश

## निरीक्षण

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस की पहचान अनुशासन है। सभी लोग अनुशासन का पालन करें। कर्तव्यनिष्ठा के साथ पुलिसिंग करें। यह बातें शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने कही।

एसपी रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक के साथ भोजनालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम को सुव्यवस्थित भोजन साफ-सुथरे स्थान पर दिया जाए। जब स्वस्थ शरीर होगा तभी ढंग से ड्यूटी की जा सकेगी। उन्होंने टोलीवार ड्रिल करवाई। उन्होंने 112 सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रिस्पांस टाइम और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी सिटी दरवेश कुमार ने कहा कि पुलिस टीम प्रतिदिन व्यायाम करे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह, प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद थे।



पुलिस लाइन में भोजनालय का निरीक्षण करते एसपी राजेश कुमार सक्सेना व अन्य।

# सरकारी जमीनों से कब्जे हटवाने की आवाज उठाई

तुलसीपुर, संवाददाता। स्थानीय आदर्श नगर पंचायत के क्षेत्रों में जिला पंचायत की जमीनों पर कुछ दबंगों ने कब्जा कर अपने निजी आवास बनवा लिए हैं। अतिक्रमण को हटवाने के लिए स्थानीय संभ्रांत नागरिकों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि से शिकायत कर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

राजन पांडे, मुजीब खान, राधेश्याम, राजकुमार, विजय कुमार, अमर सिंह, जगदंबा प्रसाद आदि लोगों ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में देवीपाटन रोड स्थित जुगलीपुर में दशकों से बने कांजी हाउस की बिल्डिंग को गिरा कर अपने कब्जे में लेकर निजी दुकान बना लिए हैं, जो आज कबाड़ गोदाम के रूप में संचालित है। यह कांजी हाउस जिला पंचायत की ओर से हर वर्ष चलाने के लिए नीलामी होती थी, जो आवारा पशु किसान की फसल नुकसान करते थे लाकर इसी में ठेकेदार को सौंप कर देते थे। जिसे बाद में पशुपालक से निर्धारित शुल्क लेकर छोड़ दिया जाता था, आज अतिक्रमण के चपेट में है।

# पुलिस ने पड़े मिले पैसे व्यक्ति को वापस किये

बलरामपुर। यातायात पुलिस को झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर मिले पर्स में 2050 रुपया, जरूरी कागजात रखे मिले थे जिसे पुलिस ने व्यक्ति को दे दिया। यातायात क्षेत्राधिकारी ज्योतिश्री ने बताया कि यातायात के कांस्टेबल सर्वेश कुमार, रणजीत, पीआरडी ठाकुर प्रसाद पांडेय को झारखंडी क्रॉसिंग के पास पर्स मिला था जिसमें पैसे, जरूरी कागजात व पहचान पत्र रखा हुआ था। पुलिस ने पहचान पत्र के आधार पर संजय कुमार को पर्स वापस कर दिया।

# 96 सभासद सीटों पर भेजा चुनाव कराने का प्रस्ताव

**बलरामपुर, संवाददाता।** नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में प्रशासन जुट गया है। जिले के पांच नगर निकायों व 96 वार्ड सभासद सीटों पर चुनाव कराने के लिए शुक्रवार को जिला प्रशासन ने प्रमुख सचिव नगर निकाय को प्रस्ताव भेजा है। नगर निकायों के परिशीमन और अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुजाति व जनजाति का सर्वे वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर किया गया है।

नगर पालिका परिसद बलरामपुर व उतरौल के 25-25, नगर पंचायत तुलसीपुर व गैसड़ी के 15-15 एवं नगर पंचायत पचपेड़वा के 16 वार्डों में आरक्षण का निर्धारण करके प्रस्ताव भेजने की बात जिला प्रशासन कह रहा है। नगर पंचायत तुलसीपुर में सीमा विस्तार होने के बाद वार्डों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस बार भी यहां पर 15 वार्ड ही हैं। सीमा विस्तार होने के बाद नगर पंचायत पचपेड़वा में चार वार्ड बढ़ाए गए हैं। यहां पर वार्डों की संख्या 12 से 16 हो गई है। नवगठित नगर पंचायत गैसड़ी में 15 बने हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम डा. महेन्द्र कुमार ने बताया कि आरक्षण का प्रस्ताव प्रमुख सचिव नगर निकाय को भेज दिया गया है।

# ओवरलोड वाहनों के संचालन पर होगी कार्रवाई

**संवादसूत्र, बलरामपुर:** ओवरलोड व ओवरहाईट वाहनों का संचालन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करके अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



कलेक्ट्रेट मे सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते एडीएम राम अभिलाष ( मध्य मे) ● जागरण

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अभिलाष ने अधिशाषी अभियंता एनएच को नेशनल हाइवे पर पड़ने वाले चार ब्लैक स्पाट्स एमएलके पीजी कालेज, एसएसबी कैंप के सामने, लौकहवा व हरिहरगंज पर सुरक्षात्मक कार्रवाई तत्काल कराने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग के दोनों डिवीजन को उनके क्षेत्रों में पड़ने वाले दुर्घटना बाहुल्य व सभी विद्यालयों के पास सुरक्षात्मक कार्रवाई कराएं, जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम, बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी व सहायक संभागीय अधिकारी अरविंद यादव को अनफिट स्कूली वाहनों की तहसीलवार सूची तैयार करके कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सभी चीनी मिलों को पेराई सत्र शुरु होने से पहले ही गन्ना आपूर्ति करने वाले सभी वाहनों में रेफ्लेक्टर पट्टी लगाने की जिम्मेदारी दी गई। विद्यालयों के खुलने व बंद होने के समय गन्ना लदे वाहनों का संचालन नहीं होगा। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर व चेतावनी बिंदु लगाने का सुझाव दिया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सदर ज्योति मौजूद रहीं।

# चौकी पुलिस की टीम ने यातायात नियमों की दी जानकारी

**संसू, महदेइया बाजार** : यातायात माह के तहत महदेइया बाजार चौकी की पुलिस टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। गोंडा-उतरौला मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की जांच की। वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। बिना हेलमेट के बाइक न चलाने की हिदायत भी दिया। चौकी प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि अभियान चलाकर वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। बिना हेलमेट, लाइसेंस व कम उम्र के बाइक सवारों का चालान भी किया गया। यातायात नियमों को तोड़ने पर कई वाहनों से जुर्माना वसूला।

# पीड़िता की डीआइजी से विवेचक बदलने की मांग

**बलरामपुर :** श्रीदत्तगंज के रमवापुर गौर निवासिनी राज नंदनी ने पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर विवेचक बदलने की गुहार लगाई है। उनके मुदकमे की विवेचना श्रीदत्तगंज थाने के उप निरीक्षक आलोक चंद्रा कर रहे हैं।उनसे मुझे न्याय की उम्मीद नहीं है। विवेचक को बदलकर उनके मामले की जांच दूसरे से कराई जाए, जिससे उन्हें न्याय मिल सके। एसआई आलोक चंद्रा ने आरोप को निराधार व बेबुनियाद बताया है। (संसू)

# कच्चा रास्ता होने से दिक्कत

**हर्रैया सतघरवा :** शिक्षा क्षेत्र शिवपुरा के प्राथमिक विद्यालय परसहवा मदारगढ़ जाने वाला रास्ता कच्चा होने से बच्चों व शिक्षकों को परेशानी होती है। प्रधानाध्यापक सुमित कुमार ने बताया कि विद्यालय जाने वाले मार्ग पर जलभराव से कीचड़ हो गया है। (संसू)

# अतिक्रमण हटवाने की मांग

**उतरौला :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर पुलिस बूथ के पास लगा वाटर कूलर अतिक्रमण की चपेट में हैं। इस कारण लोगों को वाटर कूलर का लाभ नहीं मिल पा रहा है।ईओ अवधेश वर्मा ने बताया कि अतिक्रमण हटवाया जाएगा।(संस)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-11-2022

हिन्दुस्तान

# स्मैक संग नेपाली युवती गिरफ्तार

रुपईडीहा। कस्बे से वापस नेपाल जा रही जमुनहा थाना क्षेत्र में नेपाली युवती को नेपाली पुलिस ने 270 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय जमुनहा के इंचार्ज माधव रिजाल ने बताया कि मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो नेपालगंज के जवानों की महिला आरक्षियों ने तलाशी कर स्मैक बरामद किया है। युवती की पहचान नेपाली जिला प्यूठान, नगरपालिका स्वर्गद्वारी वार्ड नंबर दो की वर्षा सुनार के रूप में हुई है।

हिन्दुस्तान

# सिसई हैदर गांव में 18 लाख की चरस बरामद

बहराइच, संवाददाता। सरहद पार नेपाल से मौसम परिवर्तन के साथ चरस की तस्करी बढ़ने की आशंका है। देहात कोतवाली की टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी पुलिस ने दो तस्करों को दबोच लिया। इनके पास से चरस बरामद की गई है। जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 18 लाख आंकी गई है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि देहात कोतवाली के टिकोरा मोड़ चौकी प्रभारी अमित प्रकाश को शुक्रवार को भनक लगी कि कुछ

- टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार
- नशेड़ियों को चरस सप्लाई करने वाले तस्करों को दी जानी थी डिलीवरी

तस्कर नेपाल से तस्करी कर मादक पदार्थ लाए हैं, उन्होंने कोतवाल को जानकारी दी। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व सीओ सिटी डॉ. जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में चौकी



चरस के साथ गिरफ्तार दो आरोपी तस्कर

प्रभारी अमित प्रकाश, सिपाही रिंकू कनौजिया, अवनीश कुमार पांडेय, अरविंद कुमार वर्मा को साथ लेकर सिसई हैदर गांव के राम लली इंटर कालेज के पास दबिश देकर दो संदिग्धों को पकड़ा और तलाशी ली। दोनों के पास तीन तीन सौ ग्राम चरस बरामद की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान टिकोरा मोड़ निवासी सुभाष, फखरपुर थाने के बुबकापुर के कंठूपुरवा निवासी शहजादे के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्तान

# एटीएस स्टेशन की भूमि की कोर्ट के आदेश पर हुई पैमाइश

- एटीएस स्टेशन भूमि की कोर्ट के आदेश पर हुई पैमाइश
- एक महिला ने याचिका दायर कर भूमि प्रभावित होने की थी फरियाद
- पेड़ों के कटान की नीलामी प्रक्रिया हो चुकी थी पूर्ण

बाबागंज, संवाददाता। रुपईडीहा थाने के सुजौली गांव में प्रस्तावित एटीएस थाने के निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि की शुक्रवार को कोर्ट के आदेश पर पैमाइश की गई है। एक महिला ने कोर्ट में याचिका दायर कर उसकी भूमि प्रभावित होने के चलते पैमाइश की फरियाद पर कोर्ट ने आदेश दिया था।

बाबागंज इलाके के सुजौली गांव में एटीएस थाने के भवन के निर्माण को भूमि का अधिग्रहण किया गया था। अधिग्रहित भूमि पर थाने का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। परिसर में लगे हुए पेड़ों के कटान संबंधी नीलामी की भी प्रक्रिया पूरी हो रही थी। इस बीच ताहिरा बेगम की ओर से हाईकोर्ट से स्टे ऑर्डर पर पुनः नाप कराया गया।

ताहिरा बेगम का कहना है कि उनकी भूमि भी निर्माण से प्रभावित है। कोर्ट के आदेश पर चौकी इंचार्ज बाबागंज रामकेश, दीवान कन्हैया लाल दुबे, राजस्व लेखपाल देवतादीन, करुणेश त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद अनवर, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद रफी, आबिद अली सहित कई संभ्रांत लोगों की उपस्थिति में शुक्रवार को फिर से पैमाइश कराई गई।



एटीएस के थाने के भवन निर्माण को प्रस्तावित भूमि की पैमाइश करते राजस्व कर्मी।

हिन्दुस्तान

ब्रांडेड बोरियों में पैक कर रहे थे जिप्सम, 1044 बोरी बरामद, डीएओ व तहसीलदार के नेतृत्व में गठित टीम

# नकली खाद फैक्ट्री का भंडाफोड़, केस दर्ज

**कार्रवाई**

बहराइच, संवाददाता। शहर में नकली डीएपी खाद की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। असली डीएपी के नाम पर ब्रांडेड कंपनियों की बोरियों में जिप्सम भरकर पैकिंग की जा रही थी। गोपनीय रिपोर्ट पर डीएओ के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। वहां से 1044 बोरी नकली खाद विभिन्न कंपनियों की बोरियों में पैक्ड मिली है। फैक्ट्री को सील कर लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। दुकानदार पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।



दुकानदार से पूछताछ करते डीएओ।

जिले में डीएपी की डिमांड बढ़ी है। किसान गेहूं व अन्य फसलों की बोआई के लिए डीएपी खरीद रहे हैं। शासन से 1350 रुपये डीएपी का मूल्य निर्धारित है, लेकिन शहर में 800 रुपये में डीएपी की बिक्री को लेकर किसान व दुकानदारों में मारपीट की स्थिति पैदा हो रही थी, सूचना डीएओ को मिली। गोपनीय जांच में शहर के दरगाह रोड सलारपुर मंडी के पास अब्दुल कलाम खाद व बीज भंडार का नाम सामने आया। किसानों की ओर से खरीदे गए खाद की जांच की गई तो नकली खाद की पुष्टि हुई।

इस पर डीएओ ने तहसीलदार राजकुमार बैठा के संग मिलकर शुक्रवार को देर शाम गोदाम पर छापेमारी की। टीम अंदर गई तो सील व पैकिंग की फैक्ट्री पाई गई। यहां ब्रांडेड कंपनियों की बोरियों में जिप्सम पैक व सील किया जा रहा था। फैक्ट्री में डंप नकली खाद की खेप देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। कर्मचारियों की ओर से गिनती 1044 बोरी गई। जांच में नकली खाद होने पर फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। फुटकर दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। अब्दुल कलीम के खिलाफ दरगाह थाने में केस भी दर्ज कर दिया गया है।

**कंपनियों के होलोग्राम युक्त बोरे का प्रयोग :** फैक्ट्री में नकली खाद को असली पैकिंग करने का खेल चल रहा था।

छापेमारी में कई ब्रांडेड कंपनियों के होलोग्राम युक्त बोरियां बरामद की गई हैं। यह खेल काफी दिनों से चल रहा था।

**फुटकर खाद की बिक्री का लाइसेंस भी रद्द :** नकली खाद बिक्री करने व किसानों के साथ धोखा करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएओ ने दुकान का फुटकर खाद बिक्री का लाइसेंस भी रद्द कर दिया है।

> फुटकर विक्रेता के यहां बड़े पैमाने पर नकली खाद पकड़ी गई है। ब्रांडेड कंपनियों की होलोग्राम लगी बोरियों का इस्तेमाल किया जा रहा था। गोदाम सील कर दिया गया है। मुकदमा दर्ज कराकर लाइसेंस रद कर दिया गया है।
>
> सतीश कुमार पांडेय, डीएओ, बहराइच

## सस्ती दर पर डीएपी बिक्री ने पोल खोली

बहराइच। इन दिनों रबी सीजन की फसलों की बोआई को लेकर किसानों को डीएपी की सख्त जरूरत है। अब्दुल कलाम किसानों को डीएपी के नाम पर जिप्सम भरकर साढ़े चार सौ रुपये कम दामों में बेच रहा था। सस्ते दर पर डीएपी बिक्री ने ही उसके कारनामों को उजागर कर दिया।

हिन्दुस्तान

# लखनऊ में गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच, संवाददाता। लखनऊ के गोमतीनगर थाने में गैंगस्टर एक्ट मे नामजद आरोपी लंबे समय से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। कोर्ट ने उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। पयागपुर पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद लखनऊ कोर्ट भेजा है।

पयागपुर थाने के कोल्हुआ गांव निवासी राम अचल पासी पर लखनऊ के गोमतीनगर थाने में वर्ष 2010 में गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई थी। यह आरोपी लंबे समय से लखनऊ कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। लखनऊ पुलिस की सूचना पर दरोगा विजय शंकर, मुख्य सिपाही शत्रुघ्न यादव, तेज प्रताप चौधरी ने गुरुवार देर रात में उसके गांव दबिश देकर राम अचल को दबोच लिया। शुक्रवार को विधिक कार्रवाई के बाद उसे लखनऊ कोर्ट भेजा गया है।

हिन्दुस्तान

# एसएसपी ने हरदी थाने का निरीक्षण किया

बहराइच। कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त व पुलिस बल को सक्रिय रखने को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी का औचक निरीक्षण का सिलसिला लगातार चल रहा है। गुरुवार देर रात उन्होंने हरदी थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की स्थिति भी देखी। छह दिन पूर्व एसएसपी ने इसी थाने में अर्दली रूम लिया था।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी गुरुवार देर रात अचानक हरदी थाने पहुंचे। उन्होंने थाने परिसर की साफ सफाई पर संतुष्टि जताई। कार्यालय में अभिलेखों का रख-रखाव देखा। शस्त्रागार में असलहों का रख- रखाव परखा। असलहों की साफ सफाई का जायजा लिया। लंबित विवेचनाओ की जानकारी ली। उन्होंने एसएचओ ज्ञान सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

हिन्दु

## 25 हजार का इनामी मोस्ट वांटेड घोषित

बहराइच। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि हरदी थाने के महसी निवासी राजन शर्मा की गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

जबकि अन्य नामजदों में इसी थाने के डिहवा चंदपइया निवासी पप्पू , महसी निवासी रजनीश मिश्रा, प्रीतम मिश्रा, विकास मिश्रा, मोल्हे उर्फ देव शर्मा, महेश मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा, विष्णु शर्मा व वीरेन्द्र मिश्रा की गिरफ्तारी पर बीस - बीस हजार का इनाम घोषित किया गया है।

हिन्दु

## चोरी की साइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

बहराइच । खैरीघाट थाने की बैवाही पुलिस चौकी प्रभारी राम प्रकाश चंद्र ने शुक्रवार को रामपुर चौराहे के पास दबिश दी। पुलिस ने कैलाश यादव को चोरी की साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया।

हिन्दुस्त



हिन्दुस्त

# छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

बहराइच। महिला महाविद्यालय बहराइच में मिशन शक्ति अभियान के तहत मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. रीमा शुक्ला के निर्देशन में महिला सुरक्षा और पुलिस की भूमिका, विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके सिखाए। छात्राओं ने पुलिस विभाग से आई टीम के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। थाना प्रभारी सत्येंद्र बहादुर सिंह तथा एंटी रोमियो स्क्वायड टीम भी उपस्थित रही।

# किशोर और किशोरी क्लब गठन की मांग

बहराइच। ग्राम पंचायतों में किशोर व किशोरी क्लब गठन को लेकर सरकार संजीदा हुई है। प्रशिक्षण से लेकर उनको प्रोत्साहित करने तक के लिए बजट का आवंटन जिले पर किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्लब गठन न होने पर गुरुवार को सदभावना संस्था के पदाधिकारियों ने सीएमओ को मांग पत्र सौंपा। जिसमें क्लब गठन कर सूची उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

# डीएम और एसपी ने किया कार्यालय का उद्घाटन



बाँडी थाने में नवनिर्मित थाना प्रभारी कार्यालय का उद्घाटन करते डीएम डा. दिनेश चंद्र एसपी केशव कुमार चौधरी ● जागरण

# कच्ची शराब बरामद, मुकदमा

**संसू, मोतीपुर (बहराइच) :** ग्राम बोझिया, मंझाव व कंचनपुर थाना मोतीपुर व मुर्तिहा में दबिश के दौरान 40 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो पर मुकदमा दर्ज किया गया। मौके पर 600 किलोग्राम लहन नष्ट कर दिया गया। गांव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नंबर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर सूचना देने की अपेक्षा की गई।

# कौड़ियाला नदी में समाई 16 एकड़ जमीन

**संसू, विछिया/कैसरगंज बहराइच** : घाघरा व कौड़ियाला नदी का जलस्तर घटने के बाद कटान तेज हो गई है। किसानों की हरी-भरी फसलें धारा में समाहित हो रही हैं।

मिहींपुरवा तहसील के भरथापुर गांव में किसानों की लगभग 16 एकड़ जमीन नदी की तेज धारा में समा गई है। गांव के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। राजाराम, रामसूरत, सुरेश चंद्र, राकेश, शत्रोहन, राधेश्याम, सुगंती, राम मनोरथ, केशवराम, वीरेंद्र, घनश्याम आदि की धान, सरसों हल्दी व मेंथा की फसलें जमींदोज हो गई। कटान के भय से कंगल, सुगंती, राधेश्याम, प्रमोद, विनोद, श्याम प्रकाश, कढ़ाई लाल, सुरेश, टीकाराम, कमलेश व रामसूरत ने अपना आशियाना उजाड़ कर सुरक्षित स्थान पर शरण ले ली है। किसानों ने बताया कि अब उनके पास खेती करने के लिए जमीन नहीं बची है। कैसरगंज तहसील के ग्यारह सौ रेती में घाघरा की कटान तेज हो गयी है। लोग अपनी घर गृहस्थी समेट कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। गांव जाने वाला मार्ग कटान के मुहाने पर है। कटान इतनी तेजी से हो रही है कि गांव का संपर्क तहसील मुख्यालय से कटने वाला है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। स्कूलों के निकट घाघरा पहुंच गई है। 12 घर व 100 बीघे भूमि घाघरा में समा चुकी है।

हरीश, रामेश्वर, कृष्ण मुरारी, वीरेंद्र कैलाश, विशाल, रेवती आदि के खेत कट चुके हैं। सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कटान प्रभावित क्षेत्र में बोल्डर डलवाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। एसडीएम महेश कुमार कैथल ने बताया कि कटान पर नजर रखी जा रही है। सर्वे कराया जा रहा है। हर पीड़ित की मदद की जाएगी।



भरथापुर मे कटान करती कौड़ियाला नदी • जागरण

## एसडीएम ने जाकर ली नुकसान की जानकारी

**महसी** : उप जिलाधिकारी रामदास ने बाढ़ प्रभावित गंगापुरवा, रमवापुर स्थित खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति देखी। किसानों से नुकसान के बारे में जानकारी ली। कहा कि क्षति का आकलन कर किसानों को अहेतुक सहायता दिलाई जा रही है। उन्होंने सर्वे कर जल्द फीडिंग पूरा कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर लेखपाल अखिलेश मिश्र, राम बहादुर शुक्ल, धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

*********

# 400 बोरी नकली डीएपी बरामद, मुकदमा

जासं, बहराइच : सस्ते दर पर खाद बेचने की शिकायत मिलने के बाद जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने दरगाह रोड पर गल्ला मंडी के निकट सलारपुर में उर्वरक की दुकान पर छापा मारा। टीम की अगुवाई जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय एवं तहसीलदार सदर राजकुमार कर रहे थे।

जिला कृषि अधिकारी को सस्ते दर पर खाद बेचे जाने की सूचना से नकली खाद के कारोबार का संदेह हुआ। उन्होंने सूचना जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र को दी। उनके निर्देश पर टीम गठित कर छापेमारी का निर्णय लिया गया। छापे में अब्दुल कलाम की दुकान पर स्मार्ट जिप्सम दानेदार की 102 बोरी, इफ्को डीएपी की 83 बोरी, सरदार डीएपी की नौ बोरी, नवरत्न डीएपी की 120 बोरी, खेतान एसएसपी की 500 बोरी, खेतान एसएसपी पाउडर की 15 बोरी, 90 बाल्टी जाइन पकड़ी गई। इसके अलावा दुकान में उपलब्ध शक्तिमान यूरिया 217 बोरी, किसान यूरिया 63 बोरी, रामबाण एसएसपी पाउडर 18 बोरी, दानेदार एसएसपी दो बोरी, शक्तिमान ऊर्जा 32 बोरी, किसान सल्फर 41 पैकेट भी दुकान में मौजूद मिला, जिसे सीज कर दिया गया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी की अनुमति मिलने के बाद खाद विक्रेता के खिलाफ दरगाह थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। उन्होंने बताया कि नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ अभियान और भी तेज किया जाएगा। इसके लिए तहसील स्तर पर छापामार दस्ते का भी गठन किया जाएगा।



गल्ला मंडी के निकट खाद दुकान पर छापेमारी करते कृषि अधिकारी सतीश पांडेय • जागरण

**1,046** बोरी दुकान में रखी खाद सीज, जिला कृषि अधिकारी व तहसीलदार की अगुवाई में हुई कार्रवाई

## 600 ग्राम चरस के साथ दो को दबोचा

**बहराइच।** कोतवाली देहात पुलिस ने दो आरोपियों को 600 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि टिकोरा मोड़ पर दो संदिग्धों को रोककर तलाशी ली गई। दोनों के पास से 300-300 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हेमरिया गांव निवासी सुभाष और फखरपुर थाना क्षेत्र के कंठूपुरवा निवासी शहजादे के रूप में हुई है। दोनो आरोपियों पर एनडीपीसी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# 10 अपराधियों पर रखा 2.05 लाख का इनाम

## सभी हरदी के निवासी, कोर्ट ने जारी किया वारंट

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** बलवा, हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा डालने, लोक सेवक पर हमला, एससी-एसटी एक्ट, खनन आदि मुकदमों में फरार चल रहे हरदी थाना क्षेत्र के 10 अपराधियों पर पुलिस ने दो लाख पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। सभी 10 अपराधियों के खिलाफ न्यायालय की ओर से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके बावजूद गिरफ्तारी न हो पाने पर पुलिस उप महानिरीक्षक के आदेश पर एसपी, गोंडा ने इनाम की घोषणा की है। मामलों की विवेचना भी गोंडा अपराध शाखा कर रही है।

हरदी थाना क्षेत्र निवासी राजन मिश्रा, पप्पू, रजनीश मिश्रा, प्रीतम मिश्रा, विकास मिश्रा, मोल्हे उर्फ देव शर्मा, महेश मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, विष्णु शर्मा और वीरेंद्र मिश्रा कई मुकदमों में वांछित हैं और फरार चल रहे हैं। प्रकरण की विवेचना गोंडा अपराध शाखा कर रही है। सभी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके बावजूद गिरफ्तारी करने में पुलिस नाकाम रही है।

पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल ने एसपी गोंडा को सभी पर इनाम घोषित करने के लिए निर्देशित किया था। एसपी गोंडा की ओर से राजन मिश्रा पर 25000 और पप्पू, रजनीश मिश्रा, प्रीतम मिश्रा, विकास मिश्रा, मोलहे उर्फ देव, महेश मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, विष्णु शर्मा और वीरेंद्र मिश्रा पर 20000-20000 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

## एनसीडी क्लीनिक पर होगा इलाज, मिलेंगी दवाएं

**फखरपुर (बहराइच)।** उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर व हृदय रोग समेत अन्य गंभीर बीमारियों की जांच व इलाज की सुविधा अब फखरपुर सीएचसी पर भी लोगों को मिल सकेगी। इसके लिए फखरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को सीएमओ डॉ. एसके सिंह ने एनसीडी क्लीनिक का शुभारंभ किया। सीएमओ ने कहा कि एनसीडी क्लीनिक में सीएचसी प्रभारी ही इलाज करेंगे। (संवाद)

# छात्राओं को दी सुरक्षा उपायों की जानकारी

**बहराइच।** महिला पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को महिला सुरक्षा और पुलिस की भूमिका विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को एंटी रोमियो स्क्वायड की टीम ने सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्राएं व महाविद्यालय की प्रवक्ता मौजूद रहीं। मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. रीमा शुक्ला के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ।

थाना प्रभारी सत्येंद्र बहादुर सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इसके थ ही उन्हें सजग व जागरूक रहने की भी सलाह दी। एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं को टीम के सामने रखा। जिस पर टीम सदस्यों ने उनका निस्तारण किया। थाना प्रभारी ने भी छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया। कार्यक्रम के अंत में मिशन शक्ति प्रभारी डॉ.रीमा शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अमृता मिश्रा, डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. सायरा, डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. सरिता यादव, डॉ. सीमा आदि मौजूद रहीं। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-11-2022

बच्चों ने पोस्टर बनाकर दिया
यातायात सुरक्षा का संदेश



# चोरी का वांछित डेढ़ लाख की चरस के साथ बंदी

श्रावस्ती। मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह शुक्रवार को मुखबिर खास सूचना पर पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे जसवन्त कुमार वर्मा पुत्र राम कुमार वर्मा निवासी सिटकहना थाना मल्हीपुर को मानूडीह आम के बाग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 500 ग्राम चरस व दो हजार रुपये नकद बरामद हुआ।

# भारी मात्रा में प्रतिबंधित मछली बरामद

जमुनहा। थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने पुलिस बल के साथ गुरुवार की रात में साइफन पुल के पास घेराबंदी कर तलाशी की। जिसमें तीन तस्करों के साथ तीन कुन्तल प्रतिबंधित थाई मंगूर मछली बरामद हुई। पूछताछ में कुलीम अहमद पुत्र अकबर अली, नूर मोहम्मद पुत्र अली अहमद व बारिस अली पुत्र छुर्रा निवासी इंदवा टिकुइया थाना मल्हीपुर के रूप में हुई।

## 93 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** जिले की पुलिस की ओर से एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर पुलिस ने 121 वाहन का ई-चालान किया। इस दौरान शमन शुल्क के रूप में 1,07,100 रुपये वसूले गए।(वि.)

## जवानों को लगवाई दौड़

**श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों को दौड़ लगवाई। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई।(वि.)

# तीन क्विंटल प्रतिबंधित थाई मांगूर बरामद

**जासं, श्रावस्ती :** मल्हीपुर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान पिकप वाहन से तीन क्विंटल प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर मत्स्य विभाग की देखरेख में इसे नष्ट कराया गया। आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर निकली थी। इसी दौरान जमुनहा क्षेत्र में साइफन पुल के पास पिकप वाहन को रोका। इसकी तलाशी ली गई तो तीन क्विंटल प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद हुई। बहराइच जिले के नानपारा क्षेत्र के बड़ा भुलौरा मझौवा निवासी कलीम अहमद और नूर मुहम्मद तथा मल्हीपुर क्षेत्र के इंदवा टिकुइया निवासी वारिस खान को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया।



मल्हीपुर पुलिस की ओर से बरामदकीगई थाई मांगुर मछली ● जागरण

# थानेदार ने भाजपा मंडल अध्यक्ष से की अभद्रता

## एसएचओ पर कार्रवाई की कर रहे मांग **सीओ के हस्तक्षेप पर** शांत हुआ विवाद

**संसू, सिरसिया (श्रावस्ती) :** एक मामले में सिरसिया थाने पर पैरवी करने गए भाजपा के मंडल अध्यक्ष के साथ थानाध्यक्ष ने अभद्रता की। इससे नाराज भाजपा जिला पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने सड़क पर बैठकर धरना शुरू कर दिया। भाजपाई थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग करने लगे।

भाजपा के सिरसिया मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा शुक्रवार को क्षेत्र के किसी मामले की पैरवी में थाने गए हुए थे। उनका आरोप है कि एसएचओ ने उनके साथ अभद्रता करते हुए कहा कि वर्दी न पहने होता तो यहीं गिराकर तुम्हें मारता। मंडल अध्यक्ष ने इसकी सूचना जिलाध्यक्ष महेश मिश्र ओम को दी।

कार्यकर्ता से अभद्रता की सूचना पर जिलाध्यक्ष के साथ महामंत्री पुरुषोत्तम कौशल, पूर्व महामंत्री रणवीर सिंह, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, दीनानाथ गुप्त, जिला मंत्री अजयकांत पटेल, जनार्दन प्रसाद, उदय त्रिपाठी समेत अन्य कार्यकर्ता थाने पर पहुंच गए। मामले से एसपी अरविंद कुमार मौर्य को भी अवगत कराया गया। थाने के सामने सड़क पर बैठकर कार्यकर्ताओं ने धरना शुरू कर दिया। पूर्व महामंत्री रणवीर सिंह ने कहा कि मंडल अध्यक्ष संगठन का महत्वपूर्ण कार्यकर्ता है। किसी भी कार्यक्रम के लिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों में मंडल अध्यक्ष को ही संपर्क के लिए भेजा जाता है। कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सीओ के आश्वासन पर माने भाजपाई :** सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे धरना स्थल पर पहुंचे। दो चरणों में पदाधिकारियों से वार्ता हुई। 24 घंटे में एसएचओ पर कार्रवाई करते हुए स्थानांतरण करने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश मिश्र ओम ने बताया कि 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो पुनः धरना दिया जाएगा।



सिरसिया थाने के सामने सड़क पर धरने पर बैठे भाजपाइयों को समझाते सीओ अतुल कुमार चौबे (दाएं) ● जागरण

### अप्रशिक्षित जवानों को ड्यूटी पर लगाने का आरोप

**जासं, श्रावस्ती :** जमुन्हा क्षेत्र के भजोरेपुरवा निवासी बुधराज पाठक ने डीएम को पत्र देकर जिला युवा कल्याण अधिकारी पर अप्रशिक्षित पीआरडी जवानों को ड्यूटी पर लगाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना प्रशिक्षण प्राप्त भेला गांव व बदला वैद्यनाथपुर गांव निवासी पीआरडी जवानों की ड्यूटी नियम विरुद्ध तरीके से लगाई जा रही है। उन्होंने जवानों की ओर से लिए गए मानदेय की वसूली कराने की भी मांग की है। उनका कहना है कि जब उन्होंने इस संबंध में जनसूचना मांगी, तो विभाग की ओर से बताया गया कि वांछित सूचनाएं कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

# 500 ग्राम चरस और रुपयों के साथ दबोचा गया आरोपित

**जासं, श्रावस्ती :** मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपित को चरस व चोरी के रुपयों के साथ दबोच लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान चोरी के मामले में फरार चल रहे सिटकहना गांव निवासी जसवंत कुमार वर्मा को मानूडीह आम के बाग से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 500 ग्राम चरस व चोरी के दो हजार रुपये बरामद हुए। एसपी ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध चोरी व मादक पदार्थों की तस्करी समेत लगभग छह मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उपनिरीक्षक सुरेश कुमार साहनी, मुख्य आरक्षी जितेंद्र यादव, जय प्रकाश यादव व आरक्षी ज्ञानेंद्र शुक्ल शामिल रहे।



मल्हीपुर थाने में पुलिस हिरासत में फरार चोरी का आरोपित ● जागरण

# शांतिभंग के आरोप में चार गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने बृहस्पतिवार को अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई की गई। बाद में उप जिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया गया। वहीं, पुलिस ने 93 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया। 107100 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

# युवतियों को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के दौरान गांवों में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। टीम द्वारा महिलाओं व युवतियों को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए नियमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी के क्रम में शुक्रवार को शक्ति मोबाइल द्वारा खरगौरा मोड़, भारी गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। जहां टीम में शामिल महिला आरक्षी संज्ञा भारती, अर्जिता यादव व सोनी द्वारा वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई। संवाद

# एसपी ने रैतिक परेड की सलामी ली

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन, भिनगा में शुक्रवार को परेड का आयोजन किया गया। एसपी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने की नसीहत देते हुए सलामी ली। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहना चाहिए। इसके लिए न सिर्फ सभी नियमित दौड़ लगाएं बल्कि नियमित योगाभ्यास भी करें। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक को कमियां दूर करने का निर्देश दिया। इसके बाद पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। साथ ही कमियां दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देश दिया। इसके बाद जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर शाखा, मालखाना आदि का निरीक्षण किया। भोजनालय पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता भी जांची। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सतीश कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा

**श्रावस्ती।** शुक्रवार को बैंकों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने सीसीटीवी, सायरन व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। लोगों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाने व सैनिटाइजर का प्रयोग करने को जागरूक किया। संवाद